




# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026



सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



वर्ष 35 अंक 298 | कोरबा, रविवार, दिनांक 28 जुलाई 2024 डाक 29 जुलाई 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा**
दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी मार्लेना कालकाजी गढ़ी में मेगा पीटीएम के दौरान सरकारी स्कूल के छात्रों और उनके अभिभावकों से बातचीत करती हुई



**देश-विदेश**
30 जुलाई को जंतर-मंतर पर आप का हल्ला बोल शीर्ष नेताओं की बड़ी बैठक में तैयार हो गई रणनीति



**फीचर पेज**
वेट लॉस और फैट लॉस में अंतर समझना बेहद जरूरी, कई लोग करते हैं ये गलती






## चित्रकूट में बड़ा हादसा, पत्थर की खदान का मलबा धंसा

### एक की मौत- कई लोगों के दबे होने की आशंका

**चित्रकूट , 28 जुलाई ।**

यूपी के चित्रकूट में रविवार को भरतपुर घोड़ा पहाड़ में बड़ा हादसा हो गया। थाना भरतपुर के घोड़ा पहाड़ में पत्थर के खदान का मालवा धंसने से एक मजदूर के मौत हो गई। मरने वाला जेसीबी चालक राकेश बताया जा रहा है। घटनास्थल पर जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन और पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह पहुंच गए। खदान में और लोगों के दबे होने की आशंका जताई जा रही है। खदान के आसपास का एरिया पुलिस ने पहुंच कर सीज कर दिया। राहत कार्य शुरू कर दिया गया है। जिस खदान में हादसा हुआ है वह पत्थर की गहरी खदान बताई जा रही है। अभी इस संबंध में कोई अधिकारी बोलने को तैयार नहीं है। वहीं मृतक की पहचान 25 वर्षीय राकेश कुमार पुत्र लालाराम के रूप में हुई है। जो कि बांदा जनपद के थाना अतर्रा का रहना वाला है।

## तूफान गेमी से चीन में हो रही भारी बारिश एक घर में मिट्टी धंसने से 11 लोगों की मौत

**बीजिंग 28 जुलाई।** चीन में बारिश के बाद बाढ़ आने से कई इलाकों में तबाही का मंजर देखने को मिल रहा है। रविवार को दक्षिण-पूर्वी चीन में एक घर में मिट्टी धंसने से 11 लोगों की मौत हो गई। दरअसल, ट्रॉपिकल तूफान से हो रही भारी बारिश के कारण पूरा इलाका पानी-पानी हो गया है। शनिवार को शंघाई में एक पेड़ के गिरने से स्कूटर पर सवार एक डिलीवरी बॉय की मौत हो गई।

# मां और धरती मां के लिए कुछ स्पेशल करना होगा पेड़ लगाने के अभियान से जुड़ें देशवासी: पीएम

**नईदिल्ली, 28 जुलाई [एजेंसी]।**



पीएम मोदी हर बार की तरह आज देशवासियों से मन की बात कर रहे हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा कि इस समय पूरी दुनिया में पेरिस ओलंपिक छाया हुआ है। मोदी ने कहा कि ओलंपिक हमारे खिलाड़ियों को विश्व पटल पर तिरंगा लहराने का मौका देता है, देश के लिए कुछ कर गुजरने का मौका देता है। पीएम ने इस पर लोगों से अपील करते हुए कहा कि आप भी अपने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाइए। कार्यक्रम में पीएम मोदी ने इसके बाद अंतर्राष्ट्रीय गणित ओलंपियाड के छात्रों से बात की। पीएम ने कहा कि कुछ दिन पहले मैथ्स की दुनिया में भी एक ओलंपियाड हुआ है। इस ओलंपियाड में भारत के छात्रों ने बहुत शानदार प्रदर्शन किया है। पीएम ने बताया कि इसमें हमारी टीम ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए चार गोल्ड मेडल एक सिल्वर मेडल जीता है। पीएम ने कहा कि International Mathematics Olympiad में 100 से ज्यादा देशों के युवा हिस्सा लेते हैं और संपूर्ण टैली में हमारी टीम टॉप फाइव में आने में सफल रही है। पीएम ने इसी के साथ देश का नाम रोशन करने वाले छात्रों से बात की। पुणे के रहने वाले आदित्य वेंकट गणेश, पुणे के ही सिद्धार्थ चोपड़ा, दिल्ली के अर्जुन गुप्ता, ग्रेटर नोएडा के कनव तलवार, मुंबई के रुशील माथुर और गुवाहाटी के आनंदो भादुरी से पीएम ने बात की। पीएम ने आगे कहा कि हमें अपनी मां और धरती मां के लिए कुछ स्पेशल करना चाहिए। पीएम ने कहा कि इसी को देखते हुए हम देशवासियों के मां के नाम पेड़ लगाने के अभियान से जुड़ना चाहिए। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत इंदौर में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत एक ही दिन में दो लाख पेड़ लगाए गए और रिकॉर्ड बनाया गया।

## सीएम विष्णुदेव साय ने रामेन डेका को छत्तीसगढ़ के राज्यपाल नियुक्त होने पर दी बधाई



**रायपुर, 28 जुलाई [एजेंसी]।**

सीएम विष्णुदेव साय ने रामेन डेका को छत्तीसगढ़ के राज्यपाल नियुक्त होने पर बधाई दी। सीएम ने एक्स पर लिखा, आदरणीय श्री रामेन डेका जी को छत्तीसगढ़ के राज्यपाल नियुक्त होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। निश्चित ही एक संरक्षक के रूप में आपके विशाल सामाजिक, राजनीतिक एवं संसदीय अनुभव का लाभ 3 करोड़ छत्तीसगढ़वासियों को मिलेगा। समस्त छत्तीसगढ़वासी आपका हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन करते हैं। वे मूलतः असम के हैं। भाजपा की टिकट पर लगातार 2 बार सांसद निर्वाचित हुए हैं। भाजपा के संस्थापक सदस्य रहे डेका प्रदेश अध्यक्ष भी रह चुके हैं। छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रामेन कुमार डेका छत्तीसगढ़ के नए राज्यपाल नियुक्त किए गए हैं। इस आशय का आदेश राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू ने जारी किए हैं। रामेन कुमार डेका की नियुक्ति वर्तमान राज्यपाल विश्व भूषण हरिचंदन की जगह की गई हैं। पदभार ग्रहण करने के साथ ही इनका कार्यकाल प्रभावी हो जाएगा। रामेन कुमार डेका असम में भाजपा के संस्थापक सदस्यों में से रहें हैं। असम जनता पार्टी के महासचिव, भाजपा प्रवक्ता, रहने के अलावा असम के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भी रहे हैं। लगातार दो बार सांसद निर्वाचित हुए हैं। वर्तमान में भाजपा के राष्ट्रीय सचिव हैं। रामेन कुमार डेका का जन्म 1 मार्च 1954 को असम के सुआलकुची, कामरूप ( आर) में हुआ हैं। उनके पिता का नाम स्वर्गीय सुरेंद्र नाथ डेका और माता का नाम स्वर्गीय चंपाबती डेका हैं। उन्होंने बीए की डिग्री दर्शनशास्त्र और अर्थशास्त्र विषय में प्राग्ज्योतिष कॉलेज, गुवाहाटी विश्वविद्यालय गुवाहाटी असम से पढ़ाई पूरी कर प्राप्त की। उनका पेशा व्यापार हैं। रामेन कुमार डेका ने भाजपा की छात्र इकाई अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से अपने राजनैतिक जीवन की शुरुआत की थी। वे पूर्वांचल में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के महासचिव थे। इसके अलावा होलसेल जनरल मर्चेंट्स एसोसिएशन के महासचिव भी रहे। नॉर्थ ईस्ट डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन के सलाहकार भी रहे। 1974 से 1975 तक गुवाहाटी विश्वविद्यालय कोर्ट के सदस्य रहे। 1998 में उन्हें भारत सरकार के वाणिज्य मंत्रालय द्वारा एपीईडीए पुरस्कार भी मिला। इसके अलावा वे नॉर्थ ईस्टर्न हिल यूनिवर्सिटी, शिलांग और मिजोरम सेंट्रल यूनिवर्सिटी, आइजोल के कोर्ट सदस्य भी रहें थे।

## दिल्ली कोचिंग हादसे के बाद राऊ आईएएस का मालिक और कोऑर्डिनेटर हिरासत में, कई धाराओं में मामला दर्ज

**नईदिल्ली, 28 जुलाई [एजेंसी]।**



दिल्ली के ओल्ड राजिंदर नगर में भारी बारिश के कारण एक कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में पानी भर जाने से यूपीएससी के तीन छात्रों की मौत हो गई। कोचिंग में हुई इस घटना की तत्काल कार्रवाई की मांग करते हुए यूपीएससी के छात्रों ने रात भर विरोध प्रदर्शन किया। इस बीच दिल्ली पुलिस ने करोल बाग स्थित राऊ आईएएस स्टडी सर्किल के मालिक और कॉरडिनेटर को हिरासत में लिया है। राऊ के आईएएस कोचिंग संस्थान, बिल्डिंग के प्रबंधन और ड्रेनेज सिस्टम के रखरखाव के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 105, 106 (1), 115 (2), 290 और 35 के तहत मामला दर्ज किया है। तीन यूपीएससी उम्मीदवारों की मौत के बाद डीसीपी सेंट्रल एम हर्षवर्धन और एडिशनल डीसीपी सचिन शर्मा दिल्ली के ओल्ड राजिंदर नगर पहुंचे है। यह पता लगाने के लिए जांच की जाएगी कि पानी बेसमेंट में कैसे पहुंचा और वहां क्लासेस क्यों चल रही थीं।

## दुकान में गैस सिलेंडर की अवैध बिक्री, हुई बड़ी घटना

**मुंबई 28 जुलाई।** मुंबई के विक्रोली इलाके में शनिवार रात एक बड़ा हादसा हुआ। जिसमें घायल हुए दो लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। उनका इलाज अस्पचाल में चल रहा है। घटना मुंबई के श्रीराम सोसाइटी की है। सोसाइटी में सिलेंडर विस्फोट के कारण आग लगने से दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना को लेकर जारी एक बयान में बीएमसी ने कहा, मुंबई के विक्रोली इलाके की श्रीराम सोसाइटी में सिलेंडर विस्फोट के कारण आग लगने से दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

## दर्शनार्थियों से भरे मालवाहक ऑटो व यात्री बस की टक्कर में तीन की मौत, 19 लोग घायल



**मिर्जापुर, 28 जुलाई [एजेंसी]।**

उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जिले में बड़ा हादसा हुआ है। टूरिस्ट बस ने ऑटो रिक्शा में टक्कर मार दी। हादसे में तीन यात्रियों की मौत हो गई, जबकि नौ लोग घायल हो गए। घायलों में एक की हालत गंभीर है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, विंध्याचल थाने के खम्हरिया दमुआन गांव के सामने रविवार की सुबह मिर्जापुर की ओर से प्रयागराज जा रही टूरिस्ट बस ने मालवाहक ऑटो रिक्शा में टक्कर मार दी। घटना में तीन लोगों की मौके पर मौत हो गई। 10 घायलों को सर्रोई स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, यहां से सभी को मिर्जापुर ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। एक बच्चे की हालत गंभीर बनी है। बताया जा रहा है कि ऑटो रिक्शा में सवार सभी लोग कड़े मानिक से विंध्याचल दर्शन करने जा रहे थे। प्रयगराज के सराय मेमराज के रहने वाले कुछ लोग अपने रिश्तेदारों के साथ कौशाम्बी के कड़े मानिक धाम में दर्शन करने के बाद विंध्याचल दर्शन करने आ रहे थे। 15 लोग मालवाहक ऑटो रिक्शा में सवार थे। सुबह पांच बजे के करीब खम्हरिया दमुआन गांव के सामने मिर्जापुर की तरफ से जा रही टूरिस्ट बस ने ऑटो रिक्शा को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ऑटो रिक्शा के परखच्चे उड़ गए।

घटना में चालक कल्लू चौहान पुत्र स्व श्रीनाथ (60), फोटो देवी पत्नी राधेश्याम (52), रेशमा पत्नी मुलायम (28) की मौके पर मौत हो गई। हादसे का शिकार सभी लोग थानापुर थाना सराय मेमराज, प्रयागराज के हैं। 10 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सर्रोई स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, यहां से ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। एक बच्चे की हालत गंभीर बताई जा रही है।

## हाथरस में हादसा: राजस्थान से सोरों जा रही बस पलटी, 14 यात्री घायल



**हाथरस।** राजस्थान से सोरों जा रही निजी बस रविवार की सुबह जिले के गांव रति का नगला के पास पलट गई। हादसे का कारण चालक का नींद आना बताया गया है। इसमें 14 यात्री घायल हुए हैं। इनमें अधिकांश राजस्थान के हैं। हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। जानकारी मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सिकंदराराऊ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। कुछ लोगों को गंभीर हालत में इलाज अके लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया। एक स्लीपर बस रविवार सुबह हाथरस की ओर से बरेली की तरफ जा रही थी। बस में करीब 50 यात्री सवार थे। बस सिकंदराराऊ रोड पर रति का नगला के पास पहुंची तो इस दौरान वह बेकाबू हो गई। कुछ दूर जाने के बाद वह रोड के किनारे पलट गई। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। लोगों ने पुलिस को हादसे की जानकारी दी।

## कांवड़ यात्रा पर आतंकी हमले का खतरा एटीएस तैनात, ड्रोन से हो रही निगरानी




**मुजफ्फरनगर, 28 जुलाई [एजेंसी]।**

कांवड़ यात्रा की सुरक्षा के लिए कड़े इंतजाम शुरू कर दिए गए हैं। आस्था के केंद्र शिव चौक को एटीएस के हवाले कर दिया गया। टीम ने भ्रमण कर व्यवस्था देखी। एसएसपी अभिषेक सिंह ने कहा कि इस बार यात्रा संवेदनशील है, जिसके चलते सुरक्षा के कदम उठाए जा रहे हैं। पुलिस ड्रोन से निगरानी कर रही है। एटीएस की टीम ने पैदल मार्च कर सुरक्षा इंतजाम का जायजा लिया।

एसएसपी अभिषेक सिंह ने बताया कि संवेदनशील स्थिति को देखते हुए सुरक्षा के कड़े कदम उठाए जा रहे हैं। पुलिस मुख्यालय से सुरक्षा एजेंसी की टीम को तैनात करने का पत्र मिलने के बाद एटीएस कमांडो शिव चौक, मीनाक्षी चौक, अस्पताल तिराहा समेत कई संवेदनशील स्थानों पर तैनात किए गए हैं। मुजफ्फरनगर के शिव चौक से हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों के कांवड़ियां परिक्रमा कर आगे बढ़ते हैं। शहर के लोग रात के समय झांकियां देखने के लिए यहां पहुंचते हैं। पुलिस मुख्यालय से सुरक्षा एजेंसी की टीम को तैनात किए जाने के लिए पत्र भेजा गया था। सूत्र बताते है कि खुफिया एजेंसियों को आतंकी हमले से संबंधित इनपुट भी मिला था। इस बारे में अधिकारियों को अवगत कराया था। इसी के चलते जिले को अब एटीएस कमांडो की एक टीम मिली है। शिव चौक पर तैनात एटीएस कमांडो टीम को एसएसपी अभिषेक सिंह ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एसपी सिटी सत्य नारायण प्रजापत ने बताया कि इस टीम को शिव चौक, मीनाक्षी चौक, अस्पताल तिराहा सहित अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर तैनात किया गया है। सुरक्षा की दृष्टि से जनपद पुलिस के अतिरिक्त एक कम्पनी रेपिड एक्शन फोर्स, छह कम्पनी पीएसी व फ्लड यूनिट तैनात है।

## सैकड़ों फैक्ट्रियां होगी बंद, वहज महंगी बिजली



**रायपुर।** बिजली दरों में हुई 25 प्रतिशत बढ़ोतरी के विरोध में उद्योगपतियों ने मोर्चा खोला दिया है। उद्योपतियों का कहना है कि महंगी बिजली के कारण उद्योगों के सामने एक बड़ा संकट पैदा हो गया है और इसके चलते 29 जुलाई की रात से सभी फैक्ट्रियां बिजली दर में बढ़ोतरी के विरोध में बंद हो जाएंगी। सोमवार रात से बंद होने वाली फैक्ट्रियों में मिनी स्टील प्लांट व फेरो एलाय फैक्ट्रियां रहेगी, इनकी संख्या करीब 200 है। उद्योगपतियों का कहना है कि सोमवार को इस मामले में मुख्यमंत्री से मुलाकात भी की जाएगी। छत्तीसगढ़ स्पंज आयरन एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल नचरानी ने बताया कि बिजली दर में बढ़ोतरी उनके लिए एक बड़ी समस्या बन गई है। इसके चलते उद्योगों की उत्पादन लागत काफी ज्यादा बढ़ गई है और हर उद्योग को 25 लाख से लेकर 2.5 करोड़ तक का ज्यादा खर्च करना पड़ रहा है। फैक्ट्रियां बंद होती है तो इसका प्रभाव प्रदेश की अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा, साथ ही बेरोजगारी पर भी पड़ेगा। सीएसपीडीसीएल का 60 प्रतिशत लोड हमारे उद्योगों द्वारा ही आता है।

## जिला अस्पताल पानी-पानी, बदतर हालात देखकर मरीज परेशान

**दंतेवाड़ा।** करोड़ों की लागत से निर्मित दंतेवाड़ा के जिला अस्पताल में अव्यवस्था थमने का नाम नहीं ले रही है। अंचल में लगातार हो रही बारिश के चलते जिला अस्पताल के भीतर पानी घुसा आ रहा है। अस्पताल में टपकते पानी को रोकने जगह-जगह बाल्टी और टब लगाए गए हैं। अस्पताल में अव्यवस्था अनगिनत है। वहीं दंतेवाड़ा के कुआकोंडा गांव के अस्पताल की हालत बदतर होते नजर आ रही है। इस जिला अस्पताल के वार्ड के छत से पानी टपक रहा है।

## *एसडीओ खाद्य निरीक्षक और पीएचई को नोटिस जारी*

***जशपुर ।*** *जिले के पत्थलगांव में छरूकी घोषणाओं पर अमल करने कांसाबेल में एक बैठक आयोजित की गई थी। वहीं इस बैठक में संयुक्त कलेक्टर ने बगीचा PHE, SDO और कांसाबेल खाद्य निरीक्षक को नोटिस जारी किया। जानकारी मुताबिक इन अधिकारियों को बैठक में नदारद रहने की वजह से नोटिस जारी किया गया है। दरअसल, खाद्य निरीक्षक कांसाबेल अनूप कुजूर को बैठक में अनुपस्थित रहने के कारण, 'कारण बताओं नोटिस' जारी किए जाने के लिए निर्देशित किया गया। स्कूलों की व्यवस्था के संदर्भ में आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र का दस्तावेज संकलित कर शीघ्र बनाए जाने के लिए निर्देशित किया गया। साथ ही शिविर आयोजित कर उपरोक्त कार्य को निर्धारित दिवस में पूर्ण किए जाने के लिए निर्देशित किया गया।*


**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**

**चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार**

**डॉ.आर.के.अग्रवाल**
M.B.B.S.D.V.D.FDS
(Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010

-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद )

**डॉ.शशि अग्रवाल**
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894

सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।

मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


## बारिश का कहर: राजस्थान-मध्य प्रदेश सहित 17 राज्यों में अलर्ट, उत्तराखंड में हाईवे बहा, भूस्खलन में चार की मौत

**नईदिल्ली, 28 जुलाई [एजेंसी]।**



देश में मानसूनी बारिश का कहर जारी रहा। उत्तराखंड से लेकर गुजरात और महाराष्ट्र तक लगातार हो रही भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त है। दोनों राज्यों में कई बस्तियां जलमग्न हैं। वहीं, उत्तराखंड में सोन गंगा नदी के उफान से रुद्रप्रयाग-गौरीकुंड राष्ट्रीय राजमार्ग का 100 मीटर हिस्सा बह गया। इस दौरान हाईवे के दोनों तरफ वाहनों के साथ ही यात्रियों की लंबी कतार लगी रही।

उधर, गढ़वाल क्षेत्र में भूस्खलन के मलबे से घर ढह गया, जिसमें दबने से मां-बेटी की मौत हो गई। वहीं, घनसाली में धर्मगंगा के उफान में मां-बेटी बह गए। भारतीय मौसम विभाग ने शनिवार को 17 राज्यों में बहुत भारी बारिश का अलर्ट जारी किया। रुद्रप्रयाग में शनिवार सुबह तक हुई मूसलाधार बारिश से सोन गंगा नदी उफना गई। सोनप्रयाग में एक्रो पुल से पहले रुद्रप्रयाग-गौरीकुंड हाईवे का 100 मीटर हिस्सा नदी में बह गया। गनीमत रही कि इस दौरान हाईवे के इस हिस्से पर छोटे वाहनों के साथ कोई पैदल आवाजाही नहीं हो रही थी। बिजली के पोल ध्वस्त हो गए। बिजली की आपूर्ति के लिए वैकल्पिक इंतजाम किए गए। प्रशासन, पुलिस और डीडीआरएफ ने दूसरी ओर रोके गए 2,500 लोगों को सुरक्षित निकाला। मौसम विभाग ने गोवा, गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, राजस्थान और कर्नाटक में बहुत भारी बारिश का अनुमान जताया है। वहीं, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, चंडीगढ़, तमिलनाडु, केरल, ओडिशा, झारखंड और पश्चिम बंगाल में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। मध्य प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, कर्नाटक के तटीय क्षेत्रों में अगले दो दिनों तक मूसलाधार बारिश का अनुमान है। मौसम विभाग ने मध्य भारत में अगले दो दिनों तक भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना व्यक्त की है। गुजरात में लगातार हो रही भारी बारिश के चलते कई इलाके जलमग्न हो गए हैं। नवसारी में 2,200 और तापी जिले में 500 लोग बाढ़ की चपेट में आ गए। इन 2,700 लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया गया। उधर, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कोल्हापुर और राज्य के अन्य हिस्सों में बाढ़ की स्थिति पर स्थानीय प्रशासन से चर्चा की और उन्हें मदद करने का निर्देश दिया।

# निगम क्षेत्र के वार्डो में शिविर लगाकर किया जा रहा समस्याओं का निदान



कोरबा । जिले के सभी नगरीय निकायों में 27 जुलाई से 10 अगस्त तक जनसमस्या निवारण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। जहां वार्डवार शिविरों का आयोजन कर समस्याओं का निदान किया जा रहा है। आज नगर पालिक निगम क्षेत्रान्तर्गत सात वार्डों में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। वार्ड क्र.10, 14, 24, 28, 35, 43 एवं वार्ड क्रमांक 54 में शिविर लगाया गया। महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद, नगर निगम आयुक्त श्रीमती प्रतिष्ठा ममगई सहित अन्य अधिकारियों द्वारा शिविर का निरीक्षण किया गया। कलेक्टर अजीत वसंत ने जनसमस्या निवारण पखवाड़ा में नागरिकों की समस्याओं को हल करने आयुक्त नगर निगम, विभागीय अधिकारियों, नगर पालिका और नगर पंचायतों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को समुचित इंतजाम के निर्देश दिए हैं। उन्होंने वार्डों में आयोजित शिविरों में महापौर, अध्यक्ष, वार्ड पार्षद सहित अन्य जन प्रतिनिधियों से उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। जिससे शिविर में आने वाले ल ज्यादा से ज्यादा लोगो को लाभांवित किया जा सके। कलेक्टर ने कहा कि वार्डवार जनसमस्या निवारण शिविर का उद्देश्य समस्याओं के निराकरण के साथ ही नागरिकों को जरूरी जन सुविधाएं उपलब्ध कराना भी है। उन्होंने वार्डवार आयोजित होने वाले शिविरों में प्राप्त शिकायतों का तत्परता से निराकरण के निर्देश सभी अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने कहा कि वार्डवार शिविरों के आयोजन से स्थानीय प्रशासन में लंबित शिकायतों का त्वरित निदान होगा और नागरिकों को जरूरी सुविधाएं मिलेंगी। समस्याओं का निराकरण शीघ्रता से होने से सरकार के प्रति लोगों में भरोसा भी बढ़ेगा।

जिले के नगरीय निकायों में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में स्थानीय रहवासियों द्वारा नल कलेक्शन, राशन कार्ड, राष्ट्रीय परिवार सहायता, वृद्धावस्था पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, भवन निर्माण अनुज्ञप्तियां, अनापत्ति प्रमाण पत्र, नामांतरण, स्वरोजगार के प्रकरणजलापूर्ति, लीकेज, नलों में पानी न आना, नालियों व गलियों की सफाई, सार्वजनिक नलों के प्लेटफार्म से पानी बहना, कचरे की सफाई व परिवहन, टूटी-फूटी नालियों की मरम्मत, सड़कों की मरम्मत, स्ट्रीट लाइट्स सुधार जैसी अनेक समस्याएं के आवेदन प्राप्त हुए। जिसका शीघ्रता से निराकरण किया जाएगा।आमजनों को शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं की दी जा रही जानकारीनगरीय निकायों में आयोजित शिविरों में जिला जनसंपर्क कार्यालय द्वारा शासकीय योजनाओं पर आधारित जनमन पत्रिका सहित अन्य ब्रोसर पाम्पलेट का वितरण कर छत्तीसगढ़ सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई एवं योजनाओं का लाभ उठाने हेतु आमजनों से आग्रह किया गया।

# फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया उत्साह







कोरबा। इंडस पबिलक स्कूल-दीपका में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।आयोजित प्रतियोगिता में कक्षा-पहली एवं कक्षा-दूसरी तक के बच्चों ने हिस्सा लिया।विभिन्न कक्षा वर्ग के लिए थीम अलग-अलग विभाजित किया गया था।कक्षा-1 ली के लिए फ्रुट एण्ड वेजिटेबल,कक्षा दूसरी के लिए-प्रोफेशनल प्यूपल्स हू हेल्प अस,कक्षा-युटिलिटि आयटम व इलेक्ट्रानिक आयटम जैसे-टीवी,फ्रीज,वाशिंग मशीन, कम्प्यूटर, मोबाईल इत्यादि थीम रखा गया था।बच्चों ने बढ़चढ़कर इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। जहाँ एक ओर पहली के बच्चों ने विभिन्न प्रकार की सब्जियों के वेश में एवं फलों के वेश में उनका फायदा बताया वहीं ,दूसरी के बच्चों ने अलग-अलग प्रोफेशनल (पेशेवर) व्यक्तियों जैसे-डॉक्टर,वकील,पुलिस, इंजीनियर, टीचर इत्यादि बनकर अपने भविष्य की योजनाएँ उपस्थित जनसमुदाय के समक्ष व्यक्त की।

इसी कड़ी में वियार्थियों के लिए इलेक्टॉनिक गैजेट थीम रखा गया था।दोनों कक्षा वर्ग के बच्चों ने अलग-अलग प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक गैजेट का रुप धारण कर अपनी भावनाएँ व्यक्त की।कोई कम्प्यूटर का महत्व बताता था,कोई वर्तमान परिपेक्ष्य में सबसे महत्वपूर्ण समझी जाने वाली मोबाइल बनकर उसके फायदे और नुकसान बताता था तो कोई फ्रीज एवं वाशिंग मशीन बनकर उसके उपयोग बताता था।

पूरे कार्यक्रम में सभी कक्षा वर्ग के पालकों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को बहूत ही रोचक और उम्दा बना दिया।उपस्थित अभिभावकों ने निरंतर करतल ध्वनि से बच्चों का उत्साह वर्धन किया। अभिभावकों ने प्रारंभ से ही अपनी उपस्थिति विद्यालय में दर्ज कराकर अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर दी थी।सभी ने पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम का आनंद लिया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की शिक्षिका कु. खुशबू एवं कु.मौसमी ने किया। कार्यक्रम के सफल संचालन में विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं का सहयोग रहा।

कार्यक्रम की समाप्ति के पश्चात उपस्थित अभिभावकों के प्रति मंच संचालक कु.खुशबू परवीन ने आभार व्यक्त किया।इस प्रतियोगिता के परिणाम की घोषणा अतिशीघ्र की जाएगी। विजित प्रतिभागियों को सत्रांत में एक विशेष समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा। पूरी प्रतियोगिता के सफल आयोजन में विद्यालय की प्राइमरी एवं प्री प्राइमरी स्तर की शैक्षणिक प्रभारी श्रीमती सीमा सरकार का विशेष सहयोग रहा, जिनके कुशल मार्गदर्शन में कार्यक्रम सफल रहा। विद्यालय के प्राचार्य डॉ संजय गुपता ने कहा कि* फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बच्चों में आत्मविश्वास पैदा कर समयानुरुप उन्हें ढालना है। ताकि वे किसी भी स्थिति में अपनी बात को पूरे आत्मविश्वास के साथ व्यक्त कर सकें। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चे में स्वयं की भावनाओं को व्यक्त करने का भाव जागृत होता है। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बच्चों को वर्तमान के साथ जोड़ना है।

## बारिश ने खोली आत्मनंद स्कूल में घटिया निर्माण की पोल

कोरबा। एक तरफ शासन प्रशासन शिक्षा व्यवस्था को कैसे बेहतर बनाया जाए इसपर नीत नए नए प्रयोग के दृष्टि से योजनाएं बनाए जा रहे है,तो वहीं अधिकारियों की अनदेखी और ठेकेदारों की कार्य के प्रति लापरवाही शासन प्रशासन की मनसा को धराशाई करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है । ऐसा ही एक दृश्य बीते दिन पोड़ी-उपरोड़ा ब्लॉक के ग्राम गुरसियां में संचालित हॉयर सेकेंडरी स्कूल में देखा गया, जहा विगत एक साल पहले स्वामी आत्मानंद स्कूल का दर्जा देकर स्कूल को नवीनीकृत किया गया था । लाखों रूपये लागत से जीर्णोद्वार कर स्कूल को बाहर से तो खूब चमका दिया गया,लेकिन जहां वास्तविकता में कार्य की आवश्यकता थी वहां ठेकेदार एवं प्रबंधन ने ध्यान नहीं दिया साथ ही कार्य प्रगति के वक्त अधिकारियों ने भी छतों की मरम्मत पर ध्यान देना उचित नहीं समझा, जिसके चलते पहली ही बारिश में कक्षा के छत से बरसात का पानी झरने की तरह बहने लगा जिससे कक्षा सहित पूरी स्कूल के अंदर बने परिसर में पानी भर गया है । एक तरफ शासन-प्रशासन के सख्त निर्देश है की किसी सरकारी कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी पर इस तरह के मंजर को देख ऐसा प्रतीत होता है के जमीनी हकीकत कुछ और ही है जो जमीनी स्तर पर जर्जर स्कूलों को सुधारने का दावा को कई जगह खोखला साबित कर रहा है। एक तरफ स्कूल भवन के फर्श पर टाईल्स और दीवारों पर रंग की चमक तो है,लेकिन मूल रूप से जिसे मजबूत बनना था, उस छत से झरने की तरह पानी झर रहा है। ऐसे में चार कमरों वाले विद्यालय में पानी भरने के कारण अध्यापन ठप्प हो गया है। इस पूरे मामले में स्कूल प्रबंधन ने बताया कि एक साल पहले ही आत्मानंद विद्यालय का दर्जा दिया गया जिसके बाद स्कूल का जीर्णोद्धार के दौरान ठेकेदार ने स्कूल भवन के छत की रिपेयरिंग करना जरूरी नहीं समझा। इसमे ठेकेदार की तो लापरवाही है ही साथ ही स्कूल प्रबंधन की लापरवाही थी की उन्हे मरम्मत कार्य के दौरान छत को मरम्मत करा लेना था साथ ही कार्य की निगरानी करने वाले अधिकारी भी उदासीन रहे और कोई संदेह नहीं कि जीर्णोद्धार के काम भी कमीशनखोरी की भेंट चढ़ी होगी । वैसे सिर्फ यह एक विद्यालय ही नहीं बल्कि जिले में अनेक पुराने/उन्नयित सरकारी भवन, स्कूल, आंगनवाड़ी केंद्र, दफ्तर, छत्रावास, आवासीय आदि भवनों में छत का टपकना आम बात है । एक तरफ सरकार चाह रही है के प्रदेश में शिक्षा स्तर बेहतर हो जिससे प्रदेश के बच्चे उच्च शिक्षा प्राप्त कर दुनिया भर में प्रदेश का नाम उज्वल करे,वही शिक्षा की मंदिर में ही अगर इस तरह का लापरवाही हो तो क्या आज के भविष्य को उनका मुकाम मिल पाएगा शिक्षा क्षेत्र में बच्चों को अच्छी शिक्षा देने की सरकार की उम्मीद क्या सफल हो पाएगी।

### कटघोरा व पाली के बीएमओ बदले गए

कोरबा । कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने व्यवस्थापन के तहत आगामी आदेश तक पाली एवं कटघोरा खंड चिकित्सा अधिकारी के प्रभार में परिवर्तन किया है। जारी आदेश के अनुसार डॉ.सी.एल.रात्रे खंड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पाली के स्थान पर डॉ. अनिल सराफ चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पाली को खंड चिकित्सा अधिकारी पाली और डॉ. रूद्रपाल सिंह खंड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कटघोरा के स्थान पर डॉ. रंजना तिर्की शिशु रोग पीजीएमओ कटघोरा को खंड चिकित्सा अधिकारी कटघोरा का प्रभार सौंपा गया है।

## अग्रसेन पब्लिक स्कूल ने अपना 34 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया व कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को किया नमन

कोरबा । श्री अग्रसेन पब्लिक स्कुल ने आज अपना 34वां स्थापना दिवस बडे हर्ष उल्लास के साथ विद्यालय के प्रागंण में मनाया गया कार्यक्रम का शुभारंभ माता सरस्वती व महाराज अग्रसेन कि पूजा अर्चना व दीपप्रज्जवल के साथ कि गई । इस अवसर पर मुख्य अतिथि अग्रवाल सेवा समिति अकलतरा के अध्यक्ष विजय केडिया व विशिष्ठ अतिथि राजेन्द्र अग्रवाल उपस्थित हुए । मंचीय क्रार्यक्रम में श्री अग्रसेन पब्लिक स्कुल के छात्राओं एवं छात्र के शाला नायक को मुख्य अतिथि के हाथों के बैच प्रदान किया व पद की शपथ दिलाई गई । इस अवसर पर श्री अग्रसेन पब्लिक स्कुल के प्राचार्या श्रीमति शोमा सोनी ने अपने उदबोधन में कहा कि विद्यालय के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई प्रेषित की व श्री शिक्षण समिति विद्यालय के अध्यक्ष सीए अखिलेश अग्रवाल ने अपने उदबोधन में कहा कि हम 34वां स्थापना दिवस मना रहे है जिसकी सभी को बधाई व हमें अपने जीवन में अनुशासन के साथ समय का सदउपयोग भी करना चाहिए । हमारे विद्यालय में सभी पूर्व अध्यक्ष को सहयोग महत्वपूर्ण रहा है विशिष्ठ अतिथि के रूप में अग्रवाल सभा के अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल ने अपने उदबोधन में कहा कि मै विद्यालय के स्थापना दिवस की बधाई देता हूं अग्रवाल सभा द्वारा संचालित विद्यालय अपनी नित उच्चाईयों को छू रहा है हमारे विद्यालय के पूर्व पदाधिकारयों कि मेहनत ही आज




हम यह है अकलतरा के पधारे मुख्य अतिथि विजय केडिया ने अपने उदबोधन में कहा कि आज मैं महसूस कर रहा हूँ कि जैसे इन बच्चों के बीच बैठा हूँ मेरे स्कूल के दिनों की याद ताजा हो गई हम विद्यार्थी स्कूल जीवन में विद्यार्थी ही रहें यही हमारा मूलमंत्र होना चाहिए हमें पढाई के लिए अपने आपको पूरी तरीके से लगा देना चाहिए एवं परिश्रम करना चाहिए । बिना मेहनत के सिंह को भी भोजन नहीं मिलता इसी प्रकार अपने लक्ष्य के लिए मेहनत करनी होगी । शिक्षक भी जितनी मेहनत करेगें उतनी ही विद्यालय का नाम उंचा होगा । मुख्य अतिथि के साथ पधारे दीनदयाल अग्रवाल ने भी विद्यालय की प्रशंसा की । इस अवसर पर विद्यलय में सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मान किया गया । छात्र/छात्राओं के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम गणेश वंदना व सावन के शुभ अवसर पर भगवान शिव की स्तुति व डांस प्रस्तुत किया गया । इस अवसर पर 34 वां स्थापना दिवस के अवसर पर विद्यालय के समस्त पदाधिकारी व अग्रवाल सभा के पदाधिकारी के द्वारा केक काटकर खुशियां मनाई गई । इस अवसर पर सी ए त्रिलोकी नाथ बजाज , गोपाल अग्रवाल, गोपाल केडिया, अनुप अग्रवाल, संजय अग्रवाल, मनीश अग्रवाल, अखिलेश अग्रवाल, अंकित केडिया, मनोज अग्रवाल, राजेश केडिया, श्रीमती उमा बंसल, श्रीमती अनिता सिंघल, श्रीमती भगवती अग्रवाल, श्रीमती नेहा पोद्दार, श्रीमती रूचिका अग्रवाल, सुनील जैन, अनिल अग्रवाल स्कूल के शिक्षक एवं शिक्षिकाऐं भारी संख्या में छात्र/छात्राऐं उपस्थित

### अवैध तरीके से सिचाई विभाग के शासकीय क्वार्टर को तोड़कर बना रहे पक्का मकान

बरपाली। बरपाली के सिचाई विभाग के कॉलोनी में किसी व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से शासकीय क्वार्टर को तोड़कर कॉलम ढालकर पक्का मकान बनाया जा रहा है और अब तो लेंटर ढालने की तैयारी में है । इस पूरे मामले की शिकायत ब्लॉक कोंग्रेस कमेटी आई टी विभाग के अध्यक्ष बबलू मारवा द्वारा कलेक्टर से की गई औरऔर प्रतिलिपि एसडीएम व सिचाई विभाग के एसडीओ को भेजी गई है लेकिन अभी तक इस पर प्रशासन व सिचाई विभाग द्वारा कोई कार्यवाही नहीं किया गया और ना ही इस पर रोक लगाई गई। ज्ञात हो कि किसी भी शासकीय भूमि पर बिना अनुमति के अतिक्रमण करना और शासकीय भवन या मकान तोड़ना और निजी मकान निर्माण करना गैरकानूनी कृत्य के अंतर्गत आता है जिसे प्रशासन तुरंत रोक लगा सकती है

## एतमानगर में उत्पादित मछली बीज की पहुँच मध्यप्रदेश तक, किसानों को मिल रहा उच्च कोटि का बीज, मत्स्य पालकों को हो रही अच्छी आय

कोरबा/बांगो। जिले के एतमानगर (बांगो) स्थित शासकीय मत्स्य बीज उत्पादन केंद्र पर इस वर्ष 18 करोड़ मछलियों के उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। जहां मानसून की बरसात के साथ ही एक्शन मोड़ में आए विभाग द्वारा उच्च कोटि के कतला, रोहू, मिरेकल, ग्रास कार्प व कॉमन कार्प मछली बीज का उत्पादन किया जा रहा है। जहां से अब तक लगभग 7 करोड़ मछली बीज का बिक्री किया जा चुका है। जिसकी मांग प्रदेश के अनेक जिलों के अलावा मध्यप्रदेश में भी है और मत्स्य पालक बड़े पैमाने में मछली पालन कर उसे स्थानीय बाजार में बेचने के साथ- साथ निकटवर्ती जिलों में आपूर्ति कर अच्छी आय अर्जित कर रहे है। विभाग के मत्स्य बीज प्रक्षेत्र एतमानगर प्रबंधक डी. आर. तांजे ने बताया कि ज्यादातर मछली पालक लोक लुभावन झांसे में आकर कलकत्ता से आने वाली मत्स्य बीज की खरीदी करते है, जिस बीज के 50 प्रतिशत का भी सफल पालन नही हो पाता। किन्तु एतमानगर मत्स्य बीज प्रक्षेत्र केंद्र में उच्च कोटि के मत्स्य बीज का उत्पादन किया जाता है। जहां स्थापित हेचरीज में मछलियों का सफल रूप से कृत्रिम प्रजनन करवाकर मछली के बच्चे (स्पोंन बीज) का उत्पादन होता है। जिसकी कीमत स्पान मिक्स की 650 रुपए में 1 लाख संख्या, अन्य 1 हजार में एक लाख तो जीरा 100 रुपए में 1 हजार व अन्य की 250 में 1 हजार रुपए तय है। फिंगर बीज की कीमत भी निर्धारित है। प्रबंधक ने आगे बताया कि अच्छी बरसात के साथ ही बीज उत्पादन का कार्य शुरू किया जाता है। यहां बने तालाब में अभिजन मछलियां हैं। मछलियों को इंड्यूड ब्रीडिंग तकनीक से (इंजेक्शन लगाकर) बीज उत्पादन किया जाता है। तीन दिन में मछली के बीज निकलना शुरू हो जाते हैं। इस तकनीक में निश्चित तापमान होने पर नर व मादा मछली को एक विशेष पौंड में फव्वारों से कृतिम वर्षा कर अनुकूल मौसम बनाकर प्रजनन करवाया जाता है। इसके बाद मछलियों के अंडों को अन्य विशेष पौंड में विशेष तापमान पर उनकी सुरक्षा की जाती है। जिसके पश्चात अंडों से बाहर आने वाली मछलियों के बच्चों को संरक्षित कर बीज तैयार किया जाता है। हालांकि स्पान उत्पादन की प्रक्रिया थोड़ी जटिल है लेकिन उन्नत मत्स्य बीज उत्पादन का कार्य किया जाता है। जिस उन्नत नस्ल के स्वस्थ मत्स्य बीज का समय पर तालाबों में संचयन सबसे महत्त्वपूर्ण है। मत्स्य पालक जिसके पालन व विक्रय से अच्छी खासी आर्थिक आय अर्जित कर रहे है।मत्स्य बीज प्रक्षेत्र एतमानगर में उत्पादन होने वाले मत्स्य बीज खरीदी के लिए कोरबा जिले के अलावा बलरामपुर, कोरिया, महासमुंद, बिलासपुर, पेंड्रा-गौरेला- मरवाही और मध्यप्रदेश राज्य के मछली पालक मत्स्य बीज खरीदी के लिए पहुँचते है। जिन्हें बीजों को ऑक्सीजन नुमा पॉलीथिन में पैक करके दिया जाता है। जिसे मत्स्य पालक ले जाकर तालाब में डालते है और समय पर उचित खाद व चारा के साथ जिनका पालन किया जाता है।एतमानगर प्रक्षेत्र के प्रबंधक बताते है कि विभाग की ओर से समूह व समितियों को मत्स्य बीज खरीदी पर 10 प्रतिशत की छूट दी जाती है। वर्तमान संचालित 40 से अधिक समूहों/समितियों द्वारा जिसका लाभ लिया जा रहा है। समय पर मछली कृषकों को मछली उत्पादन व पालन का प्रशिक्षण भी दिया जाता है। जिसमे कृषकों को मछली उत्पादन करने सहित उत्पादन को कैसे बढ़ाया जाए इसका प्रशिक्षण दिया जाता है, जिसमे जिले भर से प्रशिक्षक आते है तथा मत्स्य उत्पादन का तरीका सीखते है।प्रबंधक श्री तांजे ने बताया कि किसानों की मांग को देखते हुए संचालित मत्स्य बीज प्रक्षेत्र के विस्तार की आवश्यकता है। ताकि बीज का अधिक से अधिक उत्पादन होने और मछली पालको के मांग के अनुरूप उन्हें मत्स्य बीज सहज व सरल रूप से उपलब्ध हो सके। वहीं फार्म के सुरक्षा हेतु जाली तार का घेराव नही होने से पौंड में छोड़े गए बड़े मछलियों को अवैध मछलीमार रात के अंधेरे में मार ले जाते है। यदि फार्म विस्तार के साथ सुरक्षा घेरा कार्य हो जाए तो मछलियों का सुरक्षित उत्पादन और पौंडो में छोड़े गए मछलियों की बाजार में बिक्री से लाखों रुपए साल के अतिरिक्त राजस्व आय का इजाफा हो सकता है।

### जर्जर सड़क पर चलना हुआ दुभर

हरदीबाजार। बजरंग चौक से पेट्रोल पंप सराईसिंगार के आगे पूल तक आधा किमी की सड़क पूरी तरह जर्जर होकर गड्ढे में तब्दील हो चुका है,जिसका खामियाजा स्थानीय रहवासियों सहित पेट्रोल पंप पेट्रोल - डीजल डलवाने जाने वाले बाईक,चार पहिया वाहन चालकों को उठानी पड़ रही है। आप को ज्ञात हो कि हरदीबाजार दीपका बाईपास सड़क बनने से पूर्व बजरंग चौक के साथ मोड़ होने के कारण सड़क पर भारी वाहनों के मोड़ते समय दबाव के कारण बार बार उखड़ जा रहा था ,जिसे देखते हुए कांक्रीट से सड़क बनाया गया।

# जेलों में बंद किशोरों के पहचान के लिये कार्यशाला का आयोजन किया गया

कोरबा। माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के कुशल दिशा-निर्देशों के अनुपालन में दिनांक 27 जुलाई 2024 को एडीआर भवन जिला न्यायालय परिसर कोरबा में किशोर बंदियों से संबंधित युवाओं को पुनः स्थापित करना जेलों में बंद किशोरों की पहचान करने और विधिक सहायता प्रदान करने के लिये अखिल भारतीय अभियान - 2024 के संबंध में कार्यशाला का आयोजन श्री सत्येन्द्र कुमार साहू, माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय जी के द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि बाल सक्षम नीति के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु बाल श्रमिक अपशिष्ट, संग्राहक, भिक्षावृत्ति, मादक द्रव्यों के शिकार बच्चों के सर्वेक्षण की कार्यवाही के लिये संबंधित विभाग से जानकारी प्रदान कर सकते है, जिनके अध्यक्ष्ज्ञ जिला कलेक्टर विभाग से जानकारी प्राप्त किया जा सकता है या मिलना चाहिये। यदि अपराधी नाबालिक है तो उसे चिन्हांकित करे ताकि कोर्ट उस अपराधी के उम्र (नाबालिक) को देखने हुये उसकी सजा माफ कर सकती है। अज्ञानतावश या अनजाने में हो गई अपराध के लिये या कोई प्रकार का दावा न कर सके इसलिये चिन्हांकित कर बताये कि वह किशोर है या नाबालिक है, ताकि उसके साथ कोर्ट उचित न्याय कर सकें। किशोर या नाबालिक के साथ बात बरताव को सालिनता से पेश आये और यदि वह किशोर जेल में हो उसे सही न्याय मिलना आवश्यक है जिसके लिये हमें एक कदम बढ़ाना जरूरी है। किशोर या नाबालिक के साथ सही बरताव कर उसे पुर्नवास कराने का प्रयासरत हम हमेशा करेंगे।

सचिव कु. डिम्पल के द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त अभियान का उद्घाटन माननीय सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश और नालसा के कार्यकारी अध्यक्ष माननीय न्यायमूर्ति श्री संजीव खन्ना ने किया। इस अभियान का उद्देश्य वर्तमान में जेल में बंद व्यक्तियों की पहचान करना होगा। जो अपराध घटित होने की तिथि पर नाबालिक विचारधीन बंदी या दोषी होने का दावा करते हैं। जिनके किशोर होने के आवेदन या दावा लंबित है या दर्ज नहीं किया गए है। जेल में बंद सभी विचारधीन बंदी या दोषी जो नाबालिक प्रतीत होते है या नाबालिक



होने का दावा करते है जिनके किशोर होने के दावें और बालक देखरेख संस्थान सीसीआई में परिणामी स्थानांतरण के लिये आवेदन लंबित है या आवेदन नहीं किया गया है। जेल में बंद सभी व्यक्ति विचाराधीन बंदी या दोषी जिनकी उम्र जेल प्रवेश की तिथि पर जेल रिकार्ड के अनुसार 18 वर्ष से 22 के बीच थी, की स्क्रीनिंग की जाएगी। किशोर न्याय बालकों की देखरेख और संरक्षण अधिनियम 2015 का मुख्य उद्देश्य विधि से संघर्षरत बच्चों तथा देखभाल और संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों की बाल मैत्री प्रक्रिया के तहत् उनके सर्वोत्तम हितों को ध्यान में रखते हुये उनकी समुचित देखरेख, पुर्नवास, संरक्षण उपचार एवं विकास सुनिश्चित करना है। किशोर न्याय अधिनियम के अनुसार ऐसा कोई व्यक्ति जिसने 18 वर्ष की आयु पूर्ण नहीं की है, उसे बच्चा माना जाता है। किशोर न्याय बोर्ड के अनुसार बच्चों के मूलभूत अधिकारों और जरूरतों, पहचान, सामाजिक कल्याण, भौतिक भावनात्मक एवं बौद्धिक विकास के संबंध में लिये गये निर्णय को बच्चें का सर्वोत्तम हित माना जाता है। नेहा वर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोरबा के द्वारा बताया गया कि उनके विभाग में बालिक एवं नाबालिक दोनों प्रकार के प्रकरण आते है पीड़ित पक्ष को हमारे द्वारा टारगेट करते है तथा पीड़ित पक्ष को न्याय दिलाने का हमेशा प्रयासरत रहते है। हमारे पास गरीब वर्ग के बच्चों के मध्यम हुए अपराध कायम होता है, जिसमें नाबालिक बच्चें और बच्चियाँ भी शामिल होते है। उसमें 11 से 15साल तक के केसेस में समक्ष में आ जाता है कि पूर्ण रूप से नाबालिक है परंतु 17 से और 18 से उपर के बच्ची या बच्चों के लिये सोचनीय विषय हो जाती है। हमारे द्वारा यही प्रयास किया जाता है कि यदि कोई गंभीर अपराधी नहीं है तो समझौता या आपसी सुलह से मामलें को खत्म करने का प्रयास किया जायें लेकिन गंभीर अपराध में मामला कायम कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करना हमारा ड्यूटी बन जाता है।संदीप बिसेन बाल परीवीक्षा अधिकारी के द्वारा बताया गया कि जेल में निरूद्ध किशोर को नाबालिक पाये जाने की स्थिति में किशोर न्याय बोर्ड द्वारा अपाये जाने वाली प्रक्रियाओं के संबंध में जानकारी देते हुये कहा गया कि किशोर न्याय अधिनियम अंतर्गत देखरेख एवं संरक्षण तथ विधि से संघर्षरत बालकों के प्रावधानों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी।

डॉ. नागज्योति राठौर के द्वारा बताया कि नाबालिक बच्चों जो 16 साल से कम उम्र के होते है, उनके साथ सकारात्मक व्यवहार अपनाये जाने पर वह दोबारा अपराध करने का प्रयास नहीं करेगा। 16 साल के कम उम्र के बच्चों को दबाव में डालेगें तो वह मानसिक तनाव में चला जायेगा, और आगे भी अपराध करते जायेगा।जिला न्यायालय कोरबा के न्यायाधीश श्री जयदीप गर्ग, विशेष न्यायाधीश, एस्ट्रोसिजिट, डॉ. ममता भोजवानी, जिला अपर सत्र न्यायाधीश, पॉक्सो, सीमा प्रताप चन्द्रा, मुख्य न्यायिक मजि0 कोरबा, प्रतिक्षा अग्रवाल, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कोरबा, मंजीत जांगडे, ऋच्चा यादव, लवकुमार लहरे, व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी कोरबा, नेहा वर्मा, अति. पुलिस अधीक्षक, कोरबा, एवं जिला अधिवक्ता संघ कोरबा के अध्यक्ष श्री गणेश कुलदीप, सचिव श्री नूतन सिंह, पुलिस विभाग कोरबा के थाना प्रभारी, डॉ. नागज्योति राठौर, बाल परिवीक्षा अधिकारी, श्री संदीप बिसेन एवं पैरालीगल वॉलीण्टियर्स उपस्थित थे।

# अतिउत्साह के चक्कर में बाइक डूबी नाला में, युवक ने तैरकर बचाई जान



**बलौदा।** नवगवां पोच मार्ग में पड़ने वाला नाला शुक्रवार को उफान पर था। पुल के ऊपर से लगभग तीन फीट पानी बह रहा था। पुल को पार करने के दौरान एक बाइक सवार बह गया था। बाइक सवार ने किसी तरह तैर कर अपनी जान बचाई। शनिवार की शाम बाइक को ढूढ़कर निकाला गया।

शुक्रवार की रात हुई झमाझम वर्षा से बलौदा तहसील के कई गांव जलमग्न हो गए। वर्षा अधिक होने के कारण कई गांव में आने जाने का मार्ग पूरी तरह बाधित रहा। वर्षा अधिक होने की वजह से नवगवां पोच मार्ग, बोकरेल पचगवां मार्ग, बोकरामुण्डा पहरिया मार्ग के चौतरिया नाला में सभी जगहों के पुल के ऊपर से पानी बह रहा था। जिसके कारण इन मार्गोंमें दिनभर आवाजाही बाधित रही।

शुक्रवार की दोपहर ग्राम सोनबरसा निवासी लक्ष्मी नारायण दिवाकर गांव से मड़वा प्लांट ड्यूटी करने जा रहा था। नवगवां पोच मार्ग में नाला के ऊपर लगभग तीन फीट पानी बह रहा था, जिसे वह बाइक सहित पार करने लगा। पानी के तेज बहाव के कारण वह बाइक सहित बह गया। बाइक सवार ने तैर कर अपनी जान बचाई। शुक्रवार को पानी अधिक होने कारण बाइक को निकालने का प्रयास नहीं किया गया , शनिवार की शाम पानी कम होने पर बाइक को रस्सी काटा तार के माध्यम से ढूढ़ कर निकाला गया।

# जल जमाव के कारण पैदा हो रही बीमारी

**चांपा।** जिले को डेंगू, डायरिया और मलेरिया मुक्त बनाने के लिए एक तरफ प्रत्येक गुरूवार को जिला प्रशासन के द्वारा 10 हफ्ते, 10 बजे 10 मिनट अभियान चलाकर कूलर का पानी और कार्यालयों के आसपास जमे गंदगी की साफ सफाई किया जा रहा है मगर दूसरी ओर जिला मुख्यालय जांजगीर के कई मोहल्लों और जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान डाइट में बरसाती पानी का जलजमाव हो रहा है।

डाइट परिसर में करीब दो फीट तक पानी जमा हो गया है। जलजमाव होने से सबसे ज्यादा परेशानी मच्छरों से हो रही है। गड्ढों में पानी का भराव होने से मच्छरों की संख्या में इजाफा हो रहा है। जिसके कारण लोग मलेरिया, डायरिया जैसे विभिन्न रोगों के शिकार हो रहे हैं। जिले वहीं में डायरिया और मलेरिया से मौत हो चुकी है। वहीं हर रोज जिले में डायरिया, मलेरिया और डेंगू के मरीज मिल रहे है।

नगर पालिका जांजगीर नैला के विभिन्न वार्डों के मोहल्लों में बरसाती पानी के निकासी की समस्या इस साल भी शुरू हो गई है। पिछले दो- तीन दिनों से बीच-बीच में हो रही वर्षा के बाद ही शहर की व्यवस्था की पोल खुल गई है। कई वार्डों में निकासी नहीं होने के कारण पानी भर गया है। मोहल्लों में जल जमाव होने से सबसे बड़ी परेशानी मच्छरों से होती है। गड्ढों में पानी का भराव होने से मच्छरों की संख्या में इजाफा होता है। जिसके कारण लोग मलेरिया, डायरिया जैसे विभिन्न रोगों के शिकार हो रहे हैं।



वर्षा होने पर शहर के कई इलाकों में पानी भरता है, इसलिए नालों का चौड़ा करने का काम पहले ही कर लिया जाना था। लेकिन नालियों की सफाई कर नगर पालिका ने औपचारिकता निभाई है। दो तीन दिनों से हो रही वर्षा से जिला प्रशिक्षण संस्थान डाइट परिसर में जलजमाव हो रहा है। यहां दो फीट तक पानी जमा हो चुका है और लगातार जमा हो रहा है। इस परिसर में डाइट के अलावा शासकीय प्राथमिक शाला और पूर्व माध्यमिक शाला संचालित है। जहां बड़ी संख्या में विद्यार्थी अध्ययनरत हैं।

पूर्व माध्यमिक शाला के सामने भी बड़ी मात्रा में जल जमाव हो चुका है। जल जमाव होने से मच्छर पनप रहे हैं। इससे विद्यार्थियोंके साथ डाइट के पीछे रहने वाले लोगों को भी बीमार होने का डर सता रही है। इसके अलावा भांठापारा, शांति नगर, इंदिरा नगर, बाजार पारा, चंदनिया पारा और न्यू चंदनियापारा में कीचड़ और पानी जमा होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**पटेल गार्डन में भी जमा हो रहा पानी**

नहर के पानी से भीमा तालाब को भरने के लिए बनाए गए नाली से भीमा तालाब तो नहीं भरा जा सका मगर नाली बनने के बाद से पिछले पांच सालों से सरदार वल्लभ भाई पटेल उद्यान में बरसात के समय में दो फीट तक पानी जरूर जमा हो जाता है। वर्तमान में तीन दिनों से हो रही वर्षा से पानी जमा होने लगा है। साथ ही कृषि विभाग के परिसर में भी पानी भर रहा है। इस बीच पिछले पांच साल में कई सीएमओ आए और चले गए मगर इस समस्या से कोई निजात नहीं दिला सके।

**शहर में जलजमाव बड़ी समस्या**

शहर में जलजमाव एक बड़ी समस्या है। बरसात के दिनों में नगर के आधे से अधिक मोहल्लों में जल जमाव होने से शहर के लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसके लिए एहतियात बरतना जरूरी है। मानसून आने से पहले ही नालियों की पूरी तरह से सफाई करने के साथ ही जल जमाव वाले स्थानों को चिन्हांकित कर डस्ट पाटा जाना चाहिए। यह काम मई माह तक हो जाना चाहिए।

लेकिन पालिका ने जून माह में नालियों की सफाई करने की औपचारिकता निभाई। अब जब वर्षा शुरू हो चुकी हैतो चंदनिया पारा, लिंकरोड, इंदिरा नगर, शांति नगर, बाजारपारा सहित कई मोहल्ले में वर्षा का पानी की निकासी नहीं होने से मोहल्लों में ही जाम रहता है। पानी की निकासी नहीं होने से लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ता है।

## किशोरी से अनाचार के मामले में आरोपी को जेल भेजा पुलिस ने

**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर चांपा जिले के शिवरीनारायण थाना क्षेत्र की रहने वाली नाबालिग बालिका का अपहरण कर दुष्कर्म के आरोपी युवक राजेश कुमार साहू 21 वर्ष को गिरफ्तार किया गया है। नाबालिक बालिका के पिता ने अपहरण का मामला दर्ज कराया था।



जांजगीर चांपा जिले के शिवरीनारायण थाना क्षेत्र की रहने वाली नाबालिग बालिका का अपहरण कर दुष्कर्म के आरोपी युवक राजेश कुमार साहू 21 वर्ष को गिरफ्तार किया गया है। नाबालिक बालिका के पिता ने अपहरण का मामला दर्ज कराया था।

मिली जानकारी के अनुसार, 16 मई को पिता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई की उसकी नाबालिक बालिका जोकि घर से सुबह 9 बजे सिलाई मशीन सीखने जा रही हुं कह कर घर से बाहर निकली थी। शाम तक घर वापस नहीं आई और आस पास के पड़ोसी, रिश्तेदार से भी बात करने पर भी कुछ पता नहीं चला। किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा बहला फुसला कर अपहरण किए जाने की जानकारी दी।

शिवरीनारायण थाने में धारा 363 के तहत मामला दर्ज किया गया। घटना दिनांक से पुलिस अपहरण हुई नाबालिक बालिका की तलाश कर रही थी। इस दौरान मुखबिर से सूचना पर राजेश कुमार साहू के पकड़ा गया जिसके पास से नाबालिक बालिका को सकुशल बरामद किया गया। नाबालिक बालिका ने बताया कि राजेश कुमार साहू ने उसकी पहुंचा स्कूल जातने समय हुई थी। उसने धोखे से अपने साथ लगाया और जबरजस्ती के हुए दुष्कर्म किया है। आरोपी राजेश कुमार साहू के खिलाफ धारा 363 के अलावा 376,04,06 पॉक्सो एक्ट जोड़ी गई आरोपी से पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार कर लिया जिसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

# एक पखवाड़ा तक जनता की समस्या को निराकृत करने के लिए लगेंगे शिविर

**जांजगीर चांपा ।** कलेक्टर ने आकाश छिकारा नागरिकों की समस्याएं निराकृत करने के दिए निर्देश चांपा सहायक कलेक्टर दुर्गा प्रसाद आईएएस व सीएमओ भोलेशंकर सिंह

चांपा नगर पालिका में जनसमस्या निवारण पखवाड़ा शिविर में कुल आवेदन 78 प्राप्त हुआ जिसमें शिकायतों का त्वरित निदान 65 किया गया और निराकरण शेष 13 है

इस शिविर में आधार कार्ड, राशन कार्ड, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, भवन निर्माण अनुज्ञप्तियां जारी करने जैसी सुविधाएं भी मुहैया कराया जायेगा

जिला जांजगीर चांपा चांपा नगर पालिका में 27 जुलाई 2024. में वार्ड नंबर 1,2, में बुद्धेश्वर शरण सिंह भवन में आज से जनसमस्या निवारण पखवाड़ा प्रारंभ हो गया है। जिसमें वार्ड नं 1,2, वार्ड वासियों से शिकायत एवं राशन कार्ड जमीन की पट्टा की की आवेदन जनसमस्या निवारण पखवाड़ा शिविर में कुल आवेदन 78 प्राप्त हुआ जिसमें शिकायतों का त्वरित निदान 65 निराकृत किया गया और निराकरण शेष जो 13 आवेदन प्राप्त हुए जो राजस्व विभाग तहसील स्थांतरण किया गया और जनसमस्या निवारण पखवाड़ा के दौरान वार्डवार आयोजित शिविरों में आधार कार्ड, राशन कार्ड, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, भवन निर्माण अनुज्ञप्तियां, नल कलेक्शन, राष्ट्रीय परिवार सहायता, वृद्धावस्था पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने तथा नामांतरण व स्वरोजगार के प्रकरणों त्वरित निदान किया जायेगा

जिला जांजगीर चांपा चांपा नगर पालिका। वार्ड नंबर 1,2, में 27जुलाई 2024 में आज से शुरू जनसमस्या निवारण पखवाड़ा 10 अगस्त तक चलेगा।वार्डवार आयोजित शिविरों में आधार कार्ड, राशन कार्ड, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, भवन निर्माण अनुज्ञप्तियां, नल कलेक्शन, राष्ट्रीय परिवार सहायता, वृद्धावस्था पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने तथा नामांतरण व स्वरोजगार के प्रकरणों का निपटारा वार्डवार शिविरों का आयोजन कर लोगों की समस्याओं का निदान किया जाएगा। चांपा नगर पालिका वार्ड नं 1,2, के शिविरों में चांपा नगर पालिका अधिकारी सहायक कलेक्टर श्री दुर्गा प्रसाद आईएएस अधिकारी एवं सीएमओ भोलेशंकर सिंह ठाकुर, नगर पालिका अध्यक्ष जय थवाईत चांपा नगर पालिका पूर्व अध्यक्ष , राजेश अग्रवाल पार्षद श्रीमती अंजली देवांगन , नगर पालिका कब समस्त अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थित में बुद्धेश्वर शरण सिंह सामुदायिक भवन वार्ड में जनसमस्या निवारण पखवाड़ा जिसमें आम जनता की जनसमस्या निवारण किया गया

## यात्री को नशीली दवा खिलाकर बैग पार, आरोपी पकड़ाया

**बिलासपुर।** बिलासपुर जोन के सुरक्षा बल ने आदतन बदमाश को पकड़कर जीआरपी ड़ोगरगढ़ के हवाले किया। ट्रेन में सफर के दौरान यह बदमाश यात्री को खाने की चीज में नशीली दवा खिलाकर उसका बैग चोरी कर फरार हो गया था। आरोपी को ढूंढने के लिए सीसीटीवी फुटेज का अध्ययन कर उसकी शिनाख्त की गई। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर रेल मंडल के अंतर्गत 6 जुलाई को 12833 अहमदाबाद हावड़ा एक्सप्रेस के कोच नंबर स्-4 के बर्थ नंबर 63 ज्ञ्ष्ट पर बड़ोदरा से हावड़ा के लिए यात्रा कर रहे यात्री दिब्येश सक्सेना (42) का बैग चोरी हो गया था। दिब्येश को उसी बर्थ पर आरएसी में यात्रा कर रहे अन्य यात्री मनोज कुमार ने खाने की चीज में नशीली दवा खिलाकर उसका बैग चोरी कर लिया था।



## दो लोगों से अवैध शराब जप्त किया पुलिस ने

**जांजगीर चांपा।** मुखबीर से सूचना मिली कि गेवाडीन कालोनी सक्ती निवासी दुमान दास भारद्वाज, गुड्डी सतनामी निवासी गेवाडिन कॉलोनी सक्ती अपने निवास स्थान के पास में हाथ भट्टी से निर्मित देसी महुआ शराब अवैध रूप से बिक्री के लिए रखे हैं। सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर मुखबिर के बताए स्थान पर जाकर छापेमारी। जिस पर आरोपी दुमान दास भारद्वाज पिता कोटवार भारद्वाज निवासी गेवाडिन कॉलोनी सक्ती थाना सक्ती के कब्जे से 7 लीटर हाथ भटठी से निर्मित कच्ची महुआ शराब एवं गुड्डी सतनामी पति बाबुलाल लहरे निवासी गेवाडिन कॉलोनी सक्ती थाना सक्ती के कब्जे से 6 लीटर हाथ भटठी से निर्मित कच्ची महुआ शराब जुमला 13 लीटर हाथ भट्ठी से निर्मित कच्ची महुआ शराब जब्त की गई।

आरोपियों को धारा 34 -2 आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार किया जाकर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक ब्रिजेश तिवारी के नेतृत्व में उप निरीक्षक समीर डूंगडूंग, प्रधान आर. संजीव शर्मा आर. जोगेश राठौर, याद राम चंद्रा, गणेश राम साहु महिला आर आफसा परवीन का विशेष योगदान रहा।

## घर व दुकान से हुई चोरी, गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** शहर के मणिपुर इलाके में करीब पखवाड़े भर पहले एक घर में हुई चोरी के मामले के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि गंगापुर निवासी उमेश उर्फ नटवा ने अपने एक साथी के साथ मिलकर नथुनिया लाल के घर में चोरी की थी। चोरों ने घर से 4 हजार रुपए व मोबाइल चोरी की थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने उमेश को शनिवार को गिरफ्तार किया। साथ ही उसके कब्जे से मोबाइल व 500 रुपए जब्त किया।

## सीबीएसई अंग्रेजी माध्यम स्कूल में शिक्षकों की कमी

**रायगढ़।** प्राइवेट स्कूल की तर्ज पर 2018-19 में जिले के सभी ब्लॉक में एक प्राथमिक व एक मिडिल स्कूल का चयन सीबीएसई कोर्स इंग्लिश मीडियम के लिए किया गया। यहां चयन के बाद तमाम सुविधाएं जुटाई गई, लेकिन अंग्रेजी माध्यम के शिक्षकों की भर्ती अब तक नहीं हो सकी। जिले के सभी 7 ब्लॉकों में एक-एक स्कूल का चयन कर कोर्स तो संचालित कर दिया गया है, लेकिन इन स्कूलों में पांच सालों बाद भी अंग्रेजी माध्यम में पढ़ा सकें ऐसे शिक्षकों की भर्ती नहीं हो पाई है। इन स्कूलों में विद्यार्थियों की संख्या तो हर साल बढ़ रही है, लेकिन शिक्षक नहीं होने से शिक्षा पर इस स्कूल के स्तर का असर नहीं पड़ रहा है।

# एक माह के अंदर सीएचसी में 50 मोतियाबिंद ऑपरेशन

**सक्ती।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सूरज सिंह राठौर के प्रयासों से सक्ती जिला मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नेत्र आपरेशन थियेटर का संचालन शुरू किया गया। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छत्तीसगढ़ शासन से डिफरेंशियल सैलरी पैकेज में पदस्थ नेत्र रोग विशेषज्ञ सर्जन डॉ. शिवांगी रंजनी और स्नातकोत्तर अनुबंध अंतर्गत पदस्थ नेत्र रोग विशेषज्ञ सर्जन डॉ. शगुफ्ता अमीन ने मोतियाबिंद ऑपरेशन की सुविधा शुरू की है। महज एक महीने में दोनों नेत्र सर्जन ने 50 सफल मोतियाबिंद आपरेशन किए हैं।



इस अवसर पर चिकित्सालय के चिकित्सकों और चिकित्सकीय स्टाफ द्वारा सफल मोतियाबिंद आपरेशन के हितग्राहियों के साथ केक काटा गया। जिले के डभरा, मालखरौदा, जैजैपुर और सक्ती ब्लॉक के निवासी है। मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए भर्ती मरीजों को निशुल्क भोजन, दवा, चस्मा दिया जा रहा है। साथ ही उनकी सुविधा के लिए अलग से वार्ड संचालित किया जा रहा है। नवीन जिला सक्ती गठन उपरांत सीएचसी सकती में स्वास्थ्य सुविधाओं का लगातार विस्तार किया जा रहा है।



## न्योता भोज में बच्चों को बांटी गई पेन-कॉपी,चॉकलेट व बिस्किट

**बलौदा।** शासकीय प्राथमिक शाला कबीरधाम की प्रभारी प्रधान पाठिका अंजू देवांगन ने अपने जन्मदिन पर अपने शाला के बच्चों को न्योता भोजन करवाया। साथ ही 68 बच्चों को कॉपी, पेन, पेंसिल, रबड़, कटर, बिस्किट, चाकलेट का भी वितरण भी किया। छात्रों ने शिक्षिका को जन्म दिवस की बधाई देकर खुशियां मनाई। इस अवसर पर बीआर सी अर्जुन क्षत्री, समन्वयक यशवंत राठौर, सहयोगी शिक्षिका कल्पना बाजपेयी, कामिनी नायक, कमला सोनी उपस्थित थे।

## अभी से कई रेलगाड़ियों में नो रूम



**जांजगीर चांपा।** सावन माह के साथ ही त्योहारी सीजन शुरू हो गया है। अगले माह 19 अगस्त को रक्षाबंधन का त्योहार है। इसको लेकर ट्रेनों में माहभर पहले ही रिजर्वेशन टिकटों की किल्लत शुरू हो गई है। मुंबई-हावड़ा और दिल्ली रूटों के प्रमुख एक्सप्रेस ट्रेनों में वेटिंग 60 से 100 के बीच पहुंच गई है। एसी फर्स्ट क्लास में भी कन्फर्म सीट नहीं बच पा रही है।

रेलवे ने जिन ट्रेनों को रद्द नहीं किया गया है उन ट्रेनों में वापसी को लेकर बुकिंग सबसे ज्यादा हो रही है। छत्तीसगढ़, नवतवना, सारनाथ, गीतांजलि, समता जैसे एक्सप्रेस ट्रेनों में नो रूम की स्थिति बन गई है। साउथ बिहार एक्सप्रेस में रायपुर से पटना तक थर्ड और सेकेंड एसी दोनों में वेटिंग टिकट मिल पा रही है। इसी तरह सारनाथ एक्सप्रेस में भी बिलासपुर से प्रयागराज तक स्लीपर, एसी सेकेंड व थर्ड क्लास में कन्फर्म सीटें नहीं बची है। हालांकि कुछ ट्रेनों में स्थिति विपरीत है। रींवा-बिलासपुर, बीकानेर एक्सप्रेस, एलटीटी एक्सप्रेस, विशाखापट्टन एक्सप्रेस जैसे ट्रेनों में सीटें उपलब्ध है।

**लगातार रद्द होने से ट्रेनों से बना रहे दूरी**

इधर त्योहारी सीजन के दौरान यात्रा के दौरान किसी तरह की परेशानी न हो इसको देखते हुए यात्री उन ट्रेनों में बुकिंग कराने से पहले सोच विचार कर रहे हैं जो ट्रेनें लगातार रेलवे के द्वारा कैसिंल करने वाली लिस्ट में शामिल रही हैं। रक्षाबंधन त्योहार में आने-जाने के लिए यात्री ऐसी ट्रेनों से दूरी बना रहे हैं। क्योंकि डर सता रहा है कि भी ऐन समय पर ट्रेनें कभी रद्द कर दी जाएगी तो मुश्किल बढ़ जाएगी।

इसको देखते हुए यात्री महीने भर पहले ही बुकिंग करा रहे हैं ताकि कन्फर्म सीट मिल सके। लेकिन कन्फर्म सीटें नहीं मिलने के बाद भी टिकट ले रहे हैं। यही वजह है कि वेटिंग सीटों की संख्या भी बढ़ती जा रही है। इधर त्योहारी सीजन को लेकर यात्रियों की नजर रेलवे के द्वारा स्पेशल ट्रेन चलाए जाने को लेकर भी है। स्पेशल ट्रेनें चलाने से यात्रियों की सुविधा होती है। लेकिन स्पेशल ट्रेनें नहीं चलने की स्थिति में यात्रियों को परेशानी हो सकती है।


**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार कोरबा जिला-कोरबा (छग)**

**ईश्तहार**

पंजीयन क्रमांक
202407050400007
अ-21 वर्ष 2023-24
ग्राम-सेमीपाली, प.ह.नं. 27

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रकाश यादव, उम्र 53 वर्ष पिता श्री सियाराम यादव जाति यादव निवासी मिशन रोड कोरबा तह.व जिला कोरबा (छ.ग.) के द्वारा भूमि स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम-सेमीपाली प.ह.नं. 27 रा.नि.मं. कोरबा (1) तह. व जिला कोरबा स्थित भूमि ख.नं. 45/2/ग (शामिल ख.नं.46/5/ग) रकबा 0.022 हे. को प्रस्तावित क्रेता-श्रीमती गुणबाला धाड़ेवा उम्र-62 वर्ष पति शांति कुमार धाड़ेवा निवासी-10, आबानी दता रोड, नियर घास बगान मोड़, मोहनी अपार्टमेंट 6 फ्लोर, फ्लैट नं.-605 हावड़ा जिला (पं. बंगाल) हाल मुकाम-शांति स्टोर मेन रोड कोरबा, तह. व जिला कोरबा के पास छ.ग.भू.रा.संहिता 1959 की धारा 165 (6-क) के तहत वाद भूमि को विक्रय करने की अनुमति चाहा गया है जिसके लिए इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव उपरोक्तानुसार वर्णित भूमि को दान के माध्यम से अंतरण करने की अनुमति दी जाती है तो जिस किसी व्यक्ति/संस्था/समिति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में प्रकरण में नियत आगामी सुनवाई तिथि 02/08/2024 तक स्वयं या अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

ईश्तहार आज दिनांक 19/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

सील

अतिरिक्त तहसीलदार
कोरबा (छ.ग.)


## मेडिकल कॉलेज में यूजी की 125 सीटों की मंजूरी

**अंबिकापुर।** राजमाता देवेंद्र कुमारी सिंहदेव शासकीय मेडिकल कॉलेज को एनएमसी से सत्र 2024-25 के लिए यूजी की 125 सीट के लिए मान्यता मिल गई। डीन डॉ. रमनेश मूर्ति ने बताया कि इसको लेकर एनएमसी पत्र आ गया है। कॉलेज ने एडमिशन के लिए सीट एलाटमेंट को लेकर एमसीसी (मेडिकल काउंसलिंग कमेटी) दिल्ली व डीएमई (डायरेक्टर मेडिकल एजुकेशन) रायपुर को जानकारी भेज दी है। बता दें कि डीएमई को एमसीसी से ऑल इंडिया कोटा की सीटों का एलॉटमेंट आता है और उसे कॉलेज को भेजा जाता है। डीएमई स्टेट कोटे की सीटों का एलॉटमेंट करता है। अब उम्मीदवार काउंसलिंग में शामिल होने अपना पंजीयन कराएंगे। इसके आधार पर एमसीसी व डीएमई सीटों का एलाटमेंट कोटे के अनुसार करेगा। माना जा रहा है कि अगस्त से प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। इस साल नीट परीक्षा में गड़बड़ी को लेकर काउंसलिंग में देरी हो गई। सुप्रीम कोर्ट से इस पर अंतिम निर्णय आने के बाद काउंसलिंग की प्रक्रिया अब शुरू होगी।

स्टेट- 104 सीटें होंगी एलॉट मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर में यूजी की 125 सीट में स्टेट कोटे की 104 सीटें रिजर्व रहेंगी। डीएमई से उम्मीदवारों का इसका एलॉटमेंट होगा। 18 सीटें ऑल इंडिया कोटे की होंगी। इसी प्रकार तीन सीट सेंट्रल कोटे की होती हैं। इसमें केंद्र सरकार द्वारा उम्मीदवारों का नाम तय किया जाता रहा है।

## 1.53 करोड़ का धान घोटाला-केंद्र प्रभारी और ऑपरेटर के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**बिलासपुर।** बिलासपुर जिले के मस्तूरी विकासखंड के गोडाडीह धान खरीदी केंद्र में 1.53 करोड़ की हेराफेरी मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। केंद्र प्रभारी और ऑपरेटर ने 5 हजार क्विंटल धान का घोटाला किया। जब पूछताछ हुई तो उसने कहा कि 4950 क्विंटल धान सूख गया। जांच में घोटाले का खुलासा हुआ।

जानकारी के अनुसार, पचपेड़ी क्षेत्र के गोडाडीह स्थित धान खरीदी केंद्र के प्रभारी और ऑपरेटर ने मिलकर साल 2023-24 के तहत 4950 क्विंटल धान की हेराफेरी की थी। इसकी शिकायत होने पर कलेक्टर अवनीश शरण ने जांच के निर्देश दिए थे। जांच में एक करोड़ 53 लाख 45 हजार 651 रुपए के धान की हेराफेरी पाई गई।

जांच रिपोर्ट में घोटाले का खुलासा होने पर लोहर्सी स्थित सहकारी बैंक के प्रबंधक ने मामले की शिकायत पचपेड़ी थाने में की थी। शिकायत पर पुलिस ने धारा 409, 34 के तहत जुर्म दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। लोहर्सी स्थित सहकारी बैंक के प्रबंधक देवदत्त साहू ने इस पूरे मामले की शिकायत थाने में की है।

**4950 क्विंटल धान गायब**

प्रबंधक ने पुलिस को बताया कि, गोडाडीह स्थित धान खरीदी केंद्र में खरीफ वर्ष 2023-24 में 62 हजार 540 क्विंटल धान की खरीदी की गई। इसमें से 56 हजार 604 क्विंटल धान का उठाव कर लिया गया। खरीदी केंद्र में चार हजार 955 क्विंटल धान शेष है। धान खरीदी केंद्र में गड़बड़ी की शिकायत अधिकारियों से की गई।

**केंद्र प्रभारी ने बहाना बनाया, कहा- धान सूख गया**

सहायक खाद्य अधिकारी मस्तूरी, सहकारिता विस्तार अधिकारी मस्तूरी, पर्यवेक्षक मस्तूरी और खाद्य निरीक्षक मस्तूरी ने 16 जून को धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया। भौतिक सत्यापन के दौरान 4 हजार 950 क्विंटल धान कम पाया गया। अधिकारियों ने पूछताछ की गई तो धान खरीदी केंद्र के प्रभारी प्रकाश लहरे ने बताया कि, धान का उठाव धीमी गति से किया गया।

## अनमोल वचन......

जीवन से बड़ा कोई विद्यालय नही, कठिनाइयों से बढ़कर कोई परीक्षा नही और समय से बड़ा कोई शिक्षक नही।

## प्रकृति से लड़कर कोई आज तक जीत नहीं सका

उत्तराखंड स्थित केदारनाथ में गौरीकुंड के पास पहाड़ी से पत्थर नीचे गिरने के कारण तीन लोगों की मौत वाकई दुखद है। हादसे में पांच लोग गंभीर रूप से जख्मी हैं। दरअसल, पहाड़ों में बारिशों के कारण अक्सर ही जमीन खिसकने (लैंड स्लाइड) के मामले होते रहते हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि लैंड स्लाइड होने के कारण ही यह हादसा हुआ है। हादसा रविवार सुबह हुआ। पहाड़ से बड़े-बड़े पत्थर गिरने की घटना तीन स्थानों पर हुई। गौर करने वाली बात यह है कि गौरीकुंड-जहां हादसा हुआ है-वहां से केदारनदाथ धाम तक 16 किलोमीटर लंबे पैदल यात्रा मार्ग पर कई संवेदनशील क्षेत्र हैं, जहां हल्की बारिश में ही पहाड़ से पत्थर और मलबा गिरने लगता है। यह पूरा स्ट्रेच भूस्खलन की दृष्टि से अतिसंवेदनशील है। इस मामले में कुछ ऐसा हुआ कि उस दिन भारी बारिश हो रही थी और श्रद्धालु यात्रा पर थे। उन्हें इस आशंका का भान ही न हो सका। यहां प्रशासन की जिम्मेदारी को परखना जरूरी बन जाता है। जब यह बात वहां के प्रशासन और आपदा प्रबंधन को मालूम था तो फिर यात्रियों को इसकी जानकारी देना उनका फर्ज था। वैसे भी केदारनाथ में इससे पहले कई हादसे हुए हैं।

बीते आठ वर्षो में वर्षाकाल के दौरान इस मार्ग पर हादसे में 19 व्यक्तियों को जान गंवानी पड़ी। इस नाते वहां के प्रशासन को इसकी तैयारियां चौकस रखनी चाहिए थी। यह घनघोर लापरवाही का मामला है। इसकी अनदेखी नहीं होनी चाहिए थी। हालांकि अब प्रशासन अपनी साख बचाने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं, मगर यह सब कवायद यात्रा शुरू होने से पहले होनी चाहिए थी। ताजा निर्देश के मुताबिक शाम 5 बजे से दूसरे दिन सूर्योदय तक केदारनाथ पैदल मार्ग पर आवाजाही पर रोक लगा दी गई है। यात्रियों की भी जिम्मदारी है कि वो खुद से खतरा मोल न लें। अगर मौसम साफ है और यात्रा में कोई व्यवधान की अग्रिम सूचना नहीं है तभी आगे बढ़ा जा सकता है। प्रकृति से लड़कर कोई आज तक जीत नहीं सका है। सभी लोगों को उसके रौद्र रूप की वजहों की तलाश करनी होगी और उसका सम्मान भी करना होगा। पहाड़ी राज्यों में लोगों की जरूरत से ज्यादा आवाजाही और अंधाधुंध निर्माण के कायरे पर बहुत सोच-समझकर आगे बढ़ना होगा। प्रकृति के साथ तारतम्य बनाने और उसके अनुरूप चलने से ही जान-माल के नुकसान से बचा जा सकता है। यह बात हर किसी को अपने जेहर में रखनी होगी।

## राशिफल

मेष राशि-आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। घर पर किसी दोस्त की पार्टी का इनविटेशन आ सकता है। ऑफिस में आपके काम को लेकर बॉस आपकी तारीफ करेंगे। आर्ट्स स्टूडेंट्स के लिए दिन शानदार रहने वाला है। आज आपकी बातों से लोग काफी इम्प्रेस होंगे। आपको कोई बड़ा फायदा होने के संकेत हैं। दांपत्य जीवन में खुशियां आयेंगी।

वृष राशि-आज नये कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी, जिससे आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा। आपका आर्थिक पक्ष पहले की अपेक्षा और भी अधिक मजबूत होगा। बच्चों के साथ आप कहीं घूमने की प्लानिंग करेंगे। आज आपको धन लाभ के बड़े अवसर मिलेंगे। किस्मत के सहयोग से आपका कोई खास काम पूरा होगा। आज का दिन व्यावसायिक प्रगति के लिए अनुकूल है।

मिथुन राशि-आज आपकी कम्पनी को किसी बड़ी कंपनी से डील करने का ऑफर मिलेगा। संगीत से जुड़े लोग किसी कॉन्सर्ट में हिस्सा लेंगे। घर पर अचानक किसी मेहमान के आने की संभावना है। आज आप अपने रिश्तों को मजबूत बनाने की कोशिश करेंगे। मित्रों के साथ बैठकर अपने भविष्य को बेहतर बनाने के लिए बातचीत करेंगे। आज आपका कोई जरूरी काम पूरा हो जायेगा। कार्यों में माता-पिता का सहयोग प्राप्त होगा। छात्रों को बड़ी सफलता मिलने वाली है।

कर्क राशि-आज ऑफिस में एक्सट्रा वर्क करने से रुका हुआ काम पूरा हो जायेगा। आज किसी तरह के तर्क-वितर्क में पड़ने से आपको बचना चाहिए। आज आप किसी तरह के विचारों में खोये रहेंगे, बेहतर होगा बेवजह ना सोचे। आय के स्रोतों में स्थिरता बनी रहेगी। आज आप अपने घर के बड़े-बुजुर्गों के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें।

सिंह राशि-आज कोई खास खबर मिलने के योग हैं। लॉ स्टूडेंट्स अपनी पढ़ाई-लिखाई में थोड़ा बदलाव करने की सोच सकते हैं, जो कि उनके भविष्य के लिए फायदेमंद साबित होगा। आज आपको अपने खान-पान में थोड़ी सावधानी रखने की जरूरत है। जंक-फूड खाने से आपको बचना चाहिए। आर्थिक लाभ पाने के लिए आपको मेहनत करनी पड़ेगी। छोटे बच्चों को पिता से कोई अच्छा-सा उपहार मिलने की संभावना है।

कन्या राशि-आज आप धार्मिक कार्यों में रुचि लेंगे। आज सोशल साइट के जरिये नए लोगों से आप जुड़ेंगे। किसी काम के लिए योजना बनाने और फैसले लेने के लिए दिन शुभ है। आज बच्चे खेलकूद में व्यस्त रहेंगे। आर्थिक रूप से आप काफी सक्षम रहेंगे। दूसरों की समस्याएं सुलझाने में आप खुशी महसूस करेंगे। आज बिजनेस के किसी काम से की गई यात्रा सार्थक रहेगी।

तुला राशि-आज आपका दिन परिवार वालों के साथ बीतेगा। आज आपको जरूरतमंद लोगों की मदद करने का मौका मिलेगा। कार्यों में आ रही रुकावटें आज समाप्त हो जाएगी। आज गुस्से में किसी से बात करने से आपको बचना चाहिए। आज आपकी आर्थिक स्थिति ठीक-ठाक रहेगी। आज धैर्य और सही सोच आपको आगे बढ़ने में आपकी मदद करेगी। लवमेट के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है। कहीं घूमने का प्लान बनायेंगे।

वृश्चिक राशि-आज आपकी सारी इच्छाओं की पूर्ति होगी। व्यापार के सिलसिले में आज आपको दूसरे शहर की यात्रा करनी पड़ सकती है। संतान पक्ष से सुख की अनुभूति होगी, जिससे आपकी खुशियाँ बढ़ेंगी। आज ऑफिस में आपको जिम्मेदारी वाला काम मिलेगा, जिसे पूरा करने पर आपको फायदा होगा। आपको बॉस से इंसेंटिव मिल सकता है। कॉमर्स के विद्यार्थियों के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा।

धनु राशि-आज किसी प्रभावशाली व्यक्ति से आपकी मुलाकात होगी। अगर आप किसी को पसंद करते हैं और उससे अपने दिल की बात कहना चाहते हैं तो आज का दिन फेवरेबल है। आपको सफलता जरूर मिलेगी। व्यापार में आपको अचानक धन लाभ का अवसर प्राप्त होगा। ऑफिस के सहकर्मी आपके काम में सपोर्ट करेंगे। आज आपको उम्मीद से अधिक लाभ मिलेगा। पारिवारिक रिश्तों के बीच आप सामंजस्य बनाने में सफल रहेंगे।

मकर राशि-आज पारिवारिक जिम्मेदारियों को अच्छी तरह निभायेंगे। हर किसी से निजी समस्याओं को शेयर करने से आपको बचना चाहिए। इस राशि की महिलाओं को शाम को बाहर निकलते समय अपने पर्स का खास ध्यान रखना चाहिए। आपके द्वारा किये गए सामाजिक कार्यों के लिए आज आपको सम्मानित किया जायेगा।

कुंभ राशि-आज आपको परिवार वालों का पूर्ण स्नेह और सहयोग प्राप्त होगा। आपके मित्र बहुत ही मददगार साबित होंगे। आज ऑफिस में आपके ड्रेस की तारीफ होगी, जिससे आप काफी प्रसन्न होंगे। ऑफिस में काम कर रहे किसी सहयोगी से आपकी अच्छी जान पहचान होगी। आज बच्चों का स्वास्थ्य बेहतर बना रहेगा। आज आपकी कार्यक्षमता में बढ़ोतरी होगी।

मीन राशि-आज व्यापार के मामले में आपके मन में नए-नए विचार आएंगे। किसी काम में बड़े भाई की सलाह फायदेमंद साबित होगी। आज परिवार में सब कुछ अच्छा बना रहेगा। आज कुछ खास लोगों से मिलना और बातें करना आपके लिए फायदेमंद साबित होगा। आज आप अपनी समझदारी से किसी भी समस्या का समाधान आसानी से निकाल लेंगे। जीवनसाथी आपकी बातों को महत्व देंगे, जिससे आपको अच्छा महसूस होगा।

# बजट देश की समृद्धि लोगों के निजी हितों का विशेष ध्यान

//योगेश कु. गोयल//

**लोकसभा चुनाव से पहले इसी साल 1 फरवरी को अंतरिम बजट पेश करते हुए वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा था कि जुलाई में पूर्ण बजट में सरकार द्वारा विकसित भारत के लक्ष्य का विस्तृत रोडमैप प्रस्तुत किया जाएगा। अंतरिम बजट में न तो आम आदमी के लिए राहत की कोई विशेष घोषणाएं हुई थी और न ही उन पर कोई बड़ा बोझ लादा गया था, लेकिन अंतरिम बजट में भी सरकार का मुख्य फोकस गरीबों और महिलाओं पर ही दिखा था। आम बजट में हर वर्ग के लिए कुछ-न-कुछ राहत देने का प्रयास किया गया है। वैसे, सरकार का फोकस गरीबों, महिलाओं, युवाओं और अन्नदाताओं पर दिखा है, साथ ही बजट में रोजगार के अवसर बढ़ाने का रोड़मैप भी पेश किया गया है।**

बजट में देश की समृद्धि को प्रभावित करने वाले कारकों के साथ-साथ लोगों के निजी हितों का भी विशेष ध्यान रखा गया है, साथ ही उन सभी जनकल्याणकारी योजनाओं को विस्तारित करने की भी घोषणा की गई है, जो मौजूदा समय में लोगों के निजी हितों को सकारात्मक तरीके से प्रभावित कर रही हैं। कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के लिए इस वर्ष बजट आवंटन 1.52 लाख करोड़ रु पए है। बजट में पूंजीगत व्यय के लिए 11.11 लाख करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं, जो भारत की कुल जीडीपी का 3.4 प्रतिशत होगा। वित्तमंत्री के अनुसार 2024-25 तक वित्तीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद का 4.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है और सरकार का लक्ष्य घाटे को 4.5 प्रतिशत से नीचे पहुंचाना है। बजट में आम लोगों से लेकर तमाम करदाता टैक्स स्लैब में कमी, स्टैंर्डड डिडक्शन बढ़ाने और 80सी के तहत मिलने वाली छूट को बढ़ाए जाने की आस लगाए हुए थे। और वित्तमंत्री ने उन्हें निराश भी नहीं किया। आर्थिक विश्लेषकों के अनुसार नई आयकर दरों से करदाताओं को कम से कम 17500 रुपए की बचत होगी।वित्तमंत्री के मुताबिक नई कर व्यवस्था से सरकार को सात हजार करोड़ रुपए का राजस्व नुकसान होगा, लेकिन इससे चार करोड़ वेतनभोगियों को लाभ होगा। विदेशी कंपनियों के लिए कॉरपोरेट टैक्स की दर 40 प्रतिशत से घटाकर 35 प्रतिशत की गई है और आयकर अधिनियम 1961 की व्यापक समीक्षा की घोषणा भी की गई है। हर तरह के स्टार्टअप्स के लिए एंजेल टैक्स हटाने का ऐलान किया गया है। बजट में जिन प्रमुख क्षेत्रों पर विशेष रूप से फोकस किया गया है, उनमें रोजगार और कौशल, कृषि में उत्पादकता और लचीलापन, शहरी विकास, बुनियादी ढांचा, ऊर्जा सुरक्षा, अगली पीढ़ी के सुधार, विनिर्माण और सेवाएं, समावेशी मानव संसाधन विकास और सामाजिक न्याय, नवाचार, अनुसंधान और विकास इत्यादि शामिल हैं। रोजगार और कौशल विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बजट में युवाओं के लिए दो लाख करोड़ रु पए आवंटित किए गए हैं और युवाओं को रोजगार के लिए तीन प्रमुख योजनाओं पर काम करने का ऐलान भी किया है। सरकार 500 शीर्ष कंपनियों में एक करोड़ युवाओं को इंटर्ननशिप के अवसर प्रदान करने के लिए एक योजना शुरू करेगी, जिसमें 5000 रुपए प्रतिमाह इंटर्नशिप भत्ता और 6000 रुपए की एकमुश्त सहायता दी जाएगी और प्रशिक्षण के दौरान होने वाले खर्च को कंपनी सीएसआर फंड से वहन करेगी। वर्कफोर्स में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना भी सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। इस वर्ष शिक्षा, रोजगार और कौशल विकास के लिए 1.48 लाख करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है, जो पिछले बजट की तुलना 32 प्रतिशत ज्यादा है। उत्पादन क्षेत्र में रोजगार सृजन को पहली बार कर्मचारियों के रोजगार से जुड़ी योजना के माध्यम से प्रोत्साहित करने का प्रयास किया गया है। सरकार की इस पहल का उद्देश्य 50 लाख लोगों के लिए अतिरिक्त रोजगार को प्रोत्साहित करना है। छात्रों को 7.5 लाख रुपए 'मॉडल स्किल लोन' का लाभ देने का ऐलान भी बजट में किया गया है, जिससे उन छात्रों को लाभ पहुंचेगा, जो पैसों के अभाव में पढ़ाई पूरी नहीं कर पाते थे। उच्च शिक्षा के लिए 10 लाख रुपए तक के लोन के लिए वित्तीय सहायता की घोषणा भी बजट में है। महिलाओं और लड़कियों को लाभ पहुंचाने वाली योजनाओं के लिए तीन लाख करोड़ रुपए के आवंटन और मुद्रा ऋृण की सीमा 10 लाख से बढ़ाकर 20 रुपए लाख रुपए की गई है। पीएम आवास योजना के तहत 3 करोड़ अतिरिक्त घर बनाए जाएंगे, जो ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में होंगे। विभिन्न क्षेत्रों के लिए की गई अन्य विशेष घोषणाओं में शहरी आवास योजना के लिए 10 लाख करोड़ रुपए, ग्रामीण विकास के लिए 2.66 लाख करोड़ रुपए, सड़क सम्पर्क परियोजनाओं के लिए 26 हजार करोड़ रुपए, बिहार में हाईवे के लिए 26 हजार करोड़ रुपए, अमरावती के विकास के लिए 15 हजार करोड़ रुपए, 12 औद्योगिक पाकरे को मंजूरी इत्यादि शामिल हैं। आम आदमी को आम बजट में की गई घोषाओं से जहां कुछ राहत मिली है तो कुछ चीजें महंगी होने से उनकी जेब पर बोझ भी बढ़ेगा। हां, कैंसर से जुड़ी बीमारियों में इस्तेमाल होने वाली दवाओं और उपकरणों पर कस्टम ड्यूटी घटाने से इलाज कुछ सस्ता होने की उम्मीदें बढ़ी हैं।बजट में शिक्षा क्षेत्र के लिए 1.48 लाख करोड़ का आवंटन किया गया है, जो शिक्षा मंत्रालय को दिया गया अब तक का सबसे बड़ा आवंटन है। 2023 में केंद्र सरकार ने शिक्षा क्षेत्र को 112898.97 करोड़ रु पए आवंटित किए थे, वह भी उस समय तक का सबसे ज्यादा आवंटन था, लेकिन इस बार सरकार ने उस आंकड़े को भी पीछे छोड़ दिया है। बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए 89287 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है, जो पिछले वित्त वर्ष के 88956 करोड़ रुपए के आवंटन से थोड़ा ही ज्यादा है। इसे और ज्यादा बढ़ाने की जरूरत महसूस हो रही थी। दरअसल, वैश्विक मानकों के अनुसार किसी भी देश को स्वास्थ्य पर कम से कम 3 फीसद खर्च करना चाहिए, जबकि भारत में स्वास्थ्य पर करीब 1.3 फीसद ही खर्च हो पा रहा है। बहरहाल, महंगाई और बेरोजगारी से त्रस्त आम आदमी के लिए सरकार ने बजट में कुछ बड़ी राहतों का जो पिटारा खोला है, उसे देखते हुए इस बजट को सभी वगरे को साधता संतुलित बजट कहा जा सकता है।

# शिक्षण प्रक्रिया में समावेशन अत्यावश्यक

//प्रो. सरोज शर्मा//

**वर्तमान शिक्षा के बदलते स्वरूप में शिक्षक शिक्षा कार्यक्रमों की गुणवत्ता जरूरी है जो हमारे देश की भावी पीढ़ी को नया आकार देगी और शिक्षकों की मजबूत पहचान सुनिश्चित करेगी। इसके लिए हमें अपने शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम को नये परिप्रेक्ष्य में प्रस्तुत करने की जरूरत है। इस दिशा में एनईपी-2020 ने शिक्षक शिक्षा कार्यक्रमों के लिए एकीकृत दृष्टिकोण की आवश्यकता को उचित रूप से मान्यता दी है, जिसमें 21वीं सदी के सीखने के कौशल एवं सामग्री के साथ-साथ शिक्षा शास्त्र में उच्च गुणवत्तायुक्त प्रशिक्षण भी शामिल होगा और जो भावी शिक्षकों को बदलते समय की गति के साथ आगे ले जाएगा।**

हमारी प्राचीन शिक्षा प्रणाली ने हमेशा व्यक्ति के समग्र विकास पर ध्यान केंद्रित किया है। इसलिए शिक्षक शिक्षा कार्यक्रमों को गौरवशाली भारतीय संस्कृति और विरासत को दृष्टिगत करते हुए नया स्वरूप दिया जाना चाहिए। शिक्षा सामूहिक सामाजिक प्रयास है जो सुनिश्चित करती है कि प्रत्येक नागरिक गुणवत्तापूर्ण जीवन के लिए अनुशासित होकर अपनी पूर्ण कार्यक्षमता के साथ समाज का महत्त्वपूर्ण सदस्य बने। 21वीं सदी में हम जब वैश्विक समाज में रह रहे हैं तब शिक्षकों के लिए शिक्षा और प्रशिक्षण के बहुमुखी कार्यक्रमों की जरूरत है। शिक्षा पाठ्यक्रम को इस तरह से संशोधित करने की भी आवश्यकता है कि वह समावेशी हो और उसमें आजीवन सीखने, शिक्षार्थियों के विकास और अनुप्रयोगों पर जोर हो। लोकतांत्रिक सिद्धांतों और मूल्यों पर भी बल दिया जाना चाहिए और भावी शिक्षकों के बीच राष्ट्रवाद की भावना को मजबूत करने की दिशा में प्रयास होने चाहिए। पाठ्यक्रम को समाज की लगातार बदलती जरूरतों, नैतिक मानदंडों, प्रौद्योगिकी उन्नति और प्रसार एवं वर्तमान संदर्भ में दूरस्थ-वर्चुअल सीखने की पद्धति का भी संज्ञान लेना चाहिए। राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद संपूर्ण भारत में अध्यापक शिक्षा का नियामक और पथप्रदर्शक है। आज उसकी भूमिका और भी बढ़ती जा रही है। इसने कई महत्त्वपूर्ण कदम उठाए भी हैं। इनमें से 4-वर्षीय एकीकृत अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम (आईटीईपी) महत्त्वपूर्ण कदम है। एक ओर चार वर्षीय विशिष्ट पाठ्यचर्या का निर्माण किया गया है तो दूसरी ओर कुछ चयनित संस्थानों में यह कार्यक्रम चलाया जा रहा जहां नवीन आवश्यकताओं के अनुसार आधारभूत संरचना और मानव संसाधन उपलब्ध हैं। राष्ट्रीय व्यावसायिक मानक (एनपीएसटी) अध्यापकों की गुणवत्ता का एक आधार प्रस्तुत करता है। इससे 21वीं सदी में अध्यापकों की कार्यदक्षता निर्धारित होगी ताकि बदलती तकनीक से वे स्वयं को कुशल बनाते रहे।

राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद का एक और अभिनव प्रयास राष्ट्रीय मेंटरिंग मिशन (एनएमएम) है। यह शिक्षकों को सलाह देने, ज्ञान के औपचारिक-अनौपचारिक प्रसार के साथ ही शिक्षकों के व्यावसायिक कौशल के विकास की दिशा में कार्य करता है। अनेक सरकारी नवाचारों को लागू करने के लिए ब्रिज कोर्स का निर्माण सरल और प्रभावी कदम होगा। जैसे-शारीरिक शिक्षा और योग शिक्षण। इसी प्रकार समावेशी शिक्षा पर भी पाठ्यक्रम जरूरी है। हम अपने समाज में बड़ी संख्या ऐसे बच्चों की पाते हैं, जो किसी न किसी तरह की शारीरिक या मानसिक अक्षमता से ग्रसित होते हैं। उनकी आवश्यकताएं बाकी बच्चों से अलग होती हैं। यही कारण है कि वे कहीं न कहीं शिक्षण की मुख्यधारा से अलग हो जाते हैं। अध्ययन- शिक्षण प्रक्रिया में उनका समावेशन अत्यावश्यक है। शिक्षकों में यह कौशल विकसित करना जरूरी है।

भारत से अतीत में ज्ञान की कई धाराएं प्रवाहित हुई, परंतु कालांतर में कहीं खो गई। शिक्षक का अत्यंत महत्त्वपूर्ण दायित्व उस समर्थ और श्रेष्ठ भारत से विद्यार्थियों का परिचय कराना भी है। अतः एक ओर जहां शिक्षण- अध्यापन सामग्री के पुनरीक्षण के साथ-साथ भारतीय ज्ञान परंपरा के समावेशन की आवश्यकता है, वहीं शिक्षकों को भी इस दिशा में प्रशिक्षित करने की आवश्यकता है। इसमें भारत के दर्शन, चिकित्सा, गणित, खगोल शास्त्र, धातु विज्ञान, जीवन मूल्यों आदि जैसे विविध ज्ञान क्षेत्र से परिचय ब्रिज कोर्स के माध्यम से हो सकता है। सूचना तकनीक आज ज्ञान के प्रसार और शिक्षण का अत्यंत प्रभावी माध्यम है।

यह शिक्षक और शिक्षार्थी के बीच की दूरी को भी कम कर देती है। बदलते परिवेश और और बदलती तकनीक के साथ शिक्षकों का सूचना प्रौद्योगिकी में पारंगत होना समय की आवश्यकता है। तकनीकी विकास ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) जैसी परिष्कृत प्रौद्योगिकी को भी संभव बना दिया है, जो ज्ञान का एक नया संसार है। लेकिन हर प्रौद्योगिकी के साथ उसके न्यायपूर्ण उपयोग की आवश्यकता होती है ताकि संतुलन बना रहे। शिक्षक संतुलन बनाए रखने का महत्त्वपूर्ण माध्यम बन सकता है। शिक्षक शिक्षा में सूचना प्रौद्योगिकी का प्रयोग भविष्य के शिक्षकों के साथ भावी विद्यार्थियों को भी सशक्त बनाएगा।

# प्रभात का कभी सूर्यास्त नहीं हो सकता

मनुष्य जब अस्तित्व में आता है, तो उसकी प्रारंभिक पहचान उसकी देह से होती है। सामान्य व्यक्ति इसी देह के साथ ही एक दिन समाप्त भी हो जाता है। लेकिन समाज में कुछ ऐसे लोग भी जन्म लेते हैं, जिन्हें उनकी देह से नहीं दैदीव्यता से पहचाना जाता है। ऐसे ही मनुष्य को असाधारण, विलक्षण, प्रखर, प्रतापी, विचारवान, दयावान, निर्णायक, परिश्रमी जैसे शब्दों से अलंकृत किया जाता है।

आदरणीय प्रभात झा जी के जीवन काल को हम देखें तो ध्यान में आता है कि उन्होंने सब बातों की चिंता करते हुए यदि किसी एक चीज की चिंता नहीं की तो, वह उनकी देह ही थी। देह से पूर्णतः विरक्त रहकर रक्त-रक्त को परिश्रम की पराकाष्ठा में लगा देना ही प्रभात जी की पहचान थी। बिहार से चलकर मुंबई और ग्वालियर आगमन की यात्रा को जिन लोगों ने देखा, उन्होंने प्रभात जी को एक अभाव में पलने वाले प्रभाव' के रूप में ही देखा। मेरा उनका परिचय 1984 में उस समय हुआ जब माननीय अटल जी ग्वालियर से श्री माधवराव सिंधिया जी के विरुद्ध चुनाव मैदान में थे। एक सभा के मंच के समीप ही उन्होंने मुझे पूछा 'मुझे जानते हो'' मैंने कहा नहीं तो...। वे मुझे पास की दुकान में मौसम्बी रस पिलाने ले गए, वहीं पूरा परिचय दिया। मैं भौंचक्का था, कारण का उल्लेख करना समचीनी नहीं है, बस इतना समझ लीजिए कि मैं उनके नाम को लेकर दुराग्रही था। लेकिन उस पहले परिचय के बाद उन्होंने जिस आत्मीयता के साथ मुझे भाजपा के संभागीय कार्यालय मुखर्जी भवन में आवास उपलब्ध कराने से लेकर पढ़ाई-लिखाई तक की चिंता की, उसने तो मुझे अंदर तक ग्लानि से भर दिया। 'मैं क्या सोचता था और वो क्या निकले।'' समय बीतता गया और बताता गया कि प्रभात जी यानि परिश्रम, प्रभात जी यानि पकड़, प्रभात जी यानि स्मरण शक्ति, प्रभात जी यानि वैचारिक स्पष्टता, प्रभात जी यानि प्रखरता और प्रभात जी यानि अपार संभावना का रास्ता। हुआ भी यही। प्रभात जी के साथ स्वदेश' में कार्य करने का कुछ वर्ष अनुभव रहा। सारा आभा मण्डल प्रभात जी के इर्दगिर्द ही डोलता था। एक समय था जब स्वदेश यानि प्रभात जी थे और प्रभात जी यानि स्वदेश था। रामजन्म भूमि आन्दोलन में मैंने उनकी पत्रकारिता और प्रतिबद्धता को बहुत गहरे से देखा।

ग्वालियर का ऐसा कोई गली मोहल्ला नहीं था, जिसके किसी न किसी परिवार से प्रभात जी का टिफिन न आता हो। लोग पूछते थे प्रभात जी का परिवार नहीं है क्या दरअसल उनका परिवार भी था। भाभी को वर्षों तक समझ ही नहीं आया कि पति मिला है या संन्यासी। खैर! जीवछ और बऊआ नामक बेटों के आने के बाद भी कभी किसी ने यह नहीं देखा कि प्रभात जी पण्डित जी (वे भाभी को पण्डित जी ही कहते थे) के साथ बाजार गए हैं या बेटों को किसी उद्यान की सैर करा रहे हैं। कुल मिलाकर परिवार की जिम्मेदारी से लगभग विरक्त रहकर उन्होंने अपनी यात्रा को समष्टि के लिए इस कदर आगे बढ़ाया कि विचार ने उन्हें भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश का पहला मीडिया प्रभारी बनाया। बाद में वे राष्ट्रीय पदाधिकारी, सांसद और प्रदेश अध्यक्ष भी बने। वे जहां रहे, वहां अपने कृतित्व की सुगंध छोड़ते चले गए। आज भी स्वदेश की बात आए तो प्रभात जी की बात होती है। भाजपा कार्यालय में आज भी उनके उल्लेख के बिना राजनैतिक कौशल पर चर्चा पूरी नहीं हो पाती है। मैं सात वर्षों से अधिक भाजपा का प्रदेश मीडिया प्रभारी रहा, लेकिन मैंने यह अनुभव किया कि इस विभाग पर आज भी सिर्फ प्रभात जी की ही छाप है। यह देखकर मुझे सदैव आनंद ही रहा, क्योंकि वे मेरे पत्रकारिता काल के योग्य अग्रज रहे थे।

## तस्वीरों की दुनिया



डीएमके सांसद कनिमोझी करुणानिधि ने पार्टी नेताओं और समर्थकों के साथ थूथुकुडी में केंद्रीय बजट 2024-25 को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।




दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी मार्लेना कालकाजी गढ़ी में मेगा पीटीएम के दौरान सरकारी स्कूल के छात्रों और उनके अभिभावकों से बातचीत करती हुई।



वदेश मंत्री एस. जयशंकर ने वियनतियाने में 14वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन के विदेश मंत्रियों की बैठक को संबोधित किया।



केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) चौधरी जयंत सिंह नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी और अर्जुन राम मेघवाल के साथ बैठक करते हुए।



मुख्यमंत्री ममता बनर्जी नई दिल्ली में राष्ट्पति भवन में नीति आयोग की नौवीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक से बाहर निकलती हुई।



नवी मुंबई के शाहबाज गांव में तीन मंजिला इमारत गिरने के बाद बचाव कार्य जारी है।



कांग्रेस नेता राहुल गांधी को नई दिल्ली में एक बैठक के दौरान हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट किया

## इजरायल के कब्जे वाले गोलन में फुटबाल मैदान पर रॉकेट हमला, 12 लोगों की मौत



**यरूशलम,28 जुलाई [एजेंसी]।**

इजरायल के कब्जे वाले गोलन हाइट्स में फुटबाल मैदान पर राकेट हमले में बच्चों सहित 10 लोग मारे गए। इजरायल के एन12 न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार इजरायली सेना ने कहा कि राकेट लेबनानी समूह हिज्बुल्ला ने दागा था। हालांकि ईरान समर्थित समूह ने फुटबाल मैदान पर हमले में किसी भी तरह की संलिप्तता से इनकार किया है।फुटबाल मैदान पर राकेट हमले से पहले इजरायल ने शनिवार को लेबनान पर इजरायली हवाई हमला किया था। इसमें चार आतंकी मारे गए। लेबनान में सुरक्षा सूत्रों ने बताया कि दक्षिणी लेबनान में इजरायली हमले में मारे गए चार लड़ाके अलग-अलग सशस्त्र समूहों के सदस्य थे। इनमें से कम से कम एक हिजबुल्ला से जुड़ा था।इजरायली सेना ने कहा कि उसके विमान ने इमारत में घुसने वाले आतंकी सेल की पहचान करने के बाद हिज्बुल्ला से संबंधित एक सैन्य संरचना को निशाना बनाया था। इसके बाद सीमा पार लेबनान से कम से कम 30 राकेट दागे गए। हिजबुल्ला ने इनमें से चार हमलों की जिम्मेदारी ली। संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि सोमवार को इजरायली अभियान शुरू होने के बाद से 180,000 से अधिक फलस्तीनी खान यूनिस से भाग गए हैं। इजरायली सेना ने कहा कि उसने इस क्षेत्र से रॉकेट हमले को रोकने के लिए अभियान शुरू किया, जहां इस साल की शुरुआत में पहले से ही भारी लड़ाई चल रही है।

# दिल्ली के राजेंद्र नगर के कोचिंग इस्टीट्यूट में भरा पानी, अब तक तीन छात्रों की मौत, चश्मदीद ने बताई आंखों देखी

**नईदिल्ली, 28 जुलाई [एजेंसी]।**

राजधानी में सरकार और प्रशासन के कुप्रबंधन के कारण तेज वर्षा से हुए जलभराव के कारण सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी करने वाली दो छात्राओं और एक छात्र की मौत हो गई। घटना ओल्ड राजेंद्र नगर इलाके की है, जहां राव आईएएस स्टडी सर्किल के बेसमेंट में अचानक वर्षा का पानी भर जाने से लाइब्रेरी में पढ़ाई कर रहे 35 से अधिक विद्यार्थी फंस गए। अधिकांश छात्र किसी तरह भागकर बाहर निकल आए, लेकिन बेसमेंट में काफी पानी भर जाने के कारण दो छात्राएं नहीं निकल पाईं। बाद में एक छात्र के भी मरने की सूचना आई। इनमें एक की पहचान तेलंगाना की रहने वाली तान्या के रूप में हुई है। अन्य की पहचान नहीं हो सकी थी। दिल्ली पुलिस ने कहा कि एनडीआरएफ की टीमें मौके पर हैं। बेसमेंट में से पानी निकाला जा रहा है। घटनास्थल के बाहर काफी भीड़ जमा हो गई है और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर रही है।डीसीपी मध्य जिला एम हर्ष वर्धन के मुताबिक बड़ा बाजार मार्ग ओल्ड राजेंद्र नगर के 11-बी में राव आईएएस स्टडी सर्किल है। दूसरी और तीसरी मंजिल पर सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के लिए कोचिंग चलती है। कोचिंग सेंटर में सुबह से रात आठ बजे तक करीब 600 से 700 स्टूडेंट पढ़ने आते हैं। बेसमेंट में लाइब्रेरी है, जिसमें स्टूडेंट पढ़ाई करते रहते हैं।शनिवार शाम को करीब 35 छात्र-छात्राएं बेसमेंट में स्थित लाइब्रेरी में पढ़ाई कर रहे थे। शाम को तेज वर्षा होने से कोचिंग सेंटर के सामने मेन रोड पर पानी जमा हो गया था। सड़क पर कई फीट पानी जमा हुआ था, जो कोचिंग सेंटर के



बेसमेंट में आने लगा। बताया गया है उस दौरान एक तेज रफ्तार थार के गुजरने से प्रेशर से बेसमेंट का गेट टूट गया, जिससे एकदम से बेसमेंट में जाना शुरू हो गया। पास के एक सीवर से भी पानी ओवरफ्लो होकर बेसमेट में जाने लगा, इससे बेसमेंट में पानी का लेवल तेजी से बढ़ गया। किसी तरह बाकी छात्र तो निकल गए, लेकिन एक छात्र और दो छात्राएं फंस गईं। कोचिंग सेंटर प्रबंधन ने शुरुआत में छात्रों को खुद ही बचाने का प्रयास किया, लेकिन बाद में बात बनती न देखकर मामले की सूचना पुलिस व दमकल विभाग को दी गई। बेसमेंट में अंधेरा होने के कारण बचाव कार्य में खासी दिक्कत हुई। हालात बिगड़ते देखकर एनडीआरएफ की टीम को बुलाया गया। पंप के सहारे बेसमेंट से पानी निकालने के अलावा एनडीआरएफ के गोताखारों ने बेसमेंट में घुसकर छात्रों की तलाश शुरू कर दी। इसके बाद कुछ घंटे के अंदर दोनों छात्राओं के शव निकाल लिए गए। चश्मदीद यूपीएससी के छात्र नकुल का कहना है की पानी भरने पर अधिकतर स्टूडेंट निकल गए । मै आखरी छात्र था। मेरे पीछे दो लड़कियां थी जो नहीं निकल पाई। क्योंकि कुछ ही मिनट में 12 फुट पानी भर गया। गेट की तरफ से तेज प्रेशर के पानी आ रहा था। पानी के तेज प्रेशर के कारण स्टूडेंट को सीढ़ियां चढ़ने में परेशानी हो रही थी। पांच मिनट में पूरे बेसमेंट में छत तक पानी भर गया। बेसमेंट की छत की ऊंचाई 12 फीट है। पलक झपकते ही बाढ़ की तरह पानी भर गया।

हमें बचाने के लिए रस्सी फेंकी गई, लेकिन गंदा पानी में हम रस्सियां देख ही नहीं पा रहे थे। आतिशी ने मुख्य सचिव को भारी बारिश और बाढ़ के कारण कोचिंग संस्थान के बेसमेंट में छात्रों के फंसने की घटना की मजिस्ट्रेट जांच शुरू करने का निर्देश दिया है। साथ ही 24 घंटे के भीतर रिपोर्ट मांगी है।दिल्ली की मंत्री आतिशी ने कहा कि दिल्ली में शाम हुई भारी बारिश के कारण एक दुर्घटना की खबर है। राजेंद्र नगर में एक कोचिंग इंस्टीट्यूट की बेसमेंट में पानी भरने के की खबर है। दिल्ली फायर विभाग और ह्ष्ठक्रस्न मौके पर है। दिल्ली की मेयर और स्थानीय विधायक भी वहाँ पर हैं। मैं हर मिनट घटना की खबर ले रहीं हूं।दिल्ली सरकार की मंत्री अतिशी ने एक्स पर पोस्ट कर घटना की जानकारी दी। उन्होंने लिखा - दिल्ली में शाम हुई भारी वर्षा के कारण एक कोचिंग इंस्टीट्यूट की बेसमेंट में पानी भर गया, जिसमें डूबने से दो छात्राओं की मौत हो गई। दिल्ली फायर विभाग और एनडीआरएफ मौके पर है। दिल्ली की मेयर और स्थानीय विधायक भी वहां पर हैं।

# 30 जुलाई को जंतर-मंतर पर आप का हल्ला बोल शीर्ष नेताओं की बड़ी बैठक में तैयार हो गई रणनीति

**नईदिल्ली, 28 जुलाई [एजेंसी]।**


दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी और जेल में उनके बिगड़ते स्वास्थ्य को लेकर 30 जुलाई को जंतर-मंतर पर इंडी गठबंधन विशाल विरोध प्रदर्शन का आयोजन करने जा रहा है। इस विरोध-प्रदर्शन की तैयारियों को लेकर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री और राज्यसभा सांसद डॉ. संदीप पाठक और वरिष्ठ नेता व राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने शनिवार को पार्टी मुख्यालय में बैठक की।इसमें प्रदेश उपाध्यक्ष दिलीप पांडे, जरनैल सिंह, गुलाब सिंह, जितेंद्र सिंह तोमर, राजेश गुप्ता और कुलदीप कुमार मौजूद रहे। इसके अलावा बैठक में संगठन प्रदेश के संगठन मंत्रियों, जिला अध्यक्षों, जिला सचिवों, और पार्टी की सभी विंगों के अध्यक्ष भी शामिल रहे।राज्यसभा सांसद डॉ. संदीप पाठक ने कहा कि आज हमने पार्टी मुख्यालय में एक के बाद एक कई अहम बैठक की। इन बैठकों में हमने 30 जुलाई को जंतर-मंतर पर होने वाले इंडी गठबंधन के विरोध प्रदर्शन की तैयारी और उसकी रणनीति को लेकर प्रदेश के उपाध्यक्षों और अन्य संगठन पदाधिकारियों के साथ विस्तार से चर्चा की। भाजपा सरकार ने पहले तो षड्यंत्र करके दिल्ली के



मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जेल के अंदर बंद कर दिया। इसके बाद अब अरविंद केजरीवाल की जान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल लंबे समय से शुगर के मरीज हैं और उनको रोजाना इंसुलिन दी जाती है। मोदी सरकार ने पहले तो अरविंद केजरीवाल की इंसुलिन रोक दी थी और अब जेल में उनके स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। इंडिया गठबंधन के सभी घटक दल अरविंद केजरीवाल की गिरती सेहत और उनके स्वास्थ्य के साथ किए जा रहे खिलवाड़ को लेकर को लेकर भाजपा के खिलाफ एकजुट हैं। मोदी सरकार के खिलाफ हम 30 जुलाई को जंतर मंतर पर एक विशाल विरोध प्रदर्शन का आयोजन करने जा रहे हैं। डॉ. संदीप पाठक ने कहा कि विशेष अदालत और सुप्रीम कोर्ट के द्वारा जमानत मिलने के बाद भी भाजपा ने अरविंद केजरीवाल को जेल के अंदर बंद कर रखा है।

उनके खिलाफ गहरी साजिश रची जा रही है। उनको जेल में रखने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। जेल में बंद अरविंद केजरीवाल का शुगर लेवल लगातार कम होता जा रहा है, जोकि उनकी जान के लिए बेहद खतरनाक है। राज्यसभा सांसद ने कहा कि मैं भाजपा से कहना चाहता हूं कि अगर आप अरविंद केजरीवाल की काम की राजनीति की बराबरी नहीं कर सकते तो कम से कम आप उनकी जान के साथ खिलवाड़ तो मत कीजिए। हो सकता है कि हम लोगों की विचारधारा अलग हो लेकिन हमारा उद्देश्य एक ही होना चाहिए। हमारा उद्देश्य देश को नंबर वन बनाने का होना चाहिए। उन्होंने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी देशहित में काम करने वाली पार्टी है। हमारे लिए देश सर्वोपरि है। हम देश को नंबर वन बनाने का काम लगातार जारी रखेंगे। हम भाजपा की किसी भी धमकी से डरने वाले नहीं हैं।

## दिल्ली के नजफगढ़ रोड पर बस में बम होने की खबर, इलाके में मचा हड़कंप, मौके पर पुलिस मौजूद



**नईदिल्ली, 28 जुलाई [एजेंसी]।**

दिल्ली से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। दिल्ली पुलिस को नागलोई-नजफगढ़ रोड पर एक बस में बम मिलने को लेकर एक कॉल आई है। वहीं, जानकारी मिलते ही दिल्ली पुलिस की कई टीम और बम स्क्वायड मौके पर पहुंच चुकी है और जांच की जा रही है। दिल्ली पुलिस ने जानकारी दी कि मौके से तार जैसी दिखने वाली एक संदिग्ध वस्तु बरामद हुई है। बीडीएस टीमें स्पष्ट करेंगी। दिल्ली अग्निशमन विभाग ने बताया कि नरेला इलाके में चंचल पार्क, बकरवाला सीएनजी पंप के पास, नांगलोई से नजफगढ़ रोड पर बम मिलने की कॉल आई है। दो फायर टेंडर घटनास्थल पर पहुंचे। जानकारी में कहा गया है कि रूट नंबर 961 (नागलोई से नजफगढ़ रोड) की एक क्लस्टर बस में बम होने का संदेह था और दिल्ली पुलिस ने बम निरोधक दस्ते को बुलाया है।

## दो दिन बाद काम पर लौटे डॉक्टर, सरकार को दिया 15 अगस्त तक का समय, NHM कर्मियों की हड़ताल जारी



**चंडीगढ़, 28 जुलाई [एजेंसी]।**

हरियाणा में दो दिन की हड़ताल के बाद सरकारी अस्पतालों के डॉक्टर शनिवार को काम पर लौट आए। वहीं, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारी लगातार दूसरे दिन भी हड़ताल पर रहे। सरकारी अस्पतालों में मरीजों की मुश्किलें और बढ़ सकती हैं। क्योंकि अब नर्सिंग वेलफेयर एसोसिएशन के बैनर तले सभी नर्सिंग ऑफिसर ने एक व दो अगस्त को दो घंटे काम नहीं करने का एलान कर दिया है। हरियाणा में पिछले चार दिनों से स्वास्थ्य सेवाएं बुरी तरह से चरमराई हुई हैं। दो दिन तक हड़ताल के बाद हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन ने शुक्रवार की रात 12 बजे हड़ताल समाप्त करने का ऐलान कर दिया। एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश ख्यालिया ने बताया कि सीएम के अतिरिक्त प्रधान सचिव अमित अग्रवाल के साथ देर रात तक वार्ता हुई।

इस दौरान सरकार की ओर से आश्वासन दिया गया है कि वे हमारी सभी मांगें 15 अगस्त से पहले पूरी कर देंगे। सरकार और एसोसिएशन के बीच नौ दिन में दूसरी बार सहमति बनी है। इससे पहले 18 जुलाई को डाक्टरों के विशेष काडर का गठन, एसएमओ के सभी पद प्रमोशन से भरने, बांड राशि एक करोड़ से घटाकर 50 लाख रुपये करने समेत कई मांगों पर सहमति बन गई थी, लेकिन अधिसूचना जारी न करने के कारण डॉक्टर 25 जुलाई को हड़ताल पर चले गए थे। 15 अगस्त तक सहमति के बाद प्रदेश के सभी डॉक्टर शनिवार को काम पर लौट आए। डाक्टरों के दो दिन बाद हड़ताल से वापस आने के कारण अस्पतालों में जहां ओपीडी में भारी भीड़ रही, वहीं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत काम करने वाले कर्मचारियों की हड़ताल शनिवार को दूसरे दिन भी जारी रही। इसके चलते अस्पतालों में कई सहयोगी सेवाएं आज भी बाधित रही। डॉक्टरों का सहयोग करने वाले एनएचएम कर्मचारी अस्पतालों के बाहर प्रदर्शन करते रहे।इसी दौरान नर्सिंग वेलफेयर एसोसिएशन हरियाणा के बैनर तले नर्सिंग आफिसर ने हड़ताल का ऐलान कर दिया है। शनिवार को एसोसिएशन की प्रदेश अध्यक्ष विनीता बांगड़ ने बताया कि दो दिन काले बिल्ले लगाकर रोष व्यक्त करने के बावजूद सरकार द्वारा उनकी मांगों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई।

# पहाड़ों पर बाढ़ और भूस्खलन ने मचाया कहर, कई गांवों में मकान ढहे, हाईवे पर लंबा जाम

**नईदिल्ली, 28 जुलाई [एजेंसी]।**

पहाड़ों में लगातार हो रही वर्षा और भूस्खलन के चलते लोगों की परेशानी बढ़ गई है। टिहरी में बादल फटने, भूस्खलन और नदी-नालों के उफनाने की घटनाओं से व्यापक पैमाने पर क्षति हुई है। बूढ़ाकेदार के तोली गांव में शुक्रवार रात बादल फटने से हुए भूस्खलन से मकान ध्वस्त हो गया। इसके मलबे में दबकर मां-बेटी की जान चली गई। घर के तीन सदस्यों ने किसी तरह भागकर जान बचाई। दूसरी ओर मनाली के पास अंजनी महादेव नाले में शनिवार सुबह बाढ़ आने से मनाली-लेह मार्ग लगभग सात घंटे बंद रहा। बाढ़ आने से सड़क पर पत्थर व मिट्टी आ गई थी। उत्तराखंड के टिहरी क्षेत्र में तिनगढ़ गांव में प्रशासन ने भूस्खलन का खतरा देखते हुए गांव के लगभग 80 घरों को शनिवार सुबह ही खाली कराकर परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर भेज दिया था। शाम को भूस्खलन से यहां 15 मकान ध्वस्त हो गए। दोनों गांवों के लोग दहशत में हैं। प्रशासन की टीम राहत और बचाव कार्य में जुटी है। रुद्रप्रयाग में केदारनाथ राजमार्ग में भूस्खलन होने से यात्रियों को नौ घंटे तक पड़ावों में ही रोका गया। यहां करीब 2500 यात्री फंसे रहे। बद्रीनाथ हाईवे, कंचनगंगा के पास 12 घंटे से अधिक समय तक बंद रहा। उत्तरकाशी में गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग भी चार घंटे बाधित रहा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने टिहरी जिला प्रशासन को प्रभावित क्षेत्र के संवेदनशील गांवों को तत्काल चिह्नित करते हुए प्रभावितों को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट करने के निर्देश दिए हैं। बादल फटने से बालगंगा और धर्मगंगा नदियों का रौद्र रूप देख बूढ़ाकेदार घाटी के हजारों ग्रामीण रात भर जागते रहे। उधर, झाला गांव में धर्मगंगा नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण नेपाली मूल के परिवार की झोपड़ी बह गई। इस दौरान मां-बेटी लापता हो गईं। जबकि दो लोगों ने किसी तरह भागकर जान बचाई। शुक्रवार की रात और शनिवार को उत्तरकाशी में भागीरथी ने रौद्र रूप ले लिया। इस कारण भगीरथ शिला से लेकर से लेकर घाट किनारे की दुकानें खाली करवानी करनी पड़ी। उफान के कारण गंगोत्री के निकट दिशानंद महाराज आश्रम में चार कुटिया बह गईं। एक साधु का रेस्क्यू किया गया।

## नरम पड़े हुड्डा और सैलजा के तेवर, पोस्टर-बैनरों पर दिखे एक दूसरे के फोटो

**चंडीगढ़, 28 जुलाई [एजेंसी]।**

हरियाणा में कांग्रेस दिग्गजों के बीच बढ़ रही गुटबाजी पर पार्टी हाईकमान ने कड़ा संज्ञान लिया है। कांग्रेस महासचिव एवं सांसद कुमारी सैलजा को जहां अपनी पदयात्रा के पोस्टर में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा व प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान के फोटो लगाने पड़ गए हैं, वहीं भूपेंद्र सिंह हुड्डा के कार्यक्रमों में भी बैनरों पर कुमारी सैलजा के फोटो दिखाई देने लगे हैं। कांग्रेस हाईकमान ने पार्टी के सभी दिग्गजों को एकजुट होकर जनता के बीच जाने तथा मिलकर विधानसभा चुनाव लड़ने का संदेश दिया है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस में किसी तरह की गुटबाजी नहीं है और सभी अपने-अपने तरीके से कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने तथा सत्ता में लाने के लिए काम कर रहे हैं। कांग्रेस महासचिव कुमारी सैलजा ने शनिवार को अंबाला शहर से पदयात्रा आरंभ की है। संसद का सत्र चलने की वजह से सैलजा रुक-रुककर पदयात्रा करेंगी। सैलजा राज्य की उन 44 शहरी विधानसभा सीटों पर



दस्तक देंगी, जहां भाजपा मजबूत और कांग्रेस कमजोर है। रोहतक के सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा 15 जुलाई से पूरे प्रदेश में पदयात्रा निकाल रहे हैं। उन्होंने अभी तक नौ जिलों की 13 विधानसभा सीटें कवर की हैं।दीपेंद्र हुड्डा राज्य की सभी 90 विधानसभा सीटों को कवर करने का इरादा रखते हैं। लोकसभा में भी दीपेंद्र हुड्डा हरियाणा के हितों से जुड़े मुद्दे उठा रहे हैं। उनकी पदयात्रा के दूसरे चरण का कार्यक्रम सोमवार तक जारी हो जाने की संभावना है। 20 अगस्त के बाद पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा पूरे प्रदेश में रथयात्रा निकालेंगे। प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान भी उनके साथ रथ पर सवार होंगे। पदयात्राओं के माध्यम से हुड्डा और सैलजा गुट कांग्रेस हाईकमान में अपनी ताकत दिखाने का काम कर रहे हैं। दीपेंद्र हुड्डा पदयात्रा के दौरान कांग्रेस के चुनाव घोषणा पत्र के लिए लोगों के सुझाव ले रहे हैं। साथ ही विधानसभा चुनाव के लिए जिताऊ चेहरों को चिन्हित कर रहे हैं।

सैलजा के साथ रणदीप सुरजेवाला और बीरेंद्र सिंह जुड़े हैं। एसआरके गुट की बजाय सैलजा गुट अब एसआरबी गुट कहलाने लगा है, जबकि हुड्डा गुट अलग से प्रभावशाली भूमिका में है। सैलजा ने कांग्रेस संदेश यात्रा का जो पोस्टर जारी किया था। उस पर हुड्डा व उदयभान का फोटो नहीं था, लेकिन शनिवार को पदयात्रा आरंभ होने से पहले सैलजा के एक्स हेंडिल से एक पोस्ट जारी हुई, जिसमें हुड्डा व उदयभान का फोटो दिखाई देने लगा है। इसी तरह, भूपेंद्र सिंह हुड्डा द्वारा सिरसा यानी सैलजा के गढ़ में किए गए जिला कार्यकर्ता सम्मेलन के बैनर पर सैलजा का फोटो नजर आया। इसके माध्यम से हुड्डा गुट ने यह संदेश देने की कोशिश की है कि कांग्रेस एकजुट है। रेवाड़ी में भी हुए जिला कार्यकर्ता सम्मेलन में हुड्डा के मंच पर जो बैनर लगा, उसमें सैलजा का फोटो था। इस कार्यक्रम के आयोजक कैप्टन अजय यादव और चिरंजीव राव थे।

## कई राज्यों में नियुक्त हुए राज्यपाल, संतोष गंगवार को झारखंड तो लक्ष्मण प्रसाद को असम की जिम्मेदारी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शनिवार देर रात राजस्थान, झारखंड, पंजाब समेत कई राज्यों में कई राज्यपालों की नियुक्ति की। लक्ष्मण प्रसाद आचार्य को मणिपुर के अतिरिक्त प्रभार के साथ असम का राज्यपाल बनाया गया है। वहीं, संतोष कुमार गंगवार झारखंड के नये राज्यपाल होंगे, वह सी पी राधाकृष्णन की जगह लेंगे। सी पी राधाकृष्णन को महाराष्ट्र का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। गुलाब चंद कटारिया को बनवारीलाल पुरोहित के स्थान पर पंजाब का राज्यपाल बनाया गया है। राष्ट्रपति भवन द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने गुलाब चंद कटारिया का स्थान लिया है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक पद से पुरोहित का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। असम के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया पंजाब के राज्यपाल और केंद्रशासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक होंगे।

बयान में कहा गया कि सिक्किम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य को असम का राज्यपाल नियुक्त किया गया है और उन्हें मणिपुर के राज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। साथ ही बयान में कहा है कि हरिभाऊ किसनराव बागड़े को राजस्थान का राज्यपाल नियुक्त किया गया है, जिष्णु देव वर्मा तेलंगाना के राज्यपाल होंगे और ओम प्रकाश माथुर सिक्किम के नए राज्यपाल होंगे। विज्ञप्ति के अनुसार रमेन डेका को छत्तीसगढ़ का राज्यपाल और सी एच विजयशंकर को मेघालय का राज्यपाल नियुक्त किया गया है।

# थाने में सीबीआई छापे पड़ने की फैली सोशल मीडिया पर अफवाह, दिल्ली पुलिस में दिनभर मचा रहा हड़कंप

**नईदिल्ली, 28 जुलाई [एजेंसी]।**

दिल्ली के थाने और चौकी में सीबीआई के छापे में कई पुलिसकर्मियों के रिश्वत की रकम के साथ गिरफ्तार होने की अफवाह से शनिवार को दिनभर दिल्ली पुलिस में हड़कंप मचा रहा। पुलिसकर्मियों के वॉट्सऐप ग्रुपों में छापों से संबंधित संदेश वायरल होने से वे एक-दूसरे को फोन कर सच्चाई का पता लगाने में जुटे रहे। हाल के महीने में थानों में लगातार सीबीआई के छापे पड़ने व पुलिसकर्मियों को रिश्वत लेते पकड़े जाने के बाद इस तरह की अफवाह फैली, जिससे दिल्ली पुलिस दहशत में आ गई। जब सभी सूचनाएं अफवाह निकलीं तब दिल्ली पुलिस ने राहत की सांस ली। शनिवार सुबह अफवाह फैली कि सीबीआई की टीम





जब किसी शिकायत पर रेड करने प्रेम नगर थाने पहुंची तब वहां तैनात ड्यूटी ऑफिसर महिला हवलदार सुमित्रा ने उनसे पूछा कि उन्हें किनसे मिलना है।

सीबीआई कर्मी द्वारा तेज आवाज में हवलदार से बात करने पर कहासुनी हो गई। इस पर गुस्से में महिला हवलदार ने एक सीबीआई कर्मी को तमाचा जड़ दिया। सीबीआई कर्मी के साथ बदसलूकी करने पर मामला बिगड़ गया। बाद में सीबीआई के वरिष्ठ अधिकारियों ने हस्तक्षेप कर मामले को शांत कराया। लेकिन इससे सीबीआई की रेड सफल नहीं हो पाई। अधिकतर पुलिसकर्मी थाना छोड़ बाहर निकल गए। पूरे रोहिणी जिले में रात तक इसकी चर्चा होती रही।इसके बाद दूसरी अफवाह सीबीआई द्वारा शालीमार बाग थाने में एक सब इंस्पेक्टर को ढ़ाई लाख रिश्वत लेते गिरफ्तार किए जाने की अफवाह फैली। तीसरी अफवाह नई दिल्ली जिला के स्पेशल स्टाफ के इंचार्ज संजय गुप्ता की टीम के सदस्य एक एएसआई को सीबीआई द्वारा रिश्वत की रकम के साथ गिरफ्तार किए जाने की अफवाह फैली। चौथी अफवाह सराय काले खां चौकी में एक पुलिसकर्मी को रिश्वत की रकम के साथ गिरफ्तार किए जाने की अफवाह फैली। जिससे दिन भर दिल्ली पुलिस में इसको लेकर चर्चा होती रही।पुलिस के आंकड़ों को देखें तो इस साल अब तक करीब 30 से 40 पुलिसकर्मियों को सीबीआई रिश्वत लेते गिरफ्तार कर चुकी है। इनमें अधिकतर पुलिसकर्मी अब तक तिहाड़ जेल में ही बंद है। उन्हें जमानत नहीं मिल पाई है।

## विधानसभा चुनाव से पहले जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल हो, मीर की बड़ी मांग, बोले- प्रशासन व लोगों के बीच संपर्क नहीं



**जम्मू, 28 जुलाई [एजेंसी]।**

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव गुलाम अहमद मीर ने कहा है कि विधानसभा चुनाव से पहले जम्मू कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि लोकप्रिय सरकार के न होने पर लोगों की समस्याएं का समाधान नहीं हो रहा है और प्रशासन व लोगों के बीच सही तरीके से संपर्क नहीं है।उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार जम्मू कश्मीर में लोकप्रिय सरकार का गठन जल्द नहीं होने देना चाहती। दक्षिण कश्मीर के दोरू के लरकीपोरा में पार्टी कार्यकर्ताओं के सम्मेलन को संबोधित करते हुए मीर ने कहा कि भाजपा चुनाव से इसलिए दूर भाग रही है क्योंकि इसकी हकीकत भाजपा को पता है। विधानसभा चुनाव में भाजपा को हार का मुंह देखना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि लोगों की समस्याएं दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। बिजली, पानी, सिंचाई की सुविधा समेत कई समस्याओं हैं जिनका समाधान नहीं हो रहा। बेरोजगारी एक मुख्य मुद्दा है। मीर ने किश्तवाड़ में सड़क हादसे में एक ही परिवार के आठ सदस्यों की मौत पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना जताई।

# अंडरआर्म्स की बदबू से होना पड़ रहा शर्मसार, इन तरीकों से रहिए हमेशा खिली-खिली



मानसून ने दस्तक दे दी है, जिसकी वजह से कभी जोरदार बारिश हो रही है तो कभी उमस दम निकाल देती है और जमकर पसीना आता है. इसकी वजह से अंडरआर्म्स में पसीना जम जाता है और इस जगह से बदबू आने लगती है. इसकी वजह से कई बार लोग आपके पास बैठना भी पसंद नहीं करते हैं और आपको शर्मसार होना पड़ता है. आइए आपको ऐसे तरीके बताते हैं, जिससे आपको अंडरआर्म्स की बदबू से निजात मिल जाएगी और हमेशा खिली-खिली रहेंगी.

**सूती कपड़ों से मिलेगी काफी मदद**

गर्मी और मानसून के दौरान हमेशा सूती कपड़े पहनने चाहिए. दरअसल, सूती कपड़ों में हवा आसानी से आर-पार होती रहती है, जिससे आपकी स्किन आराम से हवा के संपर्क में रहती है और पसीना नहीं आता है. वहीं, सूती कपड़े पसीने को आराम से सोख भी लेते हैं, जबकि सिंथेटिक कपड़ों में पसीना नहीं सूखता और वह बदबू मारने लगता है. गर्मियों और मानसून में हमेशा हल्के रंग के और ढीले-ढाले सूती कपड़े पहनने चाहिए, जिससे आपके अंडरआर्म्स पर पसीना कभी नहीं टिकेगा.

**लूफा के इस्तेमाल से भी मिलती है राहत**

नहाते वक्त आप अंडरआर्म्स को लूफा की मदद से आसानी से साफ कर सकती हैं. यह डेड स्किन को हटा देता है, जिससे अनचाही बदबू नहीं आती है. हालांकि, यह बात ध्यान रखने वाली है कि इस्तेमाल करने के बाद लूफा को भी अच्छी तरह साफ करना चाहिए, वरना इसमें फंसी डेड स्किन की वजह से इंफेक्शन होने का खतरा भी रहता है.

**अंडरआर्म्स साफ रखने से भी दूर होगी दिक्कत**

काफी लोग अपने अंडरआर्म्स साफ नहीं करते हैं, जिसकी वजह से वहां बाल आदि बने रहते हैं, जिनमें गंदगी भर जाती है. ऐसे में अंडरआर्म्स को समय-समय पर शेव करना चाहिए या हेयर रिमूवर क्रीम का इस्तेमाल करके उन्हें हटाना चाहिए. इससे अंडरआर्म्स में पसीना नहीं टिक पाता है.

**एंटीपर्सपिरेंट का यूज भी देता है राहत**

अगर आप अंडरआर्म्स क्लीन रखती है, लेकिन बदबू से निजात नहीं मिल रही है तो आप एंटीपर्सपिरेंट भी यूज कर सकती हैं. यह डियो से बेहतर तरीके से काम करता है. दरअसल, डियो सिर्फ बदबू को दबा देता है, जबकि एंटीपर्सपिरेंट की वजह से पसीना नहीं आता है, क्योंकि यह पसीने वाली ग्लैंड्स को ब्लॉक कर देता है.

**नहाने के तुरंत बाद न पहनें कपड़े**

कामकाज को लेकर अक्सर इतनी ज्यादा जल्दी होती है कि महिलाएं नहाने के तुरंत बाद कपड़े पहनना शुरू कर देती हैं. इसकी वजह से शरीर पूरी तरह से नॉर्मल नहीं हो पाता है और पसीना बनने लगता है. नहाने के बाद शरीर को सूखने के लिए कुछ वक्त देना चाहिए. इसके बाद ही कपड़े पहनने चाहिए, जिससे अंडरआर्म्स गीले नहीं रहेंगे और आपको बदबू की दिक्कत नहीं होगी.

# वेट लॉस और फैट लॉस में अंतर समझना बेहद जरूरी, कई लोग करते हैं ये गलती

मोटापा बढ़ने से कई तरह की बीमारियां शरीर को घेर लेती हैं. खराब लाइफस्टाइल और खानपान की वजह से लोग तेजी से मोटापे का शिकार बन रहे हैं. ऑफिस या घर में एक ही जगह घंटों-घंटों तक बैठे रहने से शरीर में चर्बी जमा होने लगती है, जिसे कम करने के लिए ज्यादातर लोग खूब पसीना बहाते हैं.

हालांकि, कई बार तरीका सही न होने की वजह से वजन कम होने की बजाय बढ़ भी सकता है. दरअसल, कई लोग वेट लॉस और फैट लॉस में अंतर नहीं समझ पाते हैं, जिसकी वजह से उन्हें कई दिक्कतें होने लगती है. ऐसे में आइए जानते हैं वेट लॉस और फैट लॉस में क्या अंतर है...



**वेट लॉस और फैट लॉस में अंतर**

मोटापा घटाने के लिए सिर्फ वेट लॉस करना ही सही नहीं होता है. इस प्रक्रिया में शरीर के वजन से मसल्स, पानी, ग्लाइकोजन और फैट कम होता है. फैट लॉस में शरीर में पहले से ही स्टोर बॉडी फैट कम करते हैं, इसलिए यह ज्यादा अच्छा माना जाता है. यही कारण है कि फिट रहने के लिए वेट लॉस नहीं बल्कि फैट लॉस करने पर फोकस करना चाहिए.

**फैट कैसे घटाएं, मसल्स कैसे बचाएं**

प्रोटीन से भरपूर डाइट लें

शरीर के लिए प्रोटीन बेहद जरूरी तत्व है. यह मांसपेशियों को मेंटेन रखने का काम करता है और नई मांसपेशियों का विकास करता है, जो वेट लॉस के दौरान मददगार होती हैं.

**एक्सरसाइज करें**

रोजाना एक्सरसाइज कर मांसपेशियों को लूज करने से बचा सकते हैं. यह फैट लूज करने का सबसे अच्छा तरीका माना जाता है. कई स्टडी में भी साबित हो चुका है कि मोटापे के शिकार लोग हफ्ते में अगर तीन बार कार्डियो और वेट ट्रेनिंग करते हैं तो उनमें मसल्स मेंटेन और वेट लॉस एक्सरसाइज न करने वालों की तुलना में ज्यादा बेहतर तरीके से होता है.

**कम कैलोरी डाइट**


वजन या मोटापा घटाने के लिए कम कैलोरी वाले फूड्स खाने चाहिए. कम कैलोरी और एक्सरसाइज से वजन कम रखा जा सकता है. अपनी डाइट में फल, सब्जियां, साबुत अनाज, लीन प्रोटीन जैसी चीजों को शामिल कर सकते हैं. वहीं, डेयरी प्रोडक्ट्स, कम मीठी चीज या ड्रिंक्स से एक्स्ट्रा कैलोरी को कम किया जा सकता है.

# खतरों के खिलाड़ी की कड़ी तैयारी के तहत निमृत कौर अहलूवालिया ने एमएमए, किक बॉक्सिंग की शुरुआत की

अभिनेत्री निमरित कौर अहलूवालिया ने हाल ही में लोकप्रिय रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी के लिए अपनी कड़ी और परिवर्तनकारी तैयारी के बारे में खुलासा किया। उनकी यात्रा को एक कठोर और विविध कसरत व्यवस्था द्वारा चिह्नित किया गया था, जिसे शारीरिक और मानसिक दोनों को बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किया गया था।निमरित ने साझा किया, मैंने एमएमए और किक बॉक्सिंग को अपने वर्कआउट शासन में शामिल किया।

एमएमए के साथ मैंने अपनी मानसिकता में एक संपूर्ण बदलाव का अनुभव किया है। आप सीखते हैं कि परिस्थितियों के बावजूद कैसे हार नहीं माननी चाहिए, जिसने मुझे मानसिक रूप से शो में आगे बढ़ाया और नेतृत्व किया। मैने शो के दौरान कभी भी कोई स्टंट नहीं छोड़ा। एमएमए के अलावा, मेरे शासन में क्रॉसफ़िट, स्ट्रेंथ ट्रेनिंग और मोबिलिटी शामिल थी। तैयारी के दौरान मुझे रिकवरी के महत्व का और भी अधिक एहसास हुआ, जो कि हम अक्सर अपने शरीर को पर्याप्त मात्रा में नहीं देते आगे बाधा उत्पन्न हो सकती है। मैं समझ गई कि संतुलन बनाना जरूरी है।

इसलिए हमेशा अपने शरीर की सुनें और समय पर बर्फ से स्नान और मालिश करना सुनिश्चित करें।अपनी तैयारी के प्रति निमरित का समर्पण न केवल उनके शारीरिक परिवर्तन में बल्कि उनकी मानसिक दृढ़ता में भी स्पष्ट है, जो उनके प्रशंसकों के लिए एक आदर्श उदाहरण है। उनकी यात्रा संतुलन, पुनर्प्राप्ति और मानसिक शक्ति के महत्व को रेखांकित करती है, जिससे कई लोगों को नए जोश के साथ अपने स्वयं के फिटनेस और कल्याण लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरणा मिलती है।





**Sonakshi Sinha ने शेयर की बेचुलर पार्टी की स्टनिंग तस्वीरें, मिनी ड्रेस में जहीर की मिसेज ने फ्लॉन्ट की टोन्ड लेग्स एक्ट्रेस ने 23 जून को बॉयफ्रेंड जहीर इकबाल संग कोर्ट मैरिज की थी।**

# गंदे से गंदे बर्तन चायपत्ती से होंगे चकाचक साफ, इस तरह से करें इस्तेमाल



रोजाना घर की कितनी सफाई कर लें। लेकिन कहीं ना कहीं कमी रह ही जाती है। वहीं किचन की सफाई में कुछ ना कुछ रहता ही है। अब रसोई घर की कुछ चीजें साफ करने के लिए हम आपके लिए जबरदस्त ट्रिक लेकर आए आइए जानते हैं।

ज्यादातर लोग चायपत्ती का इस्तेमाल टेस्टी चाय पीने या फिर खाद के तौर पर किया होगा। वहीं, कई लोग हैं चायपत्ती को बेकार समझकर फेंक देते हैं। लेकिन यह अब कचरा नहीं रहा। इसका इस्तेमाल आप साफ-सफाई में कर सकते हैं। चाय बनाने के बाद आप इसका रियूज कर सकते हैं। इसे आप किचन के सामान की क्लीनिंग के लिए कर सकते हैं।

किचन में रखें प्लास्टिक के डिब्बों में चिकनाई लग जाती है, इसे क्लीन करने के लिए आप बची हुए चायपत्ती को प्रायोग कर सकते हैं। डिब्बे साफ करने के लिए सबसे पहले बची हुई चायपत्ती को एक बर्तन पानी में डालकर उबाल लीजिए। इस घोल से डिब्बों को स्पंज की मदद से रगड़कर साफ कर लें।

बची हुई चायपत्ती और लिक्विड डिशवॉश के घोल से आप कांच के बर्तनों के दाग और चिकनाई को हटा सकते हैं। इसके साथ ही घर के कांच भी साफ कर सकते हैं। क्लीनिंग के लिए बर्तनों पर इस घोल को लगाकर साफ कपड़े के मदद से हल्के हाथों से रब करें। फिर इसे आप साफ पानी से धो ले। इससे कांच एक दम चमक जाएगा।

सिंक की सफाई के लिए आपको एक बर्तन में एक कप में एक चम्मच चाय पत्ती, 2 चम्मच डिटर्जेंट पाउडर या जेल, 2 चम्मच बाथरूम क्लीनर और 2 चम्मच कास्टिक सोडा डालकर उबाल लीजिए। इसे छन्नी से छानने के बाद सिंक के ऊपर अच्छी तक ब्रश की मदद से फैला दीजिए। 15 मिनट तक ऐसे ही छोड़ दें इसके बाद रगड़कर साफ कर लें।


# निक्की तंबोली ने पिंक क्रॉप टॉप और लॉन्जरी में अपने कर्व्स किए फ्लॉन्ट, एक्ट्रेस की हॉट तस्वीरें सोशल मीडिया पर हुई वायरल

बिग बॉस सीजन 14 में बोल्ड अंदाज और खूबसूरती से फैंस को दीवाना बनाने वाली निक्की तंबोली इन दिनों अपनी तस्वीरों को लेकर सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं। अपनी हर पोस्ट से लागों को अपनी ओर अट्रेक्ट करने वाली एक्ट्रेस निक्की अपने हुस्न का जलवा बिखेरने में कोई कसर नहीं छोड़ती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस निक्की तंबोली ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की हैं।, जिनमें वह पिंक क्रॉप टॉप और लॉन्जरी में बेहद खूबसूरत लग रही हैं. निक्की तंबोली ने इन तस्वीरों में अपने कर्व्स को फ्लॉन्ट किया है और लाइट मेकअप और खुले बालों के साथ बेहद कातिलाना लग रही हैं. निक्की तंबोली की ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं और उनके फैंस इन पर जमकर प्यार लुटा रहे हैं. एक्ट्रेस की ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर तहलका मचा रही हैं।

साउथ एक्ट्रेस निक्की तंबोली हमेशा अपनी बोल्ड और हॉटनेस भरे अंदाज को लेकर लाइमलाइट में रहती हैं।

निक्की तंबोली जब भी अपनी तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर करती हैं तो वो तेजी से वायरल होने लगती हैं।

एक्ट्रेस निक्की तंबोली आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट इंस्टाग्राम पर शेयर कर फैंस को मदहोश कर देते हैं।



बता दें कि एक्ट्रेस निक्की तंबोली का हर एक लुक फैंस के बीच ट्रेंड करता है। और आए दिन वो अपनी अदाओं से इंटरनेट का पारा बढ़ाती रहती हैं।

निक्की तंबोली अपने लुक्स से बी-टाउन की बड़ी-बड़ी हसीनाओं को मात देती हैं।

इन तस्वीरों में एक्ट्रेस कैमरे के सामने अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट करती हुई फैंस का सारा अटेंशन अपनी ओर खींच रही हैं।

इन तस्वीरों में एक्ट्रेस कैमरे के सामने अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट करती हुई फैंस का सारा अटेंशन अपनी ओर खींच रही हैं।

फैंस निक्की की खूबसूरती की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं और उनकी इन तस्वीरों को खूब लाइक और शेयर कर रहे हैं.

# बारिश के दौरान भुट्टा खाने से सेहत को मिलते हैं जबरदस्त फायदे, नहीं होंगी बीमारियां

मानसून सीजन में भुट्टा खाने का एक अलग ही मजा आता है। बरसात के दौरान ज्यादातर भुट्टा या कॉर्न चाट खाते हैं जिसका टेस्ट काफी मजेदार होता है। लेकिन क्या आप जानते हैं भुट्टा खाने से कई बीमारियों से छुटकारा मिलता हैं वहीं सेहत के लिए बेहद फायदेमंद होती है।

बरसात के मौसम में लोग भुट्टा खाना काफी पसंद करते हैं। वैसे इसमें बहुत से पोषक तत्व पाए जाते हैं। बारिश के समय में भुट्टा खाने का अलग ही मजा आता है। भुट्टा के सेवन से कई समस्याओं से राहत मिलती है। दरअसल, भुट्टा में फाइबर, विटामिन ए, आयरन और फोलिक एसिड जैसे कई पोषक तत्व पाए जाते हैं। इसके सेवन से स्वास्थ्य को कई लाभ प्राप्त होते हैं। आइए जानते हैं भुट्टा सेवन करने के फायदे।

**पाचन समस्या दूर होती**

बरसात के मौसम में भुट्टा खाने से पाचन की समस्या दूर होती है और अपच और गैस जैसी पाचन संबंधी समस्याओं से राहत मिलती है।

**इम्यूनिटी बूस्ट होगी**

बारिश के मौसम में भुट्टा खाने से शरीर को कई फायदे होते हैं। भुट्टे में कई पोषक तत्व पाए जाते हैं। इसका सेवन करने से सेल्स को मजबूती देने में मदद करता है। इसके सेवन से इम्यूनिटी बूस्ट होती है और बीमरियों से बचाव होता है।



**ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करता**

भुट्टे में फाइबर, विटामिन्स और अन्य पोषक तत्व पाए जाते हैं। इसका सेवन करने से ब्लड प्रेशर को कंट्रोल में रखने का मदद मिलती है।

**स्किन के लिए बढ़िया**

भुट्टा खाने से स्किन को काफी फायदा मिलता है। बरसात के दौरान भुट्टा खाने से स्किन के रैशेज और रेडनेस की समस्या में काफी राहत मिलती है।

**वजन कम करने में मददगार**

भुट्टा में प्रचुर मात्रा में फाइबर होता है। ऐसे में इसे खाने से पाचन को दुरुस्त करने के साथ-साथ वजन कम करने में मदद मिलेगी।

## शब्द सामर्थ्य -108

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

**ऊपर से नीचे**

1. हृदय, उर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंततः, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बर्बादी, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रीय 17. आखेटक, अहेरी 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 107 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चु | स्त | | मु | | सं | स्था | न | |
| ग | | म | र्दा | न | गी | | त | म |
| ली | प | ना | | | त | न | | |
| | ना | ना | | | | | ज | |
| मा | ह | | रा | | सा | ज | न | |
| न | | स | ह | दे | व | | म | द |
| व | | म | | व | न | ज | | ल |
| ता | क | त | व | र | | मी | | द |
| | ल | ल | क | | क | र | त | ल |

# मानसून के दौरान होने वाला जोड़ों का दर्द होगा दूर, बस फॉलो करें ये 4 आसान टिप्स

क्या आप इस मानसून में जोड़ों के दर्द से बचना चाहते हैं? इन 4 महत्वपूर्ण टिप्स का पालन करें और बरसात के मौसम में अपने जोड़ों का अत्यधिक ख्याल रखें।

कई लोगों को मानसून के मौसम में जोड़ों से संबंधित समस्याओं का अधिक अनुभव होता है जैसे कि क्रोनिक जोड़ों का दर्द, गठिया, मांसपेशियों में दर्द, ऑस्टियोआर्थराइटिस और जोड़ों में दर्द और अकड़न होना। मानसून के दौरान जोड़ों के दर्द को विभिन्न कारक प्रभावित कर सकते हैं जैसे आर्द्रता, नमी का स्तर और वायुमंडलीय दबाव।

एचटी लाइफस्टाइल के साथ एक इंटरव्यू में एक्सपर्ट ने बताया जब जलवायु में बदलाव होता है या भारी वर्षा होती है तो वायुमंडलीय दबाव काफी कम हो जाता है। जब आपका शरीर इन परिवर्तनों का पता लगाता है और डिकोड करता है तो इसके परिणामस्वरूप आपके कोमल ऊतकों में जलन और सूजन हो जाती है, जिससे आपके जोड़ों में तरल पदार्थ का विस्तार होता है। यह विस्तार आपके जोड़ों के आसपास हो सकता है जो आसानी से आपकी नसों में जलन पैदा कर सकता है और



ट्रिगर कर सकता है, जिसके परिणामस्वरूप आपके जोड़ों के आसपास तीव्र दर्द हो सकता है।

मानसून के मौसम में तापमान में अचानक उतार-चढ़ाव होता है, जो किसी के जोड़ों के स्वास्थ्य पर असर डाल सकता है। ऐसा कहा जाता है कि बरसात के मौसम में वायुमंडलीय दबाव सीधे तौर पर जोड़ों और मांसपेशियों में तीव्र दर्द का कारण बनता है। जब मौसम में अनिश्चितता हो तो गर्म और आरामदायक रहना आवश्यक हो जाता है, अपने आप को गर्म मोजे और दस्ताने के साथ पूरी आस्तीन वाली टी-शर्ट और लंबी पैंट से ढकें। नियमित रूप से गर्म पानी से नहाने से बारिश के मौसम में जोड़ों के दर्द से राहत मिल सकती है।

पूरे दिन व्यायाम या शारीरिक गतिविधियों में व्यस्त न रहने से जोड़ों के दर्द को बढ़ावा मिल सकता है, जिससे मानसून के दौरान वे कठोर और दर्दनाक हो सकते हैं। इसलिए, योग, ध्यान, दौड़ना, लंबी सैर, वर्कआउट, तैराकी और साइकिलिंग जैसी शारीरिक गतिविधियों या व्यायामों में शामिल होकर अपनी गतिशीलता बनाए रखना महत्वपूर्ण हो जाता है।

मानसून के मौसम में जोड़ों से संबंधित समस्याओं को हल करने के लिए स्वस्थ भोजन खाना फायदेमंद हो सकता है। ऐसे फल और सब्जियां खाने की कोशिश करें जो एंटीऑक्सिडेंट, विटामिन ई और पोषक तत्वों से भरपूर हों क्योंकि ये गुण सूजन को कम करने में मदद करते हैं और धीरे-धीरे दर्द को कम करते हैं। गर्म सब्जियों का सूप पीना न केवल आपके संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए बल्कि आपके जोड़ों के लिए भी फायदेमंद हो सकता है।

### एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र का है मामला

# अधिकारी की तानाशाही के विरुद्ध न्यायालय ने दिया स्थगन आदेश

**बैकुंठपुर।** गत दिवस एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र के कतिपय अधिकारियों की मनमानी के विरुद्ध माननीय उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ द्वारा अगली सुनवाई तक स्थगन आदेश स्टे आर्डर जारी किया गया।

न्यायालय के द्वारा जारी आदेश से निश्चित ही उन मजबूर श्रमिकों को आत्म बल मिलेगा जो अधिकारियों की तानाशाही के चलते प्रताड़ित होते रहते हैं। जानकारी के अनुसार बैकुंठपुर क्षेत्र अंतर्गत चरचा कालरी के सह क्षेत्र प्रबंधक कार्यालय में कार्यरत एक विधवा महिला कर्मचारी के साथ वर्ष 2017 में कार्यालय के एक जिम्मेदार उच्च अधिकारी के द्वारा लैंगिक उत्पीड़न किया गया था इस गंभीर संवेदनशील प्रकरण में वहां कार्यरत एक अन्य कर्मचारि ने असहाय महिला का साथ दिया इस घटना के पश्चात न्यायालय में भी मामला दायर किया गया था। जिसमें उक्त कर्मचारी पीड़ित महिला के पक्ष से गवाह था कर्मचारी के द्वारा महिला का गवाह बनकर साथ देना प्रबंधन को नागवार गुजर रहा था प्रबंधन द्वारा अधिकारी को बचाने हेतु घटना के बाद से लगातार कर्मचारी के




ऊपर दबाव बनाया जाता रहा है। प्रबंधक कार्यालय में मनमानी के क्रम में महिला का साथ देने वाले गवाह को प्रताड़ित करने के क्रम में उसके पद के विरुद्ध बैकुंठपुर क्षेत्र में दूसरी जगह अन्य काम में लगा दिया गया। जहां उसके पद के अनुसार कोई काम ही नहीं इसके बाद भी बैकुंठपुर क्षेत्र प्रबंधन की दबाव की नीति बनी रही अधिकारियों के द्वारा निरंतर दबाव की नीति बनाई जाती रही पीड़ित विधवा महिला के गवाह बने कर्मचारी को प्रताड़ित करने की कवायत में उसके 27 वर्षों के कार्यकाल के पश्चात जबरन एक अन्य मामले मेंआरोप पत्र जारी कर दिया गया जिससे उक्त कर्मचारी को काफी आर्थिक क्षति पहुंचती प्रबंधन आरोप पत्र के माध्यम से एक पक्षीय कार्यवाही कर अपनी तानाशाही और मनमानी पूरी करना चाहता था। साथ ही प्रकरण के गवाह को प्रभावित करने के लिए लगातार दबाव बनाने की नीति अपनाई जा रही थी किंतु पीड़ित कर्मचारियों ने हार नहीं मानी और माननीय उच्च न्यायालय को वस्तु स्थिति से अवगत कराया न्यायालय में पीड़ित कर्मचारी का पक्ष विद्वान अधिवक्ता भास्कर पयासी के द्वारा जोरदार तरीके से पक्ष रखा गया। न्यायालय के द्वारा मांग प्रकरण क्रमांक वापस 3906/2024 काअवलोकन करने के पश्चात तत्काल आगामी सुनवाई के पूर्व कोई कार्यवाही न करने का स्थगन आदेश जारी कर दिया किया गया है न्यायालय के आदेश से क्षेत्र के कई कर्मचारियों में हर्ष व्याप्त है।

## आरा मिल अस्थायी रूप से सील, संचालक को नोटिस

**सूरजपुर।** भैयाथान रोड सूरजपुर में स्थित आरा मिल की वनमण्डलाधिकारी सूरजपुर के नेतृत्व में टीम ने जांच की। रामगोपाल जायसवाल के द्वारा संचालित आरा मिल की जांच के दौरान संचाल द्वारा आरा मिल परिसर मे भण्डारित वनोपज (काष्ट) का वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया और न ही वर्ष 2021 के बाद का आरा मिल संचालन का लाइसेंस दिखाया गया। इसके कारण आरा मिल मालिक को नोटिस देते हुए मिल को अस्थायी रूप से सील किया गया। मिल संचालक को सात दिवस के अन्दर उपवनमण्डल कार्यालय सूरजपुर में वैध दस्तावेज प्रस्तुत कर जांच कराने हेतु समय दिया गया है।

## दो पक्ष आपस में भिड़े

**रायपुर।** सेलटेक्स कालोनी में लोन पटाने को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज किया है। पहले पक्ष से आईसीआईसीआई बैंक के कर्मचारी प्रार्थी भानुप्रताप सिंह 21 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी विनोद कुमार ने प्रार्थी के बैंक से लोन लिया था। जिसे पटाने कहने पर आरोपी ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया।

## पहले मोबाइल चुराया, फिर निकाले खाते से छह लाख रुपये



**बिश्रामपुर।** आनलाइन ठगी की लगातार घटित हो रही वारदातों के बीच इस बार साइबर ठगों ने कमलपुर सिलफिली ग्राम निवासी एक सेवानिवृत प्रधान पाठक् को करीब छह लाख रुपये की ठगी का शिकार बनाया है। पहले पीड़ित रिटायर हेड मास्टर का साप्ताहिक बाजार से मोबाइल चोरी हुआ और फिर आरोपित ने उनके फोन पे की यूपीआई आइडी के जरिए उनके बैंक खाते से 28 बार में करीब छह लाख रुपये पार कर दिए। जयनगर पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इसकी रिपोर्ट ग्राम कमलपुर निवासी रिटायर हेडमास्टर रमेश कुमार विश्वास ने जयनगर थाना में दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि वे 18 जुलाई की शाम को साप्ताहिक बाजार सिलफिली में सब्जी खरीदने गए थे। जहां उनका मोबाइल चोरी हो गया था। काफी खोजबीन के बाद भी मोबाइल का पता नही चल सका था। इसी बीच उन्होंने 24 जुलाई की सुबह सिलफिली स्थित भारतीय स्टेट बैंक के एटीएम से दो हजार रुपये का आहरण किया, तो बैलेंस शीट में उनके खाते में बैलेंस काफी कम दिखा। इस पर उन्होंने स्टेट बैंक की सूरजपुर शाखा जाकर अपने खाता बैंक स्टेटमेंट निकलवाया, तब पता चला कि अज्ञात आरोपित द्वारा उसके मोबाइल को चोरी करने उपरांत उनके फोन पे की यूपीआई आइडी के जरिए 18 से 24 जुलाई के बीच आठ खातों में करीब 28 ट्रांजेक्शन के माध्यम से पांच लाख 90 हजार सात सौ रुपए आहरित कर लिए हैं। ठगी का शिकार रिटायर हेड मास्टर रमेश विश्वास की रिपोर्ट पर जयनगर पुलिस ने अज्ञात आरोपित के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 303 (1) व आईटी एक्ट की धारा 66 (सी) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। आनलाइन ठगी को लेकर निरंतर प्रकाशित हो रही खबरों एवं पुलिस प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के बावजूद जिले में आनलाइन ठगी की वारदातों पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। काफी चतुर साइबर अपराधियों के झांसे में आकर पढ़े लिखे लोग भी ऑनलाइन ठगी के शिकार हो रहे हैं। वहीं साइबर अपराधी ऑनलाइन ठगी के लिए नए-नए तरीकों का इजाद कर रहे हैं। अधिकांश मामलों में अपराध दर्ज नहीं होने और दर्ज अधिकांश मामलों में पुलिस के आरोपितों तक नहीं पहुंच पाने की वजह से साइबर अपराधियों के हौसले बुलंद हैं।

## सोलर मोटर पंप चोरी मामले में चौकी खड़गवा पुलिस ने 1 आरोपी को किया गिरफ्तार



**सूरजपुर।** ग्राम केरता निवासी बहाल बेक ने चौकी खडगवा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसके खेत में लगा 3 एचपी का सोलर मोटर पम्प को दिनांक 18.07.24 को कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 217/24 धारा 303(1) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। डीआईजी एवं एसएसपी सूरजपुर श्री एम.आर.आहिरे (भापुसे) ने चोरी सहित अन्य मामलों को गंभीरता से लेते हुए आरोपी की पतासाजी कर जल्द पकड़ने के निर्देश दिए। एएसपी संतोष महतो व एसडीओपी प्रतापपुर अरूण नेताम के मार्गदर्शन में चौकी खड़गवां की पुलिस ने संदेही रामलीला पिता आलमसाय उम्र 35 वर्ष निवासी केरता को पकड़ा। पूछताछ पर उसने चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया जिसके निशानदेही पर चोरी का सोलर पम्प कीमत 25500 रूपये को बरामद कर उसे गिरफ्तार किया है। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी योगेन्द्र जायसवाल, एएसआई सुनील भारती, प्रधान आरक्षक विनय व आरक्षक मनोज व विकास सक्रिय रहे।

## सरेआम शराब पीते 13 गिरफ्तार

**रायपुर।** राजधानी पुलिस ने नशेडियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते महिला सहित 13 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार गुढियारी पुलिस ने रामनगर कबीर चौक के पास सरेआम शराब पीते आरोपी सीताराम साहू 42 वर्ष व कृष्ण कुमार साहू 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं खमतराई पुलिस ने आरोपी सागर साहू 30 वर्ष व प्रमोद निषाद 19 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह मोवा पुलिस ने आरोपी रूपेंद्र वर्मा 30 वर्ष व नरेंद्र पटेल 38 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

## महिला की हत्या कर सैप्टिक टैंक के गड्ढे में फेंक दी लाश

**अंबिकापुर।** सरगुजा जिले के लुंड्रा थाना क्षेत्र के ग्राम किरकिमा के सेमरडांड स्थित स्कूल के पीछे सैप्टिक टैंक में महिला की लाश मिली है। लाश कुछ दिनों पुरानी है। प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है। महिला की पहचान नहीं हो पाई है। हत्या कर शव को फेंके जाने का संदेह है। महिला की पहचान होने के बाद घटना स्पष्ट हो सकेगी। जानकारी के अनुसार सेमरडांड स्कूल के आसपास दो दिनों से बदबू आ रही थी। गुरुवार को भी शिक्षकों ने आसपास तलाश किया था लेकिन कुछ पता नहीं चला। शुक्रवार को दुर्गंध और तेज हो गई। आसपास फिर खोजबीन की गई। स्कूल के पिछले हिस्से में सैप्टिक टैंक का एक गड्ढा था। उसमें ढक्कन लगा था। ढक्कन का कुछ हिस्सा हटा हुआ था। जब उसे और हटाया गया तो महिला का पैर नजर आया। तब लुंड्रा पुलिस को सूचना दी गई। थाना प्रभारी शिशिरकान्त सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल तत्काल घटनास्थल पर पहुंचा। शव सड़ने लगा था इसलिए उसके कई दिन पुराना होने का संदेह है। महिला के बाएं हाथ में टैटू का निशान है साथ ही महिला पीले रंग की साड़ी, भूरे रंग का ब्लाउज पहनी हुई थी। मृतका की आयु लगभग 30-40 वर्ष की हैं। मृतका के दोनों कानो में सोने का टॉप्स, हाथ में सोने जैसा धातु लगा हुआ लाल चूड़ी था।

## सोसायटी से चालीस बोरा चावल की चोरी, आरोपित गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** सरगुजा जिले के सीतापुर थाना क्षेत्र के ग्राम कोट वंदना स्थित शासकीय उचित मूल्य राशन दुकान से 40 बोरी चावल की चोरी कर ली गई। पुलिस ने जब जांच शुरू की तो ललन यादव (36) निवासी सोनतरई का नाम सामने आया। पुलिस ने उसे पकड़ा तो उसके पास से 29 बोरी चोरी का चावल बरामद हुआ। घटना में शामिल अन्य आरोपित फरार है। उनकी तलाश की जा रही है।

कोट वंदना राशन दुकान में माह अगस्त में सार्वजानिक वितरण प्रणाली हेतु 511 बोरा चावल वितरण करने के लिए सोसायटी में आया था। इसका वितरण किया जाना था। 23 जुलाई को सोसायटी का ताला तोड़कर 40 बोरी चावल चोरी कर लिया गया था। घटनास्थल का निरीक्षण कर आस पास के सीसी कैमरों का फुटेज का अवलोकन किया गया। सीसीटीवी अवलोकन पर मामले के संदेही एवं घटना में प्रयुक्त वाहन का पहचान कर तलाश किया जा रहा था। पुलिस टीम के प्रयास से ललन पकड़ा गया।

उसने अपने अन्य साथियो के साथ मिलकर सोसायटी से 40 बोरा चावल चोरी की घटना कारित किया जाना स्वीकार किया। उसके बताए अनुसार घटना में प्रयुक्त वाहन छोटा हाथी (टाटा एस)वाहन एवं सोसायटी से चोरी किया गया 29 बोरा चावल बरामद किया गया हैं।शेष बोरा चावल बरामद किया जाना हैं। आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया हैं। कार्रवाई में थाना प्रभारी सीतापुर निरीक्षक जॉन प्रदीप लकड़ा, सहायक उप निरीक्षक नारायण सिंह, प्रधान आरक्षक नंदकुमार प्रजापति, आरक्षक मनोहर पैंकरा, पंकज देवांगन, सैनिक रमेश शामिल रहे।

## कुएं में उतरे युवक की जहरीले गैस से मौत

**सूरजपुर।** जिले में एक दर्दनाक हादसा हुआ है। हर्रा टिकरा गांव में कुएं से पंप निकालने उतरे युवक की गैस रिसाव होने से मौत हो गई। घटना से गांव में सनसनी फैल गई और इसकी जानकारी पुलिस को दी गई। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने डीडीआरएफ की टीम को सूचना दी। जिसके बाद टीम ने रेस्क्यू अभियान चलाया और 4 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद शव को कुएं से बाहर निकला गया। यह मामला जयनगर थाना क्षेत्र का है। डीडीआरएफ टीम से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की शाम करीब 4 बजे जयनगर थाना से सूचना प्राप्त हुआ कि ग्राम हर्रा टिकरा चीटकी पारा में एक व्यक्ति कुएं में डूब गया है। जिसकी सूचना पर डीडीआरएफटीम सूरजपुर घटना स्थल पर पहुंची और गैस डिटेक्टर से कुएं की जांच की। जिसमें पता चला कि कुएं में गैस का रिसाव था। इस दौरान जिला सेनानी संजय गुप्ता के मार्गदर्शन पर 4 घंटे कड़ी मसक्कत के बाद मृतक रामलाल उर्फबाने (उम्र 30 वर्ष) का शव कुएं से निकाला गया।

## नर्सिंग छात्रा से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**बलरामपुर।** जिले की वाड्रफनगर पुलिस ने नर्सिंग की छात्रा से दुष्कर्म के आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। आरोपित प्रमोद कुमार (26) के विरुद्ध नर्सिंग की छात्रा ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का गंभीर आरोप लगाया था। बाद में आरोपित छात्रा को जान से मारने की धमकी दे रहा था। पुलिस के अनुसार छात्रा प्रतिदिन बस से नर्सिंग कालेज आना-जाना करती है। घटना दिवस दो जुलाई को बस छूट जाने पर आरोपित ने मोटर साइकिल से नर्सिंग कालेज तक छोड़ देने का झांसा दिया। छात्रा उसके झांसे में आ गई। दोनों पहले से परिचित भी थे। मोटरसाइकिल में बैठाकर लाते समय रास्ते में उसने मोटरसाइकिल रोक दी। नर्सिंग छात्रा से शादी का वादा किया। छात्रा के मना करने के बाद भी उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता को जंगल में ही छोड़कर वह भाग गया था।18 जुलाई को छात्रा ने शादी के लिए बोला तो आरोपित उससे मारपीट करने लगा। छात्रा को उसने जान से मारने की धमकी भी दी। तब छात्रा ने पुलिस से घटना की शिकायत की। महिला सुरक्षा से संबंधित प्रकरण होने के कारण वरिष्ठ अधिकारियों ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। उच्च अधिकारियों के मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई में चौकी प्रभारी उप निरीक्षक डाकेश्वर सिंह, सहायक उप निरीक्षक पुष्पराज सिंह, आरक्षक शिव पटेल ,श्रीकांत यादव सक्रिय रहे।

## एसईसीएल की खाली जमीन पर अतिक्रमण, लोगों ने जताया विरोध

**बिश्रामपुर।** नगर में स्थित एसईसीएल की टूए डीएमक्यू कालोनी में एसईसीएल के स्वामित्व की रिक्त पड़ी भूमि पर एक समाज विशेष द्वारा अतिक्रमण किए जाने की क्षेत्रीय महाप्रबंधक से शिकायत करते हुए कालोनी वासियों ने कार्रवाई की मांग की है।इस सिलसिले में एसईसीएल के क्षेत्रीय महाप्रबंधक से की गई लिखित शिकायत में बताया गया है कि टूए डीएमक्यू कालोनी में खाली पड़ी कंपनी के स्वामित्व की भूमि पर एक समाज विशेष के नाम पर अतिक्रमण किया जा रहा है। आरोप लगाया गया है कि कालोनी के आवास क्रमांक 33 के सामने खाली जमीन पर पोल लगाकर अतिक्रमण करते हुए जोताई कर दी गई है। उसके समीप कंपनी के स्वामित्व की भूमि पर चबूतरा का अवैध निर्माण कर दिए जाने का उल्लेख भी शिकायत में किया गया है। वही कंपनी के स्वामित्व की भूमि पर स्थित ग्राउंड में कॉलोनी के बच्चों से लेकर महिलाएं एवं पुरुष सुबह शाम मॉर्निंग बात करते हैं और खिलाड़ी खेल का अभ्यास भी करते हैं।

# रेणुकूट रेल लाइन का संकल्प पारित, जनता में खुशी

**अंबिकापुर।** उत्तरी छत्तीसगढ़ में रेल व यात्री सुविधाओं के विस्तार की वर्षो पुरानी मांग एक कदम और बढ़ गई है। विधानसभा ने अंबिकापुर - रेणुकूट रेल लाइन विस्तार का संकल्प पारित किया है। विधानसभा के मानसून सत्र में विधायक धर्मजीत सिंह ने अंबिकापुर - रेणुकूट रेल लाइन का संकल्प प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा ,अंबिकापुर - रेणुकूट रेल जुड़ाव पदयात्रा कमेटी के सदस्यों ने 150 किलोमीटर की पदयात्रा करके इस अभियान को अपना समर्थन दिया है। इस रेल मार्ग से छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश ,उत्तर प्रदेश के जनजातीय बहुल क्षेत्र को कनेक्टिविटी मिलेगी।

इस रेल लाइन से चार राज्यों के 11 जिले और 30 विधानसभा क्षेत्र के लोगों को सीधा लाभ होगा। अंबिकापुर - रेणुकूट रेल लाइन से उत्तर छत्तीसगढ़ के लोगों की सीधी कनेक्टिविटी वाराणसी, प्रयागराज, लखनऊ , दिल्ली जबलपुर ,हावड़ा तक हो जाएगी। वाराणसी, अध्ययन और चिकित्सा संबंधी मामलों को लेकर सुगम हो जाएगा। धर्मजीत सिंह के प्रस्ताव पर उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, लुंड्रा विधायक प्रबोध मिंज, अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल, प्रतापपुर विधायक शकुंतला सिंह ने उत्तर छत्तीसगढ़ की जरूरत और जनभावनाओं को देखते हुए इस प्रस्ताव का समर्थन किया। पक्ष-विपक्ष के सभी सदस्यों ने अंबिकापुर - रेणुकूट रेल लाइन के प्रस्ताव को समर्थन दिया। यह खबर शनिवार रात जैसे ही सरगुजा पहुंची यहां खुशी का माहौल निर्मित हो गया। वर्षो से रेल सुविधा विस्तार की मांग कर रहे सर्वदलीय रेल संघर्ष समिति के सदस्यों ने अंबिकापुर के घड़ी चौक पर आतिशबाजी कर जमकर खुशियां मनाई। विधानसभा से संकल्प पारित होने के बाद प्रस्ताव भारत सरकार को भेजा जाएगा। अंबिकापुर से रेल सेवा विस्तार के लिए विधानसभा से पारित अंबिकापुर - रेणुकूट प्राथमिकता क्रम में रहेगा। अंबिकापुर-रेणुकूट की 152 किलोमीटर परियोजना के लिए अनुमानित लागत लगभग 8200 करोड़ प्रस्तावित है। यह प्रस्ताव डबल लाइन के लिए निर्धारित किया गया है। इस रेल लाइन से समूचे छतीसगढ़ के लोगों का बनारस, अयोध्या, प्रयागराज के अलावा लखनऊ,दिल्ली तक पहुंचना आसान होगा। रेणुकूट रेल लाइन से शिक्षा-स्वास्थ्य की सुविधा भी बेहतर ढंग से सुलभ हो सकेगी। देश की राजधानी दिल्ली से जुड़ाव होगा। कई ट्रेनें यहां से दिल्ली के लिए जाती है। दूरी और लागत के दृष्टिकोण से अंबिकापुर - रेणुकूट रेल लाइन सबसे उपयुक्त है।रेल मंत्रालय ने अंबिकापुर से विंढमगंज और अंबिकापुर से गढ़वा रेल लाइन के भी सर्वे की मंजूरी दी है।विंढमगंज-अंबिकापुर रेल लाइन 181 किलोमीटर है और इसमें 16 स्टेशन प्रस्तावित हैं। इसकी लागत 8800 करोड़ रुपए आंकी गई हैं। अंबिकापुर से गढ़वारोड की 170 किलोमीटर के लिए अभी अलाइनमेंट का अप्रूवल नहीं मिल सका है। इस कारण इस लाइन के सर्वे का काम आगे नहीं बढ़ सका है और न ही डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट बन सका है।अंबिकापुर - बरवाडीह रेल लाइन का भी सर्वे हुआ है लेकिन समय के साथ इस रेल लाइन की प्रासंगिकता कम हो गई है। छत्तीसगढ़ का उत्तरी क्षेत्र यातायात ख़ासकर रेलवे नेटवर्क की दृष्टि से विपन्न है।यह उत्तर प्रदेश, झारखण्ड और मध्य प्रदेश से लगा हुआ है साथ ही खनिज सम्पदा से भरपूर है। यहाँ उत्तर प्रदेश और झारखण्ड के साथ मध्यप्रदेश से संबद्ध एक बड़ी जनसंख्या है। रेणुकूट- अंबिकापुर रेलमार्ग न सिर्फ यहां के निवासियों के लिए यातायात की दृष्टि से वरदान होगा अपितु माल परिवहन में भी क्रन्तिकारी सिद्ध होगा।छत्तीसगढ़ का उत्तर प्रदेश, झारखण्ड और दिल्ली से सीधा जुड़ाव प्रदेश के विकास में मील का पत्थर साबित होगा।यह रेलमार्ग अपेक्षाकृत सस्ता, सुगम, व्यावहारिक और बहुपयोगी होने के कारण इसका बनना अति आवश्यक है। लगभग चार दशक से अधिक समय से अंबिकापुर रेणुकूट रेल लाइन की मांग की जाती रही है। सूरजपुर जिला कोल उत्पादन में विशेष स्थान रखता है, यह रेल लाइन व्यावसायिक दृष्टि से सरकार के लिए न केवल लाभकारी साबित होगा बल्कि पूरे सरगुजा संभाग को इसका भरपूर लाभ मिलेगा और सरकार की आय के साधन भी बढ़ेंगे। अंबिकापुर रेणुकूट रेल लाइन छत्तीसगढ़ के अलावा उत्तर प्रदेश मध्य प्रदेश और झारखंड को भी सीधा जोड़ने में सक्षम एवं लाभकारी है। इस अंचल की बड़ी आबादी जिसे आज तक रेल देखा भी नहीं है, उसे इस रेल मार्ग के माध्यम से वाराणसी ,प्रयागराज, और दिल्ली तक कम दूरी कम समय में जाने का अवसर प्राप्त होगा। छत्तीसगढ़ भगवान राम के ननिहाल के नाते उनसे सीधा जुड़ा है, इस रेल लाइन के पूर्ण होने से छत्तीसगढ़ भगवान श्री राम की जन्मभूमि अयोध्या से भी सीधा जुड़ जाएगा। इस क्षेत्र के लाखों लोगों की जन भावनाओं के अनुरूप इस रेल लाइन का निर्माण बहुत जरूरी है। उत्तर छत्तीसगढ़ के विकास के लिए लोगों की जनभावनाओं से परिपूर्ण अंबिकापुर - रेणुकूट रेल मार्ग के माध्यम से जुड़ने पर क्षेत्र के सामाजिक ,सांस्कृतिक व्यापारिक हितों को लाभ पहुंचेगा। अनेक जनजातीय कलाकृतियों, वनोपज एवं स्थानीय उत्पादों को एक बड़ा बाजार मिल सकेगा।यह प्रस्तावित मार्ग अन्य वैकल्पिक मार्गों की तुलना में सबसे कम दूरी का,कम लागत वाला और अपेक्षाकृत अधिक उपयोगी होगा। इस मार्ग का निर्माण कम समय में बहुत आसानी से किया जा सकता है। कोल और बॉक्साइड परिवहन की बेहतर संभावनाओं के कारण संयुक्त उपक्रम के रूप में विकसित होने के ज्यादा अवसर हैं।अंबिकापुर - रेणुकूट प्रस्तावित रेल मार्ग के समीप जगन्नाथपुर ओसीपी 3.5 मिलियन टन प्रतिवर्ष की कोल खदान संचालित है, जिसमें आगामी 20 वर्ष तक उत्पादन हो सकता है।

## निर्माणाधीन मकान से हजारों रुपए के सामान पार

**रायपुर।** भावना नगर स्थित निर्माणाधीन मकान से अज्ञात चोर ने हजारों रुपए के सामान पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफअपराध दर्ज किया है। प्रार्थी सुमीत सोंधी 40 वर्ष भावना नगर खम्हारडीह का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि उसके निर्माणाधीन मकान में अज्ञात चोर ने प्रवेश कर 2 नग टूल्लू पंप एवं पड़ोस में लगे 2 नग सीसीटीवी कैमरा पार कर दिया। चोरी गए सामानों की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## अधेड़ गिरफ्तार

**रायपुर।** सिविल लाइन पुलिस ने सट्टा खिलाते एक अधेड़ को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से सट्टा-पट्टी, मोबाइल व नकदी 2400 रुपए जब्त किया है। सिविल लाइन पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर उत्कलनगर स्थित मां काली ऑटो मोबाइल दुकान के पास सट्टा खिलाते आरोपी संजय डागा 50 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

# मवेशियां सड़क पर, यहां से आवाजाही के दौरान रहें सतर्क

**अंबिकापुर।** तस्वीरों को देखकर आप सहज ही अंदाजा लगा सकते हैं कि अंबिकापुर शहर की सड़कों पर मवेशियों ने किस तरह कब्जा जमाया हुआ है। एक तस्वीर दिन में अंबिकापुर के गुदरी चौक की है जिसमें मवेशियों का झुंड बीच सड़क पर आराम फरमाते नजर आ रहा है। दूसरी तस्वीर अंबिकापुर के रिंग रोड चांदनी चौक पर शुक्रवार रात को ली गई है। इस तस्वीर में ट्रक खड़ी कर चालक मवेशियों को सड़क से दूर करने का प्रयास कर रहा है ताकि वह वहां से आगे बढ़ सके। समस्या इतनी बढ़ चुकी है इसके बाद भी किसी को फिक्र नहीं है। शहर के सड़कों की स्थिति यह हो जाती है कि गुजरना है तो मवेशी नहीं हटेंगे, आपको संभलकर किनारे से निकलना होगा, नहीं तो मवेशियों के साथ आपका जीवन भी खतरे में पड़ सकता है। इस स्थिति को तो कहना ही पड़ेगा कि-सड़कों पर मवेशियों का कब्जा है और नगर निगम चैन से सो रहा है।

स्वच्छ शहर अंबिकापुर की सड़कों पर इन दिनों मवेशियों का कब्जा है। शहर की शायद ही कोई सड़क हो जहां मवेशियों का झुंड नजर नहीं आता हो। स्वच्छ शहर में गंदगी का प्रमुख कारण भी मवेशियां बनती जा रही है। रात को सड़कों,दुकानों के सामने खुले स्थान पर बैठने वाले मवेशी सुबह समूचे परिसर को गंदा कर देते हैं। मवेशियों के



कारण हादसे भी हो रहे है। भारी वाहनों की चपेट में आने से मवेशियों की भी जान जा रही है। हादसों में इंसानों की जान भी आफत में रहती है। हर रोज पशु चिकित्सालय में सड़कों पर घायल होने वाली बेसहारा मवेशियां पहुंच रहे है। सड़क पर बैठे गोवंश को पकड़ने की जिम्मेदारी नगर निगम के पास है। इसके लिए वाहन और स्टाफ भी स्वीकृत है। गोवंश को पकड़ने के बाद नगर निगम उन्हें कांजी घर में पहुंचाता है उन्हें भोजन चारा दिया जाता है। लेकिन निगम द्वारा संचालित कांजी घर में सुविधाएं ही नहीं है। जब अभियान चलता है तो क्षमता से अधिक गोवंश हो जाते है इसलिए नगर निगम भी शांत बैठ जाता है। इस समस्या के समाधान के लिए स्थाई रणनीति बनाने की जरूरत है। सड़कों पर विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़ रखने की समुचित व्यवस्था भी निगम नहीं कर सका है।मठपारा में एक छोटी सी जगह कांजी घर बना दी गई है।यहां एक सौ मवेशियों को रखना भी संभव नहीं होता। गोठान बंद हो चुके हैं। पशुपालक भी जिद्दी है। वे दुधारू मवेशियों से दूध निकालने के बाद स्वच्छंद विचरण करने छोड़ देते है। ऐसे में सभी को समन्वित प्रयास करने की जरूरत है ताकि मवेशियों की समस्या से मुक्ति मिल सके। अंबिकापुर शहर ही नहीं आसपास के क्षेत्र में स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशी परेशानियों का कारण बन रहे हैं। शहर के बिशनपुर क्षेत्र में तो स्थिति और खराब है। यहां दिन का उजाला हो या रात का अंधेरा सड़क पर मवेशियों हमेशा विचरण करती नजर आ जाती है। मनेन्द्रगढ़ रोड से बिशुनपुर जाने वाले मार्ग की हालत पहले से ही खराब है। सड़क पर कई स्थानों पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। ऐसे में सड़कों पर मवेशियों का झुंड दुर्घटनाओं का भी कारण बन रहा है। इस क्षेत्र से लगे गांवों की खेती को भी मवेशी नुकसान पहुंचाते हैं। शहर में मवेशियों के कारण आवागमन में भी बड़ी बाधा उत्पन्न हो रही है।

# खदान में बहे अण्डर मैनेजर का शव बरामद

## एसडीआरएफ ने 15 घण्टे तक किया रेस्क्यू ऑपरेशन



**कोरबा।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के कुसमुण्डा क्षेत्र की कुसमुण्डा माईन्स में भारी बारिश के दौरान शनिवार को तेज बहाव में 5 कर्मचारी बह गये। इनमें से 4 को बचा लिया गया। जबकि एक अधिकारी की मौत हो गयी। एसडीआरएफ के द्वारा 15 घंटे तक रेस्क्यू ऑपरेशन करने बाद अधिकारी का शव बरामद कर लिया गया।

कुसमुण्डा माईन्स में अब तक की यह पहली घटना है जिसमें अधिकारियों के साथ-साथ कर्मियों को दहशत में डाल दिया है। शनिवार को लगभग 4.30 बजे तेज बारिश ने पूरे क्षेत्र को अपने आगोश में लिया। एसईसीएल की मेगा माईन्स कुसमुण्डा में पानी के तेज बहाव ने अपने साथ मिट्टी और छोटे पत्थरों को भी बहाया। सरफेस की तरफ काम कर रहे अण्डर मैनेजर जितेंद्र नागरकर और उनके 4 सहयोगी इस आपदा में फंस गये। बहाव के साथ ये सभी बहते हुए काफी आगे चले गये। इनमें से 4 कर्मियों को किसी तरह बचा लिया गया। लेकिन जितेंद्र बहते हुए बहुत दूर चले गये। घटना की जानकारी मिलने पर हड़कम्प मच गयी। एसईसीएल की सूचना पर एसडीआरएफ ने मौके पर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया जो पूरी रात जारी रहा। आज सुबह लापता अधिकारी जितेंद्र का शव मलवा में दबा हुआ मिला। उनके सिर और अन्य हिस्सों में चोट के निशान मिले। माना जा रहा है कि बहाव में बहने के साथ यह सब हुआ। शव बरामदगी के बाद उसे पोस्टमार्टम के लिए के लिए भेज दिया गया। घटना पर एसईसीएल प्रबंधन ने शोक जताया है। वरिष्ठ अधिकारियों ने बिलासपुर से यहां पहुंचकर नागरकर के परिजनों से मिलकर सांत्वना दी।

# क्या चोरी हुई है आपकी गाड़ी, पेपर दिखाकर ले जाएं

## तीन सब डिवीजन में ऐसे लावारिस वाहनों की संख्या 1169



**कोरबा।** कई प्रकार के दबाव से जूझ रही पुलिस के सामने चुनौती इस बात की है कि जिले के अनेक थाना और चौकी परिसर में खड़े लावारिस वाहनों का क्या करें। उनका हर हाल में निराकरण करना है। ऐसे वाहनों की जब्ती अलग-अलग कारणों से बनाई गयी है। अब पुलिस ने चिन्हांकन के साथ लोगों से कहा है कि वे वाहनों को पहचाने और जरूरी दस्तावेज दिखाकर ले जाये।

थाना और चौकी क्षेत्र में ऐसे कुल वाहनों की संख्या 1169 बताई गयी है। कोरबा क्षेत्र में 441, दर्री क्षेत्र में 402 और कटघोरा क्षेत्र में 326 वाहन चिन्हांकित किये गये है। बताया गया कि ये चोरी के मामले में जब्त हुए है या फिर इन्हें कहीं से पार कर दिया गया था। अलग-अलग मामले में इनकी जब्ती बनाई गयी है। लंबे समय से यह वाहन लावारिस खड़े है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि सभी क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाकर लावारिस वाहनों की जांच करने के साथ प्रकरणों को शार्टआउट किया जा रहा है। बताया गया कि लावारिस हालत में मिले वाहन जो काफी समय से थाना में खड़े है उनकी जांच कर वाहन मालिक के बारे में परिवहन अधिकारी कार्यालय स्थित आवश्यक जानकारी जुटाई जा रही है। वास्तविक धारक को यह सौंपा जाना है। पुलिस ने कहा है कि जिनकी गाड़ी गुम हुई है वे संबंधित थाने चौकी में संपर्क कर सूची देखें और पेपर प्रस्तुत कर अपनी गाड़ी प्राप्त करें।

## कुदमुरा मंडल में कल से लगाए जाएंगे पौधे

**कोरबा।** भाजपा कुदमुरा मंडल की बैठक कल कोरकोमा में आयोजित की गई इस बैठक में कार्यकर्ताओं को दिशानिर्देश दिए गए जिसके तहत कल से एक पेड़ मां केम नाम कार्यक्रम शुरू हो रहा है। भाजपा के कार्यकर्ता बूथो में जा जा कर पौधे लगाएगें। इसके लिए आज से तैयारी शुरू कर दी गई है। बैठक में पंचायत चुनाव के संबंध में विचार विर्मश किया गया। लोकसभा चुनाव में किए गए कार्यो की भी समीक्षा की गई। बैठक में रेणूका राठिया ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि एक माह के भीतर कई क्रम आयोजित किए जाने है। किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष भुनेश्वर सोनी ने कहा कि किसानों की समस्याओं को लेकर भी लगातार बैठक होती रही है। आने वाले दिनों में किसानों के बीच जाकर कार्य किए जाएंगे। भाजपा के मंडल अध्यक्ष लक्ष्मी श्रीवास, राजू गुप्ता, धनजंयचौहान , चेतन वर्मा, कन्हैया राठौर ने भी कई सुझाव दिए 29 जुलाई से बूथो में पौधे लगाने का काम शुरू हो जाएंगे।

## बिजली कर्मचारी महासंघ की बैठक सागर में

**कोरबा।** बिजली कर्मचारी महासंघ मध्यप्रदेश की बैठक में शामिल होने के लिए राष्ट्रीय सचिव आर.एस.जायसवाल सागर के लिए रवाना हुए है। यह जानकारी देते हुए प्रदेश महामंत्री नवरत्न बरेठ ने बताया कि सागर में दो दिनों का कार्यक्रम आयोजित है। यह बैठक कल से शुरू हो गई है। महासंघ की बैठक में आगे की रूप रेखा तैयार की जाएगी। लंबित मांगों को लेकर आंदोलन किया जाएगा। रायपुर में भी बिजली कर्मचारी महासंघ की बैठक हुई थी। जिसमें लंबित मांगों को लेकर आंदोलन करने का निर्णय लिया गया था। विद्युत मंडल पश्चिम में केदार राठौर, हेतराम खुटे, अजय मिश्रा, डी केंवट, राव ने मदन मोहन पाण्डेय ने हस्ताक्षर अभियान शुरूकर दिया है।

## लापता महिला की तलाश के लिए पानी किया कम

**कोरबा।** हसदेव बायीं तट नहर में भिलाईखुर्द की एक महिला डूबकर लापता हो गयी। कल से उसकी खोज जारी है। उरगा टीआई केके वर्मा ने बताया कि परेशानियों को देखते हुए एसडीओ सिंचाई से पहल कर नहर में पानी कम कराया गया है। गोताखोर की सेवाएं ली जा रही है।

# एसईसीएल के आवास का छज्जा गिरा, बाल बाल बचा शिक्षक का परिवार

**कोरबा।** एसईसीएल के विभागी कालोनी नेहरू नगर कुसमुंडा में स्थित कई आवास रखरखाव व मरम्मत के अभाव में जर्जर हो गए है। जर्जर आवास कोयला खदानों में हो रही हैवी ब्लास्टिंग व बारिश के पानी को सहन नही कर पा रहा है। और भरभराकर इसके छज्जे गिर रहे है। जिससे वहां निवासरत लोगों की जान को खतरा बना हुआ है। ऐसी ही घटना आज यहां के क्वाटर नं बी 463 में देखने को मिली यहां आवास के छज्जा का बड़ा हिस्सा भरभराकर गिर गया । जिससे वहां रह रहे केन्द्रीय विद्यालय के शिक्षक सुशांत डे की पत्नी व बच्ची बाल बाल बच गयी । छज्जा गिरने से टीवी का कुछ हिस्सा क्षति ग्रस्त हो गया है जबकि अन्य सामानों को पड़ोसियों की मदद से वहां से निकालकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया है बताया जाता है कि छज्जा के कमजोर होने का हवाला देते हुए शिक्षक द्वारा सिविल विभाग से इसकी मरमम्त की मांग की गई थी। लेकिन विभाग अधिकारियों ने इसे गंभीरता से नही लिया छज्जे की मरम्मत नही कराई । और लापरवाही बरती उनकी लापरवाही का खमियाजा अब शिक्षक के परिवार को भुगतना पड़ रहा है।



# छात्रसंघ का गठन,दिलाई गई शपथ



**बालकोनगर।** यहां स्थित एमजीएम स्कूल में छात्रसंघ का गठन किया गया, उन्हें पद की शपथ दिलाई गई।

जिसमें हेड ब्वॉय कुणाल राठौर व हेड गर्ल पलक सिह चंदेल ,सीसीए इंचार्ज मनीष बंजारे व इशित यादव स्पोर्ट्स इंचार्ज दीपेश पटेल व दीपाली यादव ,असि. हेड ब्वॉय गर्ल सोम थवाईत, श्रुति वर्मा,असि.सीसीए इंचार्ज आर्यन नायक, खुशबू यादव असि. स्पोर्ट्स इंचार्ज डी. बाला कृष्णा, आयुषी मेजारवार निर्वाचित हुए। सभी हाउस के केप्टन भी चुने गए। सभी बच्चों को विद्यालय के प्राचार्य पॉल पी थॉमस व विद्यालय के शिफ्ट इंचार्ज वाई के तिवारी द्वारा बैच एवं शैश लगाकर सम्मानित किया गया। प्राचार्य पॉल पी थॉमस ने सभी पदाधकारियों को पद की गरिमा को बनाए रखते हुए कार्य करने हेतु प्रोत्साहित कर शुभकामनाएं दिए। शिफ्ट इंचार्ज वाय के तिवारी ने अपने उद्बोधन में चयनित पदाधिकारी को अपने जिम्मेदारियां को निष्ठा पूर्वक निभाना एवं कर्तव्य के पालन की सीख दी। छात्र संघ के गठन से विद्यार्थियों में छुपी हुई नेतृत्व प्रतिभा निखर कर सामने आती है व उनमें नेतृत्व क्षमता के गुणों का विकास होता है। अनेक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए जिसमें स्वागत गीत मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं बच्चे उपस्थित थे।

## सड़क की बदहाली पर जताया आक्रोश

**कोरबा।** भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी द्वारा पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुरूप शनिवार को हुए भारी बारिश के बावजूद कोरबा-कुसमुंडा सड़क मार्ग की बदहाली पर आक्रोश जताते हुए कुसमुंडा शिव मंदिर के पास एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन करते हुए कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया। भाकपा द्वारा इसके पूर्व भी कोरबा-कुसमुंडा सड़क मार्ग सहित अन्य अनेक बड़े और आवश्यक मुद्दों को लेकर लगातार अपनी आवाज उठाई जाती रही है। कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि कोरबा-कुसमुंडा मार्ग का निर्माण अभी तक पूर्ण नहीं हुआ है। आज की स्थिति में जो रोड बना भी है वह भी जगह-जगह पर दरक रहा है। पत्र में सड़क गुणवत्ता की उच्च स्तरीय जांच कराये जाने की मांग सहित सर्वमंगला चौक पर बन रहे घुमावदार सड़क की जगह सीधे तौर पर सड़क निर्माण की भी मांग की गई है। जनहितकारी इन मांगों को पूर्ण नहीं किए जाने की स्थिति में अगस्त माह में जबरदस्त तरीके से आंदोलन किए जाने की बात कही गई है। इस एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव पवन कुमार वर्मा के अलावा सहायक जिला सचिव रेवत प्रसाद मिश्रा, जिला परिषद सदस्य केपी डडसेना, राम मूर्ति दुबे, प्रेमा मार्को, इंद्राणी श्रीवास, ब्रांच सचिव विजय लक्ष्मी चौहान, सिदाम दास, रामू प्रसाद केवट, सुरेंद्र यादव, मुकेश साहू, अलग राम साहू, दीपक कश्यप, संदीप, बबली बरेठ, रंभा भाई, बुधवारीन, उमा चौहान, उर्मिला साहू, संतोषी बरेठ, गिरजा निर्मलकर, लक्ष्मी केवट, कचरा बाई महंत, सहोदर साहू, कुसुम यादव, रुकमणी धुर्वे, रामशिला गोड़, मीना यादव सहित सैकड़ों साथी उपस्थित रहे।



# गुरु पूर्णिमा उत्सव सनातन परंपरा का है मुख्य प्रतीक:अजय



**कोरबा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का महत्वपूर्ण उत्सव गुरु पूर्णिमा उत्सव आर्यन पब्लिक स्कूल नवीन भवन बस्ती रोड हरदी बाजार में संपन्न हुआ। जिसमें अंचल के स्वंय सेवक बंधु एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत कार्यक्रम के अध्यक्ष, नोटरी राम कुमार राठौर ने डा .केशव बलिराम हेडगेवार एवं भारत माता के चित्रक पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। तत्पश्चात कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सनातन संघर्ष समिति के जिला संयोजक अजय कुमार दुबे ने सनातन धर्म में गुरु के महत्व पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में भगवा ध्वज ही गुरु क्यों? इस विषय पर प्रकाश डाला। साथ ही संघ में समर्पण के महत्व एवं वर्तमान समय में संघ के विकास एवं नवीन चुनौतियों को बतलाया। कार्यक्रम में ग्राम के गणमान्य नागरिक जे पी तिवारी, रामावतार गुरुद्वान, दिनेश गुरुद्वान, लहमोर, विनोद राठौर, श्याम राठौर, आदि उपस्थित रहे। जबकि कार्यक्रम को सफल बनाने में संघ के स्वयंसेवक शशिधर सोनी, कान्हूचरण, सरोज श्रीवास, अमरनाथ कौशिक, कमल कौशिक रामेश्वर यादव आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ाने काम कर रहा बालको

**बालकोनगर।** वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने सत्य साई संजीवनी अस्पताल, रायपुर के सहयोग से सोनपुरी के आंगनवाड़ी केंद्र में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर-जन्मजात हृदय रोग के लिए आयोजित किया गया। समुदाय में बच्चों के हृदय रोग संबंधित स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए शिविर में 0-14 वर्ष के बच्चों की नि:शुल्क जांच और दवाईंया दी गई। शिविर में लगभग 216 बच्चों का प्राथमिक एवं हृदय संबंधित जांच किया गया।

डॉ. योगेश साठे (बाल हृदय रोग विशेषज्ञ),सत्य साई संजीवनी अस्पताल, रायपुर और डॉ. जया कुमार (बाल रोग विशेषज्ञ), बालको अस्पताल के नेतृत्व में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों एवं सहायक स्वास्थ्य कर्मचारियों और नर्सों की एक समर्पित टीम ने आंगवाड़ी केंद्र पर बच्चों की प्राथमिक जांच की। प्राथमिक जांच (सर्दी खांसी वजन, सांस, धमनी गति) ईसीजी एवं हाई डेफिनिशन स्टेथोस्कोप की मदद से स्क्रिनिंग के दौरान लगभग 16 बच्चों में संभावित हृदय रोग के लक्षण की पहचान की जा सकी। सभी बच्चों को बालको अस्पताल में लाकर उनका 2डी इको जांच की गई। कंपनी के सहयोग से सत्य साईं बच्चों को संभावित बच्चों का समय-समय पर निरंतर जांच करेगा। जरूरत पड़ने पर बच्चों का नि:शुल्क ईलाज भी किया जाएगा। पहल का उदेश्य प्रांरभिक दौर में ही जन्मजात हृदय रोग का पता लगाना जिससे पीड़ित शिशुओं को समय पर इलाज मिल पाए। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक श्री राजेश कुमार ने स्वास्थ्य अभियान के प्रभाव पर कहा कि कंपनी अपने संयंत्र के आसपास के



समुदायों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं तक आसान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस पहल से जन्मजात बच्चों में दिल संबंधित रोगों को जल्द पहचान कर उनका निदान किया जा सकता है। बच्चे देश का भविष्य हैं उनके स्वास्थ्य देखभाल को सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है। हमारा लक्ष्य इस क्षेत्र में चिकित्सा सेवाओं को बढ़ाना है और इसके साथ दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले लोगों और समुदाय के कमजोर वर्गों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना है। डॉ. योगेश साठे ने कहा कि बालको के सहयोग से यह कार्यक्रम आयोजित हो सका जो हमार संस्थान के लिए महत्वपूर्ण है। हमारा उदेश्य सभी जरूरतमंद को निशुल्क इलाज प्रदान करना है। डॉ. योगेश ने बताया कि जन्मजात हृदय रोग का पता लगने से हम समय रहते बच्चे का ईलाज सुनिश्चित कर पाते हैं। जागरूकता और संसाधनों को बढ़ावा देने से शिशु मृत्यु दर में कमी आएगी। इस पहल से ग्रामीण क्षेत्र में विशेष हृदय देखभाल और जाँच कार्यक्रम के बेहतर स्वास्थ्य सेवा बुनियादी ढाँचे की को मजबूत किया जा सकता है। बालको की मदद से समुदाय में जन्मजात हृदय रोग संबंधित जागरूकता अभियान को बढ़ावा मिला है। सोनपुरी की सरपंच श्रीमती मीना बाई कंवर ने शिविर की सराहना करते हुए कहा कि बालको और सत्य साई अस्पताल के इस पहल ने हृदय रोग संबंधित स्वास्थ्य सेवाओं को हमारे दरवाजे तक पहुंचा दिया। शिविर से हमारे गांव के बच्चों को लाभ मिला। माता-पिता ने बच्चों को लेकर इसमें पूरा सहयोग किया। शिविर से जन्मजात हृदय रोग संबंधित जांच की व्यवस्था बहुत ही सराहनीय है।

बालको और सत्य साई अस्पताल के प्रति आभार व्यक्त करते हैं उन्होंने कहा कि आशा करते हैं कि भविष्य में इस तरह की पहल जारी रहेगी। बालको की आरोग्य परियोजना स्वास्थ्य देखभाल और समुदाय की सेवा करने पर केंद्रित है। कंपनी समुदायों के लिए स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं को बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न सामाजिक कल्याणकारी परियोजनाओं में सक्रिय रूप से शामिल रहा है। कंपनी हर 15 दिनों में दो मोबाइल स्वास्थ्य वैन भी संचालित करती है। ग्रामीण स्वास्थ्य पोस्ट, एचआईवी, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य और कुपोषण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अभियानों के माध्यम से समुदायों के लिए गुणवत्तापूर्ण प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करती है। आरोग्य परियोजना के उपचारात्मक सेवाओं के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2024 में लगभग 49000 व्यक्तियों को स्वास्थ्य लाभ मिला है।

## बनायी जाएगी ब्लाक कार्यकारिणी

**कोरबा।** दीपका व बांकीमोगरा में ब्लाक अध्यक्ष दिलीप सिंह व टीकाराम मनहरण बनाए गए है। लेकिन अभी तक कार्यकारिणी की घोषणा नही की गई है। लोकसभा चुनाव के बाद कार्यकारिणी बनाया जाना था। कार्यकारिणी बनाने के लिए विचार विर्मश किया जा रहा है।







स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com